3 | राजधानी
साल के सबसे निचले स्तर पर पहुंची यमुना

7 | न्यूज-व्यूज
परिवार कार्ड बनाने पर सरकार कर रही विचार

10 | विदेश
श्रीलंका सरकार ने देश में लागू आपातकाल हटाया

12 | स्पोर्ट्स
मुंबई ने दिल्ली को पांच विकेट से हराया



RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 193
नई दिल्ली, रविवार, 22 मई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर





फिल्म धक-धक का फिल्मांकन शुरू
राष्ट्रीय-9


www.dailypioneer.com

# पेट्रोल 9.5, डीजल 7 रुपए सस्ता

## ● प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को गैस सिलेंडर पर भी मिलेगी 200 रुपए की सब्सिडी

**भाषा।** नई दिल्ली

**ईंधन** उत्पादों की लगातार बढ़ती कीमतों से आम जनजीवन पर पड़ रहे असर को देखते हुए सरकार ने शनिवार को पेट्रोल एवं डीजल पर लगने वाले उत्पाद शुल्क में क्रमशः आठ रुपए एवं छह रुपए प्रति लीटर तक की कटौती करने की घोषणा की। उत्पाद शुल्क में की गई इस कटौती से पेट्रोल व्यावहारिक स्तर पर 9.5 रुपए प्रति लीटर तक सस्ता हो जाएगा जबकि डीजल की कीमत में प्रति लीटर सात रुपए तक की कमी हो जाएगी। ऐसा उत्पाद शुल्क की दर पर लगने वाले अन्य करों में कमी आने की वजह से होगा।

शुल्क कटौती प्रभावी होने के बाद दिल्ली में रविवार से पेट्रोल की कीमत 95.91 रुपए प्रति लीटर हो जाएगी जबकि इसकी मौजूद कीमत 105.41 रुपए प्रति लीटर है। वहीं डीजल 89.67 रुपए प्रति लीटर के भाव पर बिकने लगेगा जो अभी 96.67 रुपए प्रति लीटर की कीमत पर मिल रहा है। इसके साथ ही सरकार ने घरों में इस्तेमाल होने वाले एलपीजी सिलेंडर पर 200 रुपए प्रति सिलेंडर की सब्सिडी देने की भी घोषणा की। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को एक साल में 12 गैस सिलेंडरों पर यह सब्सिडी दी जाएगी। सब्सिडी मिलने के बाद राष्ट्रीय राजधानी में 14.2 किलोग्राम वजन वाले रसोई गैस सिलेंडर की प्रभावी कीमत घटकर 803 रुपए हो जाएगी। अभी दिल्ली में एक एलपीजी सिलेंडर 1,003 रुपए की कीमत में मिलता है। लाभार्थियों को यह सब्सिडी उनके बैंक खातों में भेजी जाएगी जिससे सिलिंडर की प्रभावी कीमत सामान्य सिलिंडर से 200 रुपए कम रहेगी। हालांकि सरकार जून, 2000 से ही गैस सिलिंडर पर कोई सब्सिडी नहीं दे रही थी। इसकी वजह से उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को भी बाजार कीमत पर ही रसोई गैस सिलिंडर खरीदना पड़ रहा था। लेकिन एक सिलिंडर की कीमत 1,000 रुपए के पार पहुंचने के बाद आम आदमी के लिए इसे खरीद पाना खासा मुश्किल हो गया था। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क घटाने और गैस सब्सिडी देने के इस फैसले की जानकारी दी।

उन्होंने माइक्रो ब्लॉगिंग मंच ट्विटर पर जारी संदेश में इन फैसलों की घोषणा की। पिछले कुछ महीनों में पेट्रोल एवं डीजल की कीमतें बढ़ने के अलावा रसोई गैस की कीमतें भी लगातार बढ़ी हैं। इसकी वजह से लोगों के बजट पर बुरा असर पड़ रहा था। इसको देखते हुए तमाम जानकार एवं विपक्षी दल ईंधन कीमतों में कटौती की मांग कर रहे थे। आर्थिक विशेषज्ञों का कहना था कि पेट्रोल एवं डीजल के दाम बढ़ाने से जरूरी चीजों का भी आवागमन महंगा हो गया है जिससे उनके दाम बढ़ गए हैं। इसका असर थोक एवं खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों में आई तेजी के रूप में भी देखने को मिला। बढ़ती महंगाई पर काबू पाने के लिए रिजर्व बैंक को भी रेपो दर ( शेष पेज 8 )



पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी की घोषणा के बीच जालंधर में ईंधन भरवाते लोग

### हमारे लिए जनता सबसे पहले: मोदी

**नई दिल्ली।** वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा ईंधन की कीमतों में बड़ी कटौती की घोषणा किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार के लिए जनता सबसे पहले है। मोदी ने ट्वीट किया, हमारे लिए हमेशा लोग पहले होते हैंउ आज के फैसले, विशेष रूप से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में महत्वपूर्ण कमी से संबंधित, विभिन्न क्षेत्रों पर सकारात्मक प्रभाव डालेंगे, हमारे लोगों को राहत प्रदान करेंगे और ईज ऑफ लिविंग को आगे बढ़ाएंगे। उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को प्रति सिलेंडर 200 रुपए की सब्सिडी देने के निर्णय पर भी प्रधानमंत्री ने प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, उज्ज्वला योजना ने करोड़ों भारतीयों, खासकर महिलाओं की मदद की है। उज्ज्वला सब्सिडी पर आज के फैसले से परिवार के बजट में काफी आसानी होगी।

# भाजपा ने पूरे देश में छिड़का केरोसिन: राहुल

## ● कांग्रेस नेता ने लंदन में कहा- अदृश्य ताकतें भारत को खोखला कर रहीं, भारत के संस्थागत ढांचे को कुचल दिया गया

## ● मीडिया पर 100 प्रतिशत नियंत्रण, भगवा पार्टी इसी कारण जीत रही चुनाव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मोदी सरकार और भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा है कि भारत की स्थिति इस समय अच्छी नहीं है। सत्ताधारी पार्टी ने पूरे देश में केरोसिन छिड़क दिया है। यही नहीं, राहुल ने विदेश सेवा के अधिकारियों की भी आलोचना की और कहा कि उन्हें यूरोपीय अधिकारियों ने बताया है कि भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों का रवैया काफी बदल गया है और वे घमंडी हो गए हैं।

लंदन में शुक्रवार को थिंक टैंक ब्रिज इंडिया द्वारा आयोजित आइडियाज फॉर इंडिया सम्मेलन के एक संवाद सत्र में गांधी ने यह सीधी टिप्पणी की। उन्होंने न केवल भाजपा सरकार की कड़ी अलोचना की, बल्कि यह भी कहा कि पाकिस्तान की तरह ही भारत में भी अदृश्य ताकतें देश को खोखला कर रही हैं। गांधी ने कहा कि देश के संस्थानों पर हमला किया जा रहा है। भारत की आत्मा पर भाजपा हमला कर रही है। बिना आवाज की आत्मा का कोई मतलब नहीं है तथा जो हुआ है, वह यह है कि भारत की आवाज को कुचल दिया गया है। गांधी ने आरोप लगाया कि भारत की आवाज को देश के संस्थागत ढांचे ने कुचल दिया है जो परजीवी होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसलिए अदृश्य ताकतें, सीबीआई, ईडी अब भारतीय राज्य को खोखला कर रही हैं जैसा कि पाकिस्तान में होता है। लंदन सम्मेलन में राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा ने पूरे देश में केरोसिन छिड़क दिया है, आपको एक चिंगारी की जरूरत है और हम बड़ी परेशानी में होंगे। हमारे देश के संस्थागत ढांचे को कुचल दिया गया है। गांधी ने यह भी कहा कि भाजपा का मीडिया पर 100 प्रतिशत और संचार तथा संस्थागत ढांचे पर व्यापक नियंत्रण है। इसी के सहारे वह चुनाव जीत रही है। वह हम उनके पास मौजूद कोष की बराबरी नहीं कर पाएंगे, हमें संचार और वित्तीय मदद के बारे में बिलकुल नए तरीके से सोचना होगा। हमें एक ऐसे संगठनात्मक ढांचे के बारे में सोचना होगा जो जनता के काफी करीब हो। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि हमें बेरोजगारी, महंगाई और क्षेत्रीय मामलों जैसे मुद्दों पर बड़े पैमाने पर जन-आंदोलन के बारे में सोचना होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इसके लिए क्षेत्रीय दलों का समर्थन मांगेगी। लंदन सम्मेलन में रूस-यूक्रेन संघर्ष के बारे में पूछे जाने पर गांधी ने कहा कि यह लद्दाख में चीन की कार्रवाई जैसा ही है।



लंदन में आइडियाज फॉर इंडिया सम्मेलन में बोलते कांग्रेस नेता राहुल गांधी

### उदयपुर में क्षेत्रीय दलों को लेकर टिप्पणी से पीछे हटे

**राहुल** ने इस मंच से क्षेत्रीय दलों की नाराजगी को भी दूर करने का प्रयास किया, जिन्हें उन्होंने उदयपुर में यह कहकर नाराज कर दिया था कि वे विचारधारा के अभाव में भाजपा का मुकाबला करने में सक्षम नहीं हैं। कांग्रेस नेता ने उदयपुर में की गई अपनी टिप्पणी से पीछे हटते हुए कहा कि उनकी पार्टी क्षेत्रीय दलों का सम्मान करती है और वह सर्वेसर्वा नहीं बनना चाहती। साथ ही, उन्होंने कहा कि भाजपा के खिलाफ लड़ाई एक सामूहिक प्रयास है। पूर्व कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि उनकी पार्टी सत्ताधारी पार्टी के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन शुरू करने और बड़े पैमाने पर लोगों तक पहुंचने के लिए क्षेत्रीय संगठनों के साथ समन्वय करेगी। गांधी ने सम्मेलन में कहा कि हमें विपक्ष में अपने दोस्तों के साथ समन्वय करना होगा। मैं कांग्रेस को सर्वेसर्वा के रूप में ( शेष पेज 8 )

### कांग्रेस नेता के बयान पर भाजपा का तीखा पलटवार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**लंदन** में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी पर केंद्र सरकार और भाजपा ने शनिवार को आपत्ति जताते हुए जोरदार पलटवार किया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राहुल गांधी के बयान की 19 सेकेंड की वीडियो क्लिप के साथ ट्वीट करते हुए लिखा कि हां, भारतीय विदेश सेवा बदल गई है। हां, वे सरकार के आदेशों का पालन करते हैं। हां, वे दूसरों के तर्कों का विरोध करते हैं। नहीं, इसे अहंकार नहीं कहा जाता है। इसे आत्मविश्वास कहा जाता है और इसे राष्ट्रीय हित की रक्षा कहा जाता है। वहीं भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कांग्रेस नेता के लंदन के उस बयान पर तीखा हमला किया जिसमें राहुल गांधी ने कहा था कि सत्तारूढ़ दल ने पूरे देश में मिट्टी का तेल फैलाने का आरोप लगाते हुए ( शेष पेज 8 )

# ज्ञानवापी में शिवलिंग को लेकर टिप्पणी, डीयू प्रोफेसर गिरफ्तार



न्यायालय में आरोपी शिक्षक को पेश करने ले जाती दिल्ली पुलिस

## ● अदालत ने 50 हजार रुपए के निजी मुचलके और इतनी ही रकम पर दी जमानत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**वाराणसी** की ज्ञानवापी मस्जिद में शिवलिंग मिलने के दावे को लेकर किये विवादित पोस्ट के मामले में साइबर पुलिस थाना ने शुक्रवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. रतन लाल को गिरफ्तार कर लिया। डॉ. लाल हिंदू कॉलेज में इतिहास पढ़ाते हैं। इस गिरफ्तारी के विरोध में देर रात को छात्रों ने साइबर पुलिस स्टेशन वे बाहर हंगामा किया और प्रोफेसर को बेकसूर बताते हुए उन्हें छोड़ने की मांग की। शनिवार को पुलिस ने प्रोफेसर को तीस हजारी कोर्ट में पेश किया। न्यायालय ने लाल 50 हजार ( शेष पेज 8 )

## ओमप्रकाश चौटाला आय से अधिक संपत्ति मामले में दोषी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**शिक्षक** भर्ती मामले में करीब एक साल बाद जेल से रिहा होने के बाद 87 वर्षीय हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला को दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को आय से अधिक संपत्ति के मामले में दोषी ठहराया है। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश विकास ढुल ने आदेश पारित करते हुए मामले में अगली सुनवाई 26 मई को तय की है। चौटाला परिवार ने इस मामले को राजनीतिक बदला बताया। चौटाला ने हरियाणा के चार बार मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। सीबीआई ने 2005 में इस संबंध में मामला दर्ज किया था और 26 मार्च, 2010 में आरोप पत्र दायर किया गया था, जिसमें चौटाला पर 1993 और 2006 के बीच 6.09 करोड़ रुपये की संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया गया जो, उनकी वैध आय से बहुत अधिक थी। जनवरी 2021 में दिल्ली की एक अदालत ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में चौटाला के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप तय किए थे। चौटाला और ( शेष पेज 8 )

# फरीदाबाद की फैक्ट्री में आग दिल्ली के तीन लोगों की मौत

## ● लिथियम बैटरी के सेल बनाने वाले कारखाने में शॉर्ट सर्किट से हादसा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हरियाणा** के फरीदाबाद में सेक्टर-37 स्थित लिथियम बैटरी के चार्जिंग सेल बनाने की एक फैक्ट्री में शनिवार को शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। आग की चपेट में आने से फैक्ट्री में काम करने वाले तीन कर्मचारियों की मौत हो गई। ये तीनों दिल्ली के रहने वाले थे। पुलिस ने फैक्ट्री मालिक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज शवों को बीके अस्पताल भिजवा कर पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है।

पुलिस के प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह ईआरवी टीम को सूचना प्राप्त हुई कि सेक्टर 37 एरिया में फैक्ट्री में आग लग गई है। अग्नि शमन दल को भी सूचित करके मौके पर बुलाया गया, लेकिन फैक्ट्री पूरी तरह जल गई। आग बुझने के पश्चात पुलिस टीम फैक्ट्री के अंदर गई, तो उसे तीन लोगों के शव प्राप्त हुए। मृतकों की पहचान दिल्ली के लाल कुआं निवासी सतवीर, सुनील तथा अंकित के रूप में हुई। पुलिस जांच में सामने आया कि यह फैक्ट्री वाहनों की लिथियम बैटरी के सेल बनाती है, जिसके मालिक का नाम अजय है। पुलिस द्वारा मामले में जांच की जा रही है।

मृतक के परिजनों की शिकायत के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों ने कहा कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मालिक के पास फायर एनओसी नहीं थी और फैक्ट्री बिना रजिस्ट्रेशन के चलाई जा रही थी। पुलिस के मुताबिक घटना शनिवार सुबह करीब 11 बजे की है। एक घंटे की मशक्कत के बाद दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया। इसके बाद पुलिस की एक टीम फैक्ट्री के अंदर गई और शवों को बरामद किया।

## जम्मू-कश्मीर सुरंग दुर्घटना में नौ और शव बरामद

**भाषा।** बनिहाल, जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** के रामबन जिले में जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक निर्माणाधीन सुरंग का हिस्सा ढहने के दो दिन बाद शनिवार को मलबे से नौ और शव बरामद किए गए ,जिससे इस दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक और लापता मजदूर की तलाश जारी है और बचाव अभियान अंतिम चरण में पहुंच गया है। इससे पहले अधिकारियों ने कहा था कि निर्माणाधीन सुरंग का एक हिस्सा परियोजना पर काम शुरू होने के तुरंत बाद ढह गया, लेकिन शनिवार को रामबन के उपायुक्त मस्सरतुल इस्लाम ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के हवाले से कहा था कि निर्माणाधीन सुरंग के मुहाने पर टी-4 तक भूस्खलन हुआ। इस्लाम ने ट्वीट किया, एनएचएआई के स्पष्टीकरण के बाद यह सूचित किया जाता है कि खूनी नाले के पास सुरंग नहीं ढहा है। बृहस्पतिवार रात को सुरंग के मुहाने पर भूस्खलन हुआ, जिसमें एक कंपनी के मजदूर काम कर रहे ( शेष पेज 8 )

# ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री मॉरिसन ने चुनाव में हार स्वीकार की

**एपी।** कैनबरा



**ऑस्ट्रेलिया** के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने शनिवार को चुनाव के बाद हार मान ली है। देश में अब अल्पमत की सरकार बनने की संभावना है। लाखों मतों की गणना अभी नहीं हुई है। इसके बावजूद मॉरिसन ने त्वरित कदम उठाया है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री अमेरिका, जापान और भारत के नेताओं के साथ तोक्यो में शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने वाले हैं। लेबर पार्टी ने 2007 के बाद पहली चुनावी जीत हासिल की है। विपक्षी नेता एंथनी अल्बानीस को प्रधानमंत्री के रूप में शपथ दिलाई जाएगी। मॉरिसन ने कहा, मेरा मानना है कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि इस देश में निश्चितता हो। मुझे लगता है कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि यह देश आगे बढ़े। उन्होंने कहा, विशेष रूप से इस सप्ताह के दौरान जो महत्वपूर्ण बैठकें हो रही हैं, मुझे लगता है कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि इस देश की सरकार के बारे में बहुत स्पष्ट समझ हो। लेबर पार्टी ने 2007 के बाद पहली चुनावी जीत हासिल की है। विपक्षी नेता एंथनी अल्बानीस को प्रधानमंत्री के रूप में शपथ दिलाई जाएगी। ऑस्ट्रेलिया में 2001 के बाद से सबसे ज्यादा महंगाई और आवासों की बढ़ती कीमतों के बीच लेबर पार्टी ने और वित्तीय सहायता तथा बेहतर सामाजिक सुरक्षा का वादा किया है। पार्टी ने न्यूनतम वेतन भी बढ़ाने का इरादा जताया है। वहीं विदेश नीति के मोर्चे पर पार्टी ने पेसिफिक डिफेंस स्कूल स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है जिसमें पड़ोसी देशों के सैनिकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। लेबर पार्टी ने 2050 तक ग्रीनहाउस गैस के उत्सर्जन में 43 प्रतिशत की कटौती के साथ जलवायु परिवर्तन के मोर्चे पर भी अपना रुख जाहिर किया है। मॉरिसन की लिबरल पार्टी के नेतृत्व वाले गठबंधन को चौथी बार तीन साल के कार्यकाल मिलने की उम्मीद थी। मॉरिसन के गठबंधन के पास 151 सदस्ईय प्रतिनिधि सभा में मामूली बहुमत है।

### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 54,326 | |
| निफ्टी | 16,266 | |
| सोना | 50,608 | /10g |
| चांदी | 61,657 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### एनआईए के डिप्टी एसपी हत्याकांड में दो को फांसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश स्तर के चिन्हित अन्तरराज्यीय माफिया गैंग के लीडर मुनीर और उसके साथी रैय्यान को कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई है। बिजनौर के थाना क्षेत्र स्योहारा के कस्बा सहसपुर के निकट तालकटोरा के पास बनी पुलिया पर एनआईए के डिप्टी एसपी तंजील अहमद व उनकी पत्नी फरजाना की दो अप्रैल 2016 को एक विवाह समारोह से लौटते समय ताबड़तोड़ गोलियाँ बरसाकर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में मुख्य आरोपी मुनीर अहमद को एवं उसके 4 साथियों को अपर जिला एवं सत्र न्यायालय द्वारा 20 मई 2022 को सुनवायी पूर्ण कर जनपद पुलिस व अभियोजन की सुदृढ़ पैरवी से 19 गवाहों के बयान व 108 साक्ष्य हाजिरी के पश्चात् मुनीर तथा रैय्यान को दोषी करार दिया था।

## केजरीवाल-अखिलेश से मिले केसीआर

**भाषा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) से मुलाकात की और देश के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। राव राष्ट्रीय स्तर के राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए सप्ताह भर के अपने दौरे के तहत दिल्ली में हैं। यादव ने यहां तुगलक रोड स्थित मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर उनसे मुलाकात की। वहीं तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल से भी मिले। राव ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार दिल्ली की तर्ज पर दक्षिणी राज्य में मॉडल स्कूल खोलेगी और जल्द ही समन्वय के लिए अधिकारियों की एक टीम भेजेगी। राव ने दिल्ली के अपने समकक्ष अरविंद केजरीवाल के साथ राष्ट्रीय राजधानी में दिल्ली के एक सरकारी स्कूल का दौरा किया, जहां अधिकारियों ने आप सरकार के तहत शहर में शिक्षा प्रणाली में बदलाव के बारे में तेलंगाना के मुख्यमंत्री को जानकारी दी। राव और उनकी पार्टी के नेताओं का मोती बाग क्षेत्र स्थित सर्वोदय विद्यालय सीनियर सेकंडरी स्कूल में केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने स्वागत किया तथा उन्हें स्कूल का दौरा कराया। प्रतिनिधिमंडल ने अन्य सुविधाओं के साथ-साथ कक्षाओं, प्रयोगशालाओं और छात्रों के खेल क्षेत्र का भी जायजा लिया।



## लापता विक्षिप्त मृत मिला, परिजनों ने बार-बार थप्पड़ मारने का वीडियो दिखाया

**भाषा।** नीमच

**मध्य** प्रदेश के नीमच जिले में एक विक्षिप्त व्यक्ति का शव मिलने के बाद उसके परिजन ने पुलिस से शिकायत की है कि एक वीडियो सामने आया है, जिसमें एक व्यक्ति द्वारा पीड़ित से उसकी पहचान पूछते हुए उसे बार-बार थप्पड़ मारा जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, मृतक भंवरलाल जैन रतलाम जिले के सरसी गांव का रहने वाला था और 15 मई को राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद लापता हो गया था। अधिकारियों ने बताया कि जैन शुक्रवार सुबह नीमच जिले के मनासा थाना क्षेत्र के रामपुरा रोड पर मृत मिला था। मध्य प्रदेश कांग्रेस ने आरोप लगाया कि वीडियो में पीड़ित को थप्पड़ मारने वाला व्यक्ति एक स्थानीय भाजपा नेता है और ( शेष पेज 8 )

# उत्तर-पश्चिम भारत में गर्मी से तीन दिन रहेगी राहत

## ● पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में अगले दो दिन छिटपुट बारिश का अनुमान

**भाषा।** नई दिल्ली

**लू से** झुलस रहे भारत के उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में अगले तीन दिन कुछ राहत की उम्मीद की जा सकती है क्योंकि एक अतिरिक्त उष्णकटिबंधीय मौसम प्रणाली से क्षेत्र में बारिश होने की संभावना है। वहीं सोमवार को तेज बारिश का अनुमान है। मौसम कार्यालय ने कहा कि जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है, जबकि पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में अगले दो दिन छिटपुट बारिश हो सकती है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अगले तीन दिनों के दौरान उत्तर पश्चिम भारत के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान में 3-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट का अनुमान जताया है और उसके बाद कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं होगा। विभाग ने कहा कि अगले तीन दिनों के दौरान जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और पूर्वी राजस्थान में कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि होने की संभावना है। ऐसे में जब उत्तर भारत में गर्मी पड़ रही है केरल और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में भारी वर्षा हुई।

इडुक्की में तोडुपुझा में 13 सेंटीमीटर, कोझीकोड (9 सेमी), एर्णाकुलम (8 सेमी), कोयंबटूर में वालपराई (8 सेमी) वर्षा हुई। भारतीय वायुसेना ने असम में राहत और बचाव कार्यों में सहायता के लिए हेलीकॉप्टर और परिवहन विमान तैनात किए हैं, जहां भारी बारिश के कारण 35 में से 29 जिले बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। असम के धुबरी में शनिवार को 10 सेंटीमीटर बारिश हुई।मौसम कार्यालय ने अगले दो दिनों के दौरान अरुणाचल प्रदेश, असम-मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में व्यापक रूप से हल्कीया मध्यम वर्षा की भविष्यवाणी की है। मौसम कार्यालय ने कहा था दक्षिण-पश्चिम मानसून के अगले सप्ताह की शुरुआत में केरल पहुंचने की उम्मीद है। मौसम विज्ञानियों ने कहा कि निचले क्षोभमंडल स्तरों में बंगाल की खाड़ी से अंडमान सागर तक एक मजबूत क्रॉस-इक्वेटोरियल प्रवाह के प्रभाव के तहत, अगले पांच दिनों के दौरान अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में व्यापक गरज चमक के साथ वर्षा होने और तेज हवाएं चलने की उम्मीद है।



रांची में हुई बरसात के बाद लोगों को भीषण गर्मी से मिली राहत

गाजियाबादनगर निगम का बजट पेश

# 1367 करोड़ से शहर में होंगे विकास कार्य

## बंजर और चरागाह की जमीन पर बनाए जाएंगे पार्क : डीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

नगर निगम की 25वीं बोर्ड बैठक शनिवार को निगम सभागार में आयोजित की गई। जिसमें वित्तीय वर्ष 2022-23 में 1367 करोड़ रुपये से विकास कार्य कराने की तैयारी की गई है। जो कि वित्तीय वर्ष 2021-22 से 267 करोड़ रुपये अधिक है। शहर में निर्माण कार्य पर 189 करोड़ रुपये, जलकल व्यवस्था पर 84 करोड़ रुपये, स्वास्थ्य विभाग पर 164 करोड़ रुपये, उद्यान पर 37 करोड़ रुपये और शिक्षा एवं खेलकूद पर 6.72 करोड़ रुपये खर्च प्रस्तावित किया गया है।




गाजियाबाद शहर में ठेकेदारों द्वारा प्रत्येक वार्ड में वित्तीय वर्ष 2021-22 में 60-60 लाख रुपये के विकास कार्य को सदन ने अनुमति दी, लेकिन कार्यादेश जारी होने के बाद भी ठेकेदारों ने अभी तक कार्य शुरू नहीं किया है। जिस पर पार्षदों ने नाराजगी व्यक्त की। आरोप लगाया कि नगर निगम जो बजट पेश करता है, वह उस पर काम नहीं करता है। यही वजह है कि ठेकेदारों को भुगतान नहीं किया गया है। आर्थिक तंगी के कारण ठेकेदार काम नहीं कर रहे हैं, जिससे शहर में विकास कार्य रुके हुए हैं। इसके परिणाम चुनाव के दौरान भुगतने पड़ेंगे।

उल्लेखनीय है कि नगर निकाय के चुनाव भी इस साल के अंत तक होने की उम्मीद है, ऐसे में पार्षद नहीं चाहते थे कि चुनावी साल में जनता की जेब पर अतिरिक्त भार पड़े। ऐसे में बोर्ड बैठक में इस प्रस्ताव पर हंगामा होने के भी आसार थे। वहीं दूसरी तरफ नगर निगम की दुकानों का किराया बढ़ाए जाने के प्रस्ताव को लेकर सदन द्वारा पूर्व में मांगी गई जानकारी भी बोर्ड बैठक के दौरान उपलब्ध कराई गई।

नगर निकायों में खाली पड़ी बंजर भूमि और चारागाह की जमीन पर पार्क और खेल के मैदान बनाए जाएंगे, इससे स्थानीय निवासियों को राहत मिलेगी। इस संबंध में कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी राकेश कुमार ने निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण से जन स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है, पर्यावरण संतुलन तथा जन स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है कि वैज्ञानिक तरीके से पार्कों एवं खेल के मैदानों का विकास किया जाए। पार्कों एवं खेल के मैदान को विकसित किए जाने के लिए जमीन को चिह्नित करने का विशेष अभियान 25 मई तक चलाया जाएगा।

## भाजपाइयों ने थाना घेरकर किया प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** भाजपा युवा मोर्चा के विजयनगर मंडल अध्यक्ष को रातभर थाने में रखने की जानकारी मिलने पर शनिवार सुबह भाजपा कार्यकर्ता विजयनगर थाने पहुंच गए। उन्होंने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध करते हुए कार्यकर्ता थाने में ही धरने पर बैठ गए। युवा मोर्चा के विजयनगर मंडल मंत्री अंकित शर्मा ने बताया कि शुक्रवार रात सूरज सेन अपनी कार से घर लौट रहे थे। इसी दौरान उनके घर के पास ही पड़ोसी सुनील टिप्पणी करने लगे तो दोनों के बीच कहासुनी हो गई। इसी दौरान सुनील के भाई ने पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले गई। भाजपाइयों का आरोप है कि पुलिस बात सुने बगैर सूरज सेन को थाने ले आई और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया। शनिवार सुबह युवा मोर्चा के कार्यकर्ता थाने पहुंच गए और थाने का घेराव करते हुए प्रदर्शन किया।

# स्टंट करते युवक का वीडियो वायरल

● आरोपी की तलाश कर रही पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा और गाजियाबाद स्टंटबाजों का शहर बनता जा रहा है। नोएडा और गाजियाबाद ट्रैफि क पुलिस लगातार ऐसे लोगों पर कार्रवाई कर रही है। उसके बावजूद भी कुछ लोग अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं। ताजा मामला नोएडा से आया है। जहां पर एक युवक पहले 2 फॉर्च्यूनर गाड़ी पर खड़ा होकर स्टंट कर रहा है और फि र एक टायर पर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चला रहा है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी के साथ वायरल हो रहा है। जिसके बाद पुलिस ने इस आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। यह पूरा मामला नोएडा के सेक्टर-113 थाना क्षेत्र अंतर्गत सोरखा गांव का है।



फॉर्च्यूनर गाड़ी पर स्टंट करते युवक का वायरल वीडियो।

सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रही है वो राजीव यादव के नाम से एक इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट की गई है। पहली वीडियो में दिख रहा है कि एक युवक 2 फॉर्च्यूनर गाड़ी के बोनट पर पांव रखकर स्टंट कर रहा है। दूसरी वीडियो में दिख रहा है कि युवक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल को एक टायर पर चला रहा है। दोनों वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने युवक की तलाश करना शुरू कर दिया है। इस युवक ने अजय देवगन स्टाइल में स्टंट करने का प्रयास किया है।

वहीं, एक फि ल्म में सलमान खान भी एक टायर पर मोटरसाइकिल चलाता है। अब पुलिस को इस नोएडा के सलमान खान और अजय देवगन की तलाश है।

## केवाईसी के नाम पर शख्स से ठगे रुपए

**गाजियाबाद।** साइबर अपराधियों ने ई वॉलेट खाता केवाईसी के नाम पर 1.10 लाख निकाल लिए। पीड़ित की शिकायत पर साइबर सेल की जांच के बाद साहिबाबाद थाने में केस दर्ज किया गया है। करहेड़ा निवासी राजकुमार ने अपनी डेढ़ लाख रुपये की एफडी समाप्त कराई थी।

बीते महीने उनके पास 18 अप्रैल को फोन आया और फोन करने वाले ने ईवॉलेट कंपनी का कर्मचारी बताते हुए उन्हें खाता अपडेट करने को कहा। इसी दौरान उन्हें झांसे में लेकर उनके खाते से जुड़ी सारी जानकारी हासिल कर ली और खाते से 1.10 लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने इसके बाद मामले की शिकायत पुलिस से की है।

# डिफॉल्टरों के आवंटन 14 दिनों में होंगे रद्द

## समीक्षा बैठक में प्राधिकरण को औद्योगिक मंत्री ने दी स्थाई फोर्स

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जिन आवंटियों की तीन या उससे अधिक किस्तें डिफ ॉल्ट हो चुकी हैं और उनको तीन नोटिसें जारी हो चुकी है, उनके आवंटन को आगामी 2 सप्ताह में निरस्त किया जाएगा। उनको और नोटिस नहीं भेजा जाएगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की समीक्षा बैठक के दौरान प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने यह निर्देश दिए हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड रूम में शनिवार शाम 4 बजे से शुरू हुई समीक्षा बैठक में मंत्री ने विभागवार समीक्षा की। प्राधिकरण के सीईओ व मेरठ मंडलायुक्त सुरेंद्र सिंह ने मंत्री के समक्ष ग्रेटर नोएडा के विकास से जुड़ी परियोजनाओं, वित्तीय स्थिति और अतिक्रमण आदि पर रिपोर्ट प्रस्तुत की।

मंत्री ने वित्तीय स्थिति की समीक्षा के दौरान कहा कि जिन आवंटियों की तीन या उससे अधिक किस्तें डिफॉल्ट हो चुकी हैं। जिनको तीन नोटिसें जारी हो चुकी हैं, उनको और नोटिस भेजने के बजाय उनका आवंटन शीघ्र निरस्त किया जाए। दो दिन में ऐसे डिफ ॉल्टरों की सूची तैयार करें और दो सप्ताह में इन सभी के आवंटन निरस्त करें।

मंत्री ने इस काम में लापरवाही करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। प्राधिकरण की जमीन पर अतिक्रमण रोकने के लिए सीईओ ने मंत्री से सेपरेट फोर्स की मांग की, जिस पर मंत्री ने हामीं भर दी है। प्राधिकरण की तरफ से शीघ्र ही प्रस्ताव भेजा जाएगा। इससे जमीन कब्जाने वालों पर तुरंत कार्रवाई करने में मदद मिलेगी। जमीन से जुड़े मसलों की कोर्ट में पैरवी करने के लिए प्राधिकरण में लीगल एडवाइजर तैनात किया जाएगा।

मंत्री ने अपने कार्य को ठीक से न कर पाने, दो से तीन बार निलंबित हो चुके कर्मचारियों और अधिकारियों को अनिवार्य सेवानिवृत्त देकर नौकरी से हटाने के निर्देश दिए।

# केदारनाथ में कुत्ते से छुआए नंदी के पैर संस्था ने युवक पर दर्ज कराया मुकदमा

● नोएडा का रहने वाला है आरोपी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

जनपद में रहने वाला एक युवक अपना कुत्ता केदारनाथ धाम लेकर पहुंचा और वहां पर अपने कुत्ते के पंजों से केदारनाथ में नंदी के पैर छुए दिए। जिसका वीडियो वायरल होने के बाद केदारनाथ धाम मंदिर समिति ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। युवक ने अपने कुत्ते के माथे पर तिलक भी लगवाया है।

मिली जानकारी के अनुसार नोएडा में रहने वाले विकास उर्फ रोहन त्यागी अपने पालतू कुत्ते नवाब को लेकर केदारनाथ धाम पहुंचे। रोहन त्यागी एक ब्लॉगर भी है। उसने कुत्ते को उठाकर उसके पंजों से नंदी के पैर छुवाए और इसका



वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में यह भी दिख रहा है कि नवाब को एक पंडित तिलक भी लगा रहा है।

इस दौरान रोहन त्यागी ने जूते पहने हुए हैं। सोशल मीडिया पर युवक और उसके कुत्ते का वीडियो देखने के बाद बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति का कहना है कि इस प्रकरण से श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। समिति ने युवक के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

## मां ने डांटा तो नाबालिग बहने घर से हुई फरार

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के चूहड़पुर गांव में रहने वाली 3 सगी बहनें अपने घर से लापता हो गईं। इस मामले में इनके परिजनों ने बीटा 2 थाने में मुकदमा पंजीकृत करवाया है। पुलिस तीनों बहनों की तलाश में जुट गई है। तीनों बहनें नबालिग हैं। पुलिस ने बताया कि चूहड़पुर गांव में रहने वाले एक व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी 14 वर्षीय, 12 वर्षीय और 8 वर्ष की तीन बेटियां बीती रात से घर से लापता हैं।

उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि तीनों बच्चियां अपने मां बाप से किसी बात को लेकर नाराज होकर उत्तर प्रदेश के बरेली जनपद गई हैं। बच्चियों की तलाश में पुलिस की कई टीमें रवाना की गई है। जल्द ही उनको बरामद कर लिया जाएगा। पुलिस का कहना है कि इस मामले में हर एंगल से जांच पड़ताल की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### दीपशिखा की पेंटिंग दुनियाभर में रही अव्वल

**नोएडा।** नोएडा में रहने वाली कक्षा आठ की छात्रा दीपशिखा जोकि अपनी पेंटिंग के लिए जानी जाती हैं। अब इनकी पेंटिंग नासा तक धूम मचा रही है। 12 वर्षीय छात्रा को पेंटिंग प्रतियोगिता में दुनियाभर में पहला स्थान प्राप्त मिला है। सेक्टर.30 स्थित डीपीएस स्कूल की कक्षा 8 की छात्रा दीपशिखा ने अपनी कलाकारी से नोएडा के साथ देश का नाम रोशन किया है। छात्रा ने नासा द्वारा आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में दुनियाभर में पहला स्थान प्राप्त किया है। छात्रा ने एक्सप्लोरिग द सोलर सिस्टम थीम पर पेंटिंग बनाई थी। 10 से 12 आयुवर्ग में दीपशिखा की पेंटिंग को सर्वश्रेष्ठ चुना गया है। इस प्रतियोगिता में तीन आयुवर्गों में पांच विषयों के तहत दुनियाभर के 33 देशों से 700 कलाकारों ने अपनी एंट्री भेजी थीं। दीपशिखा नोएडा सेक्टर.75 में रहती हैं।

### नाले में मिला युवक का शव


**नोएडा।** सेक्टर-21, 25 चौराहे के पास नाले में शनिवार सुबह युवक का शव मिला। पुलिस को मृतक के पास पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं मिले हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि राहगीरों ने सुबह करीब सात बजे सूचना दी थी कि सेक्टर 21,25 चौराहे के पास नाले में युवक का शव पड़ा है। पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकाला। युवक की उम्र करीब 25 वर्ष है। उसके पास पहचान संबंधी कोई दस्तावेज नहीं मिला है। युवक के मुंह पर चोट के निशान हैं। पुलिस का मानना है कि युवक शराब के नशे में नाले में गिर गया। इससे उसकी मौत हुई है। हालांकि, आसपास के लोगों ने युवक की हत्या की आशंका जाहिर की है। उनका कहना है कि हत्या के बाद शव को नाले में फेंका गया है। पुलिस ने मौत के सही कारण का पता लगाने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### युवक पर धारदार हथियार से हमला

**नोएडा।** सलारपुर कॉलोनी में रहने वाले युवक के साथ मामूली विवाद को लेकर चार युवकों ने मारपीट कर दी। आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल ने चार लोगों के खिलाफसेक्टर 39 थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार सेक्टर.39 थाना क्षेत्र स्थित सलारपुर कॉलोनी निवासी विशाल गुरुवार रात अपने घर से कहीं जा रहा था। बताया गया है कि इसी दौरान सलारपुर में रहने वाले फैजान, हैदर, इसराइल और औरंगजेब से उसका किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के बाद चारों ने उसके साथ मारपीट की और धारदार हथियार से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत सेक्टर.39 थाना पुलिस से की है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एटीएम कार्ड बदलकर ठगने वाले 3 धरे

**नोएडा।** कासना पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर अनपढ़ों को चूना लगाने



वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपी अनपढ़ और पहली बार एटीएम कार्ड का प्रयोग कर रहे लोगों की मदद के बहाने कार्ड बदलकर रकम निकाल लेते थे। कासना थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ल ने बताया कि आरोपियों की पहचान मनीष उर्फ मोंटी, सुमित और हरिओम निवासी बुलंदशहर के रूप में हुई है। पूछताछ में बताया कि वह एटीएम से पैसे निकालने के नाम पर लोगों की मदद करते थे। उनके एटीएम कार्ड से पैसे निकाल लेते थे। पूछताछ में पता चला है कि वे एटीएम बूथ के बाहर खड़े होकर उन लोगों का इंतजार करते थे, जिनको पैसे निकालने नहीं आते हैं। पैसे निकालने में मदद का भरोसा देते थे। मौका पाते ही एटीएम कार्ड बदलकर दूसरा कार्ड खाता धारक को दे देते थे। मदद के दौरान कार्ड इस्तेमाल करने से पहले पिन की जानकारी ले लेते थे। तीनों के पास से सात एटीएम कार्ड, 10 हजार की नगदी, एक तमंचा व चाकू मिला है। यह गिरोह एनसीआर के कई शहरों में सक्रिय था।

# पुराना फर्नीचर खरीदने के बहाने महिला डाक्टर के खाते से निकाले रुपए

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

साइबर ठग ने महिला डॉक्टर से ओएलएक्स पर पुराना फर्नीचर खरीदने के बहाने 50 हजार रुपये की ठगी कर ली। आरोपी ने डॉक्टर को क्यूआर कोड भेजकर एक रुपये भेजने की बात कही। जैसे ही महिला ने क्यूआर कोड पर क्लिक किया तो ठग ने उनका मोबाइल हैक कर खाते से 50 हजार रुपये निकाल लिए। इस संबंध में पीड़िता ने सेक्टर.113 थाने में शिकायत दी है।

सेक्टर.74 सुपरटेक केपटाउन सोसाइटी निवासी डॉक्टर साधना श्रीवास्तव ने पुलिस को शिकायत दी है कि उन्होंने कुछ समय पहले घर का पुराना फ र्नीचर बेचने के लिए ओएलएक्स पर विज्ञापन पोस्ट किया था। इस पर 19 मई को उनके मोबाइल पर एक युवक ने कॉल की। उसने कहा कि वह फर्नीचर खरीदना चाहता है। दोनों के बीच फर्नीचर का सौदा तय हो गया। कॉलर ने कहा कि वह ऑनलाइन भुगतान करेगा। वह एक क्यूआर कोड उनके मोबाइल पर भेज रहा है। इसे स्कैन करके एक रुपये भेज देना। फिर वह सारा भुगतान संबंधित नंबर पर कर देगा। महिला उसकी बातों में आ गई। जैसे ही महिला ने कोड को स्कैन किया तो उनका मोबाइल हैक हो गया। इसी बीच आरोपी ने उनके खाते से 50 हजार रुपये निकाल लिए। कुछ देर बाद ट्रांजेक्शन का मैसेज आने पर उनको ठगी का पता चला। इसके बाद पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।



भीषण गर्मी की तपिश से बचने के लिए सिर पर गमक्षा बांधकर साइकिल से जाता युवक। फोटो : अंकित यादव

# अवैध पार्किंग के लिए ट्रैफिक पुलिस ने शुरु किया अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

अगर अब आपको नोएडा और ग्रेटर नोएडा में कहीं पर भी अवैध ऑटो स्टैंड या अवैध पार्किंग दिखाई दे तो तत्काल नोएडा ट्रैफि क पुलिस द्वारा जारी किए गए नंबर पर कॉल करें। आपके ऐसा करने से नोएडा में यातायात व्यवस्था दुरुस्त होगी और शहर से अवैध पार्किंग भी हट जाएगी। इसको लेकर डीसीपी यातायात गणेश साहा ने लोगों से अपील की है कि वह नोएडा पुलिस की मदद करें और शहर को साफ-सुथरा बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दें।

गौतमबुद्धनगर के ट्रैफि क डीसीपी गणेश साहा ने बताया कि पुलिस अपने स्तर पर जिले से अवैध पार्किंग और स्टैंड हटा रही है, लेकिन जब तक आम जनता पुलिस की मदद नहीं करेगी तब तक नोएडा पुलिस अधूरी है और यह कार्रवाई पूरी नहीं हो सकती। क्योंकि शहर में कहां-कहां पर अवैध पार्किंग बनी हुई हैं। यह जानकारी शहर की जनता को भली.भांति पता है।

# रैपिड रेल स्टेशन के पास 10 गांवों में बनेंगी नई सड़क

## *लोक निर्माण विभाग ने प्रदेश सरकार को बनाकर भेजा प्रस्ताव*

● एक लाख से ज्यादा आबादी को मिलेगा फायदा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

रैपिड रेल के दुहाई और गुलधर स्टेशनों से सटे 10 गांवों की नई सड़कें बनाई जाएंगी। इन सड़कों से 35 गांवों के लोगों के लिए स्टेशन तक पहुंचने की राह आसान हो जाएगी। लोक निर्माण विभाग ने इसका प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया है।

इसमें नई बनाने के साथ सड़कों का चौड़ीकरण किया जाना भी शामिल है। शासन से हरी झंडी मिलते ही इस योजना पर काम शुरू कर दिया जाएगा। एक लाख से ज्यादा आबादी को इसका लाभ मिलेगा।

दुहाई में रैपिड रेल का डिपो भी बन रहा है। गुलधर और दुहाई से सटे गांवों में सड़कों की हालत खस्ता है। इसे देखते हुए सड़कों का जाल बिछाने की योजना तैयार की गई है। इसकी एक और वजह महायोजना 2031 है। इसमें देहात क्षेत्र के विकास पर जोर दिया गया है । इसमें अधिकांश क्षेत्र रैपिड कॉरीडोर के आसपास का है। नई सड़कें बनने से इन गांवों में जमीन के दाम भी तेजी से बढ़ सकते हैं। यहां बड़ी संख्या में कॉलोनियां काटी जा रही हैं। यहां कृषि भूमि को आवासीय में बदले जाने की योजना भी है।

इसे देखते हुए सबसे पहले सड़कों पर काम किया जा रहा है। दुहाई से साहिबाबाद तक 17 किमी लंबे प्राथमिकता खंड में रैपिड रेल का संचालन मार्च 2023 में शुरू होगा। रैपिड के दुहाई डिपो का निर्माण दुहाई, भिक्कनपुर के साथ पास के गांवों की जमीन पर हो रहा है। महायोजना 2031 में शहर की विकास योजनाओं का केंद्र मुरादनगर और मोदीनगर क्षेत्र होगा। मोदीनगर और मुरादनगर में 60 हेक्टेयर जमीन का भू उपयोग कृषि से बदलकर आवासीय किया जाएगा। ऐसे में रैपिड रेल कॉरिडोर के बराबर मुरादनगर क्षेत्र में नई आवासीय योजनाओं के आने का रास्ता भी साफ हो गया है। मुरादनगर में बड़ी संख्या में जमीन विभिन्न गांवों से सटी हुई है।

# मेट्रो डीपीआर को औद्योगिक मंत्री ने दी मंजूरी

## *सेक्टर-71 से नॉलेज पार्क-5 तक होगा कॉरिडोर का निर्माण, 9 स्टेशन बनेंगे*

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा सेक्टर-71 से ग्रेटर नोएडा स्थित नॉलेज पार्क-5 प्रस्तावित मेट्रो कॉरिडोर की डीपीआर को कैबिनेट मिनिस्टर नंद गोपाल नंदी ने मंजूरी दे दी है। अब इसकी डीपीआर केंद्र सरकार को भेज दी गई है। जिसके बाद जल्द ही इस परियोजना को गति मिल सकती है। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस प्रोजेक्ट को हरी झंडी दे दी है। यह मेट्रो प्रोजेक्ट नोएडा से ग्रेटर नोएडा जोड़ने का दूसरा चरण है। पहले चरण में नोएडा सेक्टर-71 से ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित सेक्टर-2 तक मेट्रो कॉरिडोर बनेगा और दूसरे चरण में ग्रेटर नोएडा वेस्ट सेक्टर-2 से नॉलेज पार्क-5 तक कॉरिडोर बनेगा।

इस प्रोजेक्ट के दूसरे चरण को लेकर उत्तर प्रदेश के इंडस्ट्रियल मिनिस्टर नंद गोपाल नंदी ने डीपीआर को मंजूरी दे दी है। इस प्रोजेक्ट में 2682 करोड़ रुपए खर्च होंगे। नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन की ओर से सेक्टर-71 से नालेज पार्क-5 तक प्रस्तावित मेट्रो की विस्तृत कार्ययोजना डीपीआर शासन को भेजी थी। इसे पहले ही स्वीकृति दे दी गई थी, लेकिन कुछ तकनीकी दिक्कतों की वजह से संशोधित डीपीआर तैयार की गई। इस पर मंत्री नंदी ने अपनी सहमति दे दी है। अफसरों ने बताया कि कॉरिडोर की लंबाई 14.958 किलोमीटर है और इसमें 9 स्टेशन प्रस्तावित हैं। पहले चरण का काम 3 वर्ष में पूरा किए जाने का लक्ष्य है। विभाग का आकलन है कि इससे यहां रहने वाली करीब 10 लाख आबादी को मेट्रो की सुविधा मिल जाएगी।



प्राधिकरण कार्यालय में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते औद्योगिक मंत्री नंदगोपाल नंदी।

यह कॉरिडोर नोएडा सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन से इंटरचेंज के माध्यम से जुड़ेगा। इस मामले में जानकारी देते हुए नन्द गोपाल नन्दी ने बताया कि कॉरिडोर का निर्माण दो चरणों में किया जाएगा। पहले चरण में 9.1555 किलोमीटर का काम होगा। यह सेक्टर-71 से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-2 तक होगा। इस हिस्से में पांच स्टेशन होंगे।

# सरकारी नौकरी पाने के चक्कर में युवक ने गंवाए पांच हजार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ठग ने फ र्जी आयकर विभाग का अधिकारी बनकर एक युवक से पांच हजार रुपये ठग लिये। आरोपी ने पीड़ित को आयकर विभाग में नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी की। इस संबंध में पीड़ित ने सोशल मीडिया पर पुलिस से शिकायत की है।

अनुज प्रताप सिंह नाम के एक युवक ने शनिवार को ट्विट करके आपबीती बताई। उसने बताया कि वह मूलरूप से अलीगढ़ का रहने वाला है। अनुज पिछले काफी समय से नौकरी की तलाश कर रहा था। इसी बीच उसे सोशल मीडिया से नोएडा के एक व्यक्ति का मोबाइल नंबर मिला। उसने संबंधित नंबर पर कॉल की। कॉल रिसीव करने वाले ने खुद को आयकर विभाग का अधिकारी बताया। आरोपी ने युवक से कहा कि उसकी विभाग में अच्छी जान पहचान है। आरोपी ने कहा कि वह विभाग उसकी नौकरी लगवा देगा। इस पर पीड़ित उसकी बातों में आ गया। आरोपी ने विभिन्न बहानों से युवक से पांच हजार रुपये ले लिये। इसके बाद अपना मोबाइल नंबर बंद कर लिया। जब पीड़ित ने उसके मोबाइल पर कॉल की तो वह बंद मिला। इसके बाद युवक को ठगी का पता चला।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# दिल्ली में भूमि कम, आसपास के शहरों में लगें ज्यादा पेड़

## डीडीए ने केंद्र को लिखा पत्र, पड़ोसी राज्यों में प्रतिपूरक वनीकरण की अनुमति दी जाए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रतिपूरक पौधारोपण के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण ने दिल्ली सरकार को जमीन उपलब्ध कराने में हाथ खड़े कर दिए हैं। डीडीए का कहना है कि जब उसके पास जमीन है ही नहीं तो देने का सवाल भी नहीं उठता। मुख्य सचिव को दो बार पत्र लिखने के बाद डीडीए ने अब केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय को भी पत्र लिखकर स्थिति स्पष्ट कर दी है। दिल्ली के संदर्भ में वन संरक्षण अधिनियम 1980 के दिशा निर्देशों में बदलाव करने भी अनुरोध किया है।

साथ ही यह भी कहा कि अब अगर पौधारोपण के लिए और जमीन दी जाएगी तो फिर दिल्ली से जुड़ी विकास परियोजनाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय को पत्र लिखकर राष्ट्रीय राजधानी में भूमि की कमी के मद्देनजर पड़ोसी राज्यों में शुरू की गई सभी परियोजनाओं के लिए प्रतिपूरक वनीकरण (सीए) की अनुमति देने का अनुरोध किया है। भूमि-स्वामित्व वाली एजेंसी ने कहा कि मंत्रालय को कम से कम वन संरक्षण अधिनियम के तहत जारी दिशा-निर्देशों में ढील देनी चाहिए, ताकि पड़ोसी राज्यों में निम्नीकृत वन भूमि पर केंद्र और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा कार्यान्वित परियोजनाओं के लिए प्रतिपूरक वनीकरण की अनुमति दी जा सके। पत्र में डीडीए ने वन संरक्षण अधिनियम की पुस्तिका के अध्याय 2 के पैराग्राफ 2.3 (पांच) का हवाला दिया। इस पैराग्राफ के मुताबिक असाधारण मामलों में जहां गैर-वन भूमिानिम्नीकृत वन भूमि जैसा भी मामला हो, विशेष प्रावधान हैं।

यदि उस राज्य-केंद्र शासित प्रदेश में प्रतिपूरक वनीकरण उपलब्ध नहीं कराया जाता, जहां कि वन भूमि के उपयोग में बदलाव प्रस्तावित है, तो प्रतिपूरक वनीकरण के लिए किसी अन्य राज्य-केंद्रशासित प्रदेश की भूमि की पहचान की जा सकती है, हो सके तो पड़ोसी राज्य केंद्रशासित प्रदेश में ही भूमि की पहचान की जाए। डीडीए द्वारा मंत्रालय को लिखे गए पत्र में कहा है यह प्रस्तावित है कि मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के पैरा 2.3 (पांच) में सामान्य तौर पर दिल्ली के लिए ढील दी जा सकती है और पड़ोसी राज्यों में प्रतिपूरक वनीकरण की अनुमति दी जा सकती है। वन संरक्षण अधिनियम के तहत जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, प्रयोक्ता एजेंसी की कीमत पर प्रतिपूरक वनीकरण उपयुक्त गैर-वन भूमि पर किया जाना है, जो उपयोग परिवर्तन के लिए प्रस्तावित भूमि के क्षेत्र के बराबर है। केंद्र या सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा कार्यान्वित परियोजनाओं के मामले में, निम्नीकृत भूमि पर प्रतिपूरक वनीकरण किया जा सकता है, लेकिन इस स्थिति में उपयोग परिवर्तन के लिए प्रस्तावित भूमि के दोगुने के बराबर वनीकरण करना होगा। डीडीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि दिल्ली के मास्टर प्लान के तहत मनोरंजन के लिए अधिग्रहित भूमि उपयोग के लिए 15 प्रतिशत क्षेत्र को अलग रखने का निर्णय लिया गया है, जिसके तहत सभी पार्क, हरित पट्टी और जंगलों का रखरखाव किया जाता है। उन्होंने वन सर्वेक्षण देहरादून द्वारा प्रकाशित नवीनतम वन रिपोर्ट के हवाले से कहा मनोरंजक हरित उपयोग के लिए पहचाने गए 15 प्रतिशत क्षेत्र के मुकाबले, राजधानी में कुल वन और वृक्षों का आवरण अब 23 प्रतिशत से अधिक है। मास्टर प्लान के तहत चिन्हित किए गए अधिकांश मनोरंजक हरित क्षेत्र पहले से ही वृक्षों से भरे पड़े हैं। दिल्ली के बुनियादी विकास संबंधी जरूरतों के लिए छोटे टुकड़ों में उपलब्ध अन्य खाली भूमि आवश्यक हैं।

भूमिस्वामित्त वाली एजेंसी ने यह भी कहा राष्ट्रीय राजधानी में वर्ष 1990 के बाद से कोई भूमि अधिग्रहण नहीं हुआ है। डीडीए को अब मास्टर प्लान के तहत चिह्नित किए गए हरित क्षेत्रों में से प्रतिपूरक वनरोपण के लिए भूमि की आवश्यकता को पूरा करना बहुत मुश्किल हो रहा है।

## संक्षिप्त समाचार



तेलंगाना के मुख्यमंत्री का स्वागत करते स्कूली छात्र।

### चंद्रशेखर राव ने सरकारी स्कूल का किया दौरा

**नई दिल्ली।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव और दिल्ली के उनके समकक्ष अरविंद केजरीवाल ने राजधानी के मोतीबाग इलाके स्थित सरकारी स्कूल पहुंचकर आम आदमी पार्टी (आप) सरकार द्वारा सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली में किए गए सुधारों की समीक्षा की। केजरीवाल तथा उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने राव और उनकी पार्टी के नेताओं का सर्वोदय विद्यालय उच्चतर माध्यमिक स्कूल में स्वागत किया और स्कूल का दौरा कराया। प्रतिनिधिमंडल ने अन्य सुविधाओं के साथ-साथ कक्षाओं, प्रयोगशालाओं और छात्रों के खेल क्षेत्र का भी जायजा लिया। केजरीवाल ने राव को दिल्ली में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधारों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता के कारण कई निजी स्कूलों के छात्र सरकारी स्कूलों में दाखिला ले रहे हैं। केजरीवाल ने राव से कहा, हमारे पास लगभग।,100 स्कूल हैं और उनमें लगभग 18 लाख विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। पहले यह संख्या 16 लाख थी, लेकिन अब, शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार के कारण, निजी स्कूलों के कई विद्यार्थी हमारे सरकारी स्कूलों में दाखिला ले रहे हैं।

### कालिंदी कॉलेज में अनियमितता के आरोप

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की अकादमिक परिषद के एक सदस्य ने कुलपति योगेश सिंह और कालिंदी कॉलेज के संचालन निकाय को पत्र लिखकर कॉलेज की प्राचार्य और प्रशासन पर सार्वजनिक धन के दुरुपयोग और अनियमितताओं का आरोप लगाया है। परिषद के निर्वाचित सदस्य नवीन गौड़ ने कालिंदी कॉलेज प्रशासन के कामकाज और इसकी कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर नैना हसीजा के आचरण की स्वतंत्र, निष्पक्ष और समयबद्ध तरीके से जांच कराने की मांग की।

### गाजीपुर लैंडफिल साइट पहुंचे मुख्य सचिव

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव नरेश कुमार और दिल्ली नगर निगम के विशेष अधिकारी नियक्त किए गए अश्विनी कुमार ने अधिकारियों संग शनिवसार को गाजीपुर लैंडफिल साइट और वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का दौरा किया। दौरे के दौरान मुख्य सचिव को गाज़ीपुर लैंडफिल साइट पर आग की घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए उठाए गए कदमों, निगरानी तंत्र, पुरानी कम क्षमता की मशीनों को बदलकर उच्च क्षमता वाली ट्रोमेल मशीनें (4000 मीट्रिक टन से 9000 मीट्रिक टन प्रति दिन) पुराने कचरे के जैव-खनन/जैव-उपचार के कदमों के बारे में अवगत कराया गया। मुख्य सचिव ने सभी अधिकारियों को कार्य योजना का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया और मैसर्स ईस्ट दिल्ली वेस्ट प्रोसेसिंग प्रा. लिमिटेड को जल्द से जल्द वेस्ट टू एनर्जी प्लांट को संचालित करने के निर्देश जारी किये।

### यात्री और माल क्षेत्र में बढ़ेगी गतिशीलता



आशुतोष गंगल

**नई दिल्ली।** यात्री और मालभाड़ा रेलगाड़ियों की गतिशीलता को बेहतर बनाने के लिए उत्तर रेलवे दिल्ली मंडल में गति शक्ति यूनिट की स्थापना करेगी। दिल्ली मंडल में अलग से गति शक्ति यूनिट खुलने से माननीय प्रधानमंत्री के बहुद्देशीय संपर्क के लिए राष्ट्रीय मास्टर प्लान को गति मिलेगी। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल एक बैठक में गति शक्ति योजना से जुड़े प्रमुख विभागाध्यक्ष और दिल्ली मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उपस्थित थे। उत्तर रेलवे पर सेक्शनों में यात्री रेलगाड़ियों की गति सीमा को बढ़ाया जा रहा है । हाल ही में नई दिल्ली-लुधियाना और नई दिल्ली-पलवल रेल सेक्शनों में रेलगाड़ियों की गतिसीमा को 130 किलोमीटर प्रति घंटा तक बढ़ाया गया है । 433 किलोमीटर लूप में गतिसीमा को 30 किलोमीटर प्रति घंटा तक बढ़ाने का लक्ष्य हासिल किया गया है। दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-हावड़ा राजधानी मार्गों पर सेक्शनों की गतिसीमा को 160 किलोमीटर प्रति घंटा तक करने का कार्य चल रहा है।

# कारोबारियों और स्टार्टअप के लिए आकर्षक बनेगी दिल्ली

- डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने रोजगार बजट को लेकर की समीक्षा बैठक



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कारोबारियों, पर्यटकों और स्टार्टअप के लिए राजधानी दिल्ली आकर्षक बनेगी। केजरीवाल सरकार ने इस साल की शुरुआत में एक अनूठा रोजगार बजट पेश किया। जिसमें नए नीतिगत हस्तक्षेपों के माध्यम से व्यवसायों, पर्यटकों और स्टार्टअप्स के लिए एक आकर्षक विकल्प बनाने के लिए रोजगार सृजन और पुनर्विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया। दिल्ली वालों जल्द इन पहलों से फायदा पहुंचाने के लिए उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने वरिष्ठ अधिकारियों संग समीक्षा बैठक की है।

इस बैठक में सिसोदिया ने इन नीतियों के क्रियान्वयन के बारे में कहा कि यह सुनिश्चित करना होगा कि सरकार के निर्णयों को लागू करने के सभी प्रयास एक टेबलटॉप अभ्यास न बन जाए। उन्हें अधिकतम संभव लाभ देने के लिए विभिन्न एजेंसियों और लोगों को हमारे निर्णयों में शामिल करने की आवश्यकता है। उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों से बजट नीतियों के कार्यान्वयन में तेजी लाने के संबंध में कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार दिल्ली को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि इसे एक वैश्विक शहर के रूप में अपनी वास्तविक क्षमता का अहसास हो सके। सरकार को अपनी नीतियों को तीव्र गति से लागू करने के लिए काम करना होगा, ताकि दिल्ली में अधिक से अधिक रोजगार सृजन हो सके।

दिल्ली में 20 लाख नौकरियां पैदा करने की उनकी महत्वाकांक्षी योजना तब ही सच होगी जब हम जमीनी हकीकत और चुनौतियों के साथ-साथ उपलब्ध अवसरों को समझेंगे। सिसोदिया ने कई योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। जिसमें प्रतिष्ठित बाजारों का पुनर्विकास, दिल्ली फूड हब का पुनर्विकास और दिल्ली इलेक्ट्रॉनिक सिटी आदि योजनाएं शामिल हैं।

# साल के सबसे निचले स्तर पर पहुंची यमुना

- राजधानी में जलापूर्ति की स्थिति और खराब हुई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



वजीराबाद जलाशय का जलस्तर गिरकर इस साल के सबसे निचले स्तर 668.3 फुट पर पहुंच गया है, जिसके चलते राष्ट्रीय राजधानी में जलापूर्ति की स्थिति और बदतर हो गई है।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जलाशय का सामान्य जलस्तर 674.5 फुट होता है। एक अधिकारी ने कहा, चूंकि यमुना नदी लगभग सूख चुकी है, लिहाजा हम कैरियर लाइन्ड कैनाल (सीएलसी) और दिल्ली सब ब्रांच (डीएसबी) से पानी का रुख वजीराबाद की ओर मोड़ रहे हैं। दिल्ली जल बोर्ड ने एक बयान में कहा कि उत्तरी दिल्ली, उत्तर पश्चिमी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली और दक्षिणी दिल्ली के कुछ हिस्सों में स्थिति में सुधार होने तक पानी कम दबाव के साथ उपलब्ध रहेगा। वहीं जल संकट के कारण पूर्वी दिल्ली के कई इलाकों में लोग टैंकरों का इंतजार करते रहे।

वहीं कई इलाकों में टंकी का पानी महज एक घंटे के लिए आ रहा है। बोर्ड ने मंगलवार को हरियाणा सिंचाई विभाग को एक और पत्र लिखा था जिसमें उससे "लगभग सूखी यमुना में 150 क्यूसेक अतिरिक्त पानी तत्काल छोड़ने का आग्रह किया गया था।

## कोविड-19 के 479 नए मामले, एक की मौत

**नई दिल्ली।** शनिवार को कोविड-19 के 479 नए मामले सामने आए और संक्रमण से एक मरीज की मौत हुई। दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक संक्रमण दर 2.06 प्रतिशत दर्ज की गई। कोरोना वायरस संक्रमण के इन नए मामलों के सामने आने के साथ ही दिल्ली में कोविड महामारी के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 19,03,189 हो गई, जबकि इससे मरने वालों की संख्या 26,200 पर पहुंच गई।

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, दिल्ली में बीते 24 घंटे के दौरान 23,214 नमूनों की कोविड-19 जांच की गई। इससे पहले शुक्रवार को संक्रमण के 530 नए मरीज मिले थे।

# मकान की दीवार गिरने से एक की मौत

- हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

द्वारका सेक्टर-23 इलाके में शनिवार को एक दीवार गिरने से 35 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि 10 वर्षीय एक लड़के सहित दो अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।


दमकल विभाग के अधिकारियों को अपराह्न करीब दो बजकर 18 मिनट पर द्वारका के सेक्टर-23 में बी-ब्लॉक के पोचनपुर में डीडीए फ्लैट में एक दीवार गिरने की सूचना मिली जिसके तुरंब बाद तीन दमकल गाड़ियों को मौके पर रवाना कर दिया गया। दमकल विभाग के अधिकारियों के मुताबिक एक मकान की नींव खोदते समय बगल के मकान की दीवार गिर गई, जिसमें तीन लोग घायल हो गए।

घायलों को पुलिस की गाड़ी से दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) अस्पताल ले जाया गया, जहां एक व्यक्ति की मौत हो गई। अधिकारियों के मुताबिक मृतक व्यक्ति की पहचान जगदीश (35) के रूप में हुई है जबकि हरबाई (30) और प्रमोद (10) इस हादसे में घायल हुए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर केस की जांच शुरू कर दी है।

## नए संसद भवन में लगी मामूली आग

**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली में नए संसद भवन में शनिवार दोपहर मामूली आग लग गई। निर्माण के दौरान इमारत की सुरक्षा के लिए लगाए गए कपड़े में आग लग गई। दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आग लगने की सूचना दोपहर 12 बजकर 35 मिनट पर मिली और दमकल की पांच गाड़ियों को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। संसद परिसर के अंदर मौजूद दमकल कर्मियों ने दमकल की गाड़ियों के घटनास्थल पर पहुंचने से पहले ही उस पर काबू पा लिया।

# बिहार का गैंगस्टर आजाद अली दिल्ली में गिरफ्तार



आजाद अली

- सिवान में एमएलसी चुनाव के निर्दलीय प्रत्याशी रहे रईस खान पर एके-47 से जानलेवा हमला करने का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने बिहार पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई में सिवान के रहने वाले गैंगस्टर आजाद अली शनिवार को राजघाट इलाके से गिरफ्तार किया है।

अली दिवंगत बाहुबली नेता शहाबुद्दीन का शार्प शूटर रहा है। आरोप है कि इसने इस साल चार अप्रैल को सिवान में विधान परिषद का चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी रहे रईस खान के काफिले पर एके-47 गोलियों की बौछार कर हमला किया था। कोहराम मचा देने वाली इस वारदात में एक व्यक्ति की मौत गोली लगने से हो गई थी जबकि खान के चालक समेत पांच लोग घायल हुए थे। इस मामले में शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा, आजाद अली समेत आठ लोगों के खिलाफ सिवान के सदर थाने में नामजद एफआइआर हुई थी।

वारदात के बाद से आजाद दिल्ली में छिपा बैठा था। पुलिस उपायुक्त जसमीत सिंह के अनुसार बिहार पुलिस के साथ एक संयुक्त टीम बनाकर रात करीब 11:15 बजे घेरेबंदी कर अली पकड़ लिया गया। इस दौरान इसके साथ पुलिस कर्मियों की मामूली हाथापाई भी हुई थी।

# एसडीएमसी ने शुरू की फुटबॉल अकादमी

- ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को खेलों में आगे बढ़ाना है मकसद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की पहल 'खेलो इंडिया' से प्रेरणा लेते हुए दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने नजफगढ़ क्षेत्र के डॉ. साहिब सिंह वर्मा स्टेडियम ककरौला में ग्रासरूट फुटबॉल अकादमी आरंभ की है।

इस अकादमी को का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को उत्कृष्ट खेल ढांचा उपलब्ध कराना है जिससे वहां मौजूद फुटबॉल टैलेंट निखर कर सामने आ सके। दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के विद्यालयों में छात्रों के लिए खेलों के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करते हुए दक्षिणी निगम के शिक्षा विभाग ने डॉ. साहिब सिंह वर्मा स्टेडियम ककरौला में फुटबॉल अकादमी आरंभ की है। स्पोर्ट्स सेल के अंतर्गत इस अकादमी को सुचारू रूप से चलाने के लिए 4 फुटबॉल प्रशिक्षक एवं सहायक अनुबंध आधार पर नियुक्त किए गए हैं। ये प्रोजेक्ट 4 क्लस्टर बनाकर आरंभ किया गया है। इनमें क्रमश: ककरौला, झाडौदा, पोचनपुर और सुरहेड़ा में आरंभ किया है जिसमे प्रत्येक क्लस्टर में 3 विद्यालय होंगे। अभी वर्तमान में ककरौला 1, ककरौला 2, घासीपुरा, झड़ौदा बाल, झड़ौदा कन्या, दिचाऊं बाल, दिचाऊँ कन्या, पोचनपुर बाल, पोचनपुर कन्या, विद्यालयों के बच्चे इसमें शामिल किए गए हैं। ककरौला स्टेडियम में शाम के 4 बजे से 7 बजे तक इन बच्चों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। दक्षिणी निगम की इस परियोजना के अंतर्गत नजफगढ़ क्षेत्र के लगभग 60 अध्यापकों के लिए फुटबॉल प्रशिक्षण कैम्प भी आयोजित किया गया जिससे ये सभी शिक्षक अपने अपने विद्यालय से बच्चों को चुनकर स्टेडियम तक ला सके।


पावरग्रिड

विद्युत पारेषण से जीवन संवर्द्धन




31 मार्च 2022 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए वित्तीय परिणामों का उद्धरण (₹ करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | एकल | | | | | समेकित | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष | |
| | | 31.03.2022 (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2021 (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2021 (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2022 (लेखापरीक्षित) | 31.03.2021 (लेखापरीक्षित) | 31.03.2022 (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2021 (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2021 (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2022 (लेखापरीक्षित) | 31.03.2021 (लेखापरीक्षित) |
| 1 | प्रचालन से कुल आय | 10,941.93 | 10,636.56 | 10,705.49 | 42,335.87 | 40,527.11 | 11,067.94 | 10,723.61 | 10,816.33 | 42,697.90 | 40,823.53 |
| 2 | अपवादिक मदों और कर पूर्व निवल लाभ (विनियामक स्थगन खाते में शेष में संचलन सहित (निवल कर)) | 3,671.31 | 4,211.85 | 4,142.12 | 16,045.31 | 16,103.56 | 3,764.78 | 4,178.22 | 4,258.51 | 16,289.31 | 16,579.35 |
| 3 | कर पूर्व निवल लाभ (अपवादिक मदों के बाद) (विनियामक स्थगन खाते में शेष में संचलन सहित (निवल कर)) | 4,261.24 | 4,211.85 | 4,142.12 | 19,804.82 | 15,024.92 | 4,071.14 | 4,178.22 | 4,258.51 | 19,609.64 | 15,500.71 |
| 4 | अवधि हेतु कर पश्चात् निवल लाभ | 4,320.64 | 3,349.44 | 3,515.61 | 17,093.76 | 11,935.78 | 4,156.44 | 3,292.97 | 3,526.23 | 16,824.07 | 12,036.46 |
| 5 | कर के बाद निवल लाभ और अन्य व्यापक आय को मिलाकर कुल व्यापक आय | 4,313.21 | 3,335.58 | 3,529.28 | 17,384.69 | 11,961.14 | 4,149.51 | 3,278.81 | 3,539.96 | 17,115.21 | 12,061.95 |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (शेयर का अंकित मूल्य ₹ 10/- प्रत्येक) | 6,975.45 | 6,975.45 | 5,231.59 | 6,975.45 | 5,231.59 | 6,975.45 | 6,975.45 | 5,231.59 | 6,975.45 | 5,231.59 |
| 7 | आरक्षित (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर) तुलनपत्र में दर्शाए गए रूप में | 69,176.12 | 68,699.41 | 64,347.25 | 69,176.12 | 64,347.25 | 69,271.68 | 68,995.34 | 64,704.48 | 69,271.68 | 64,704.48 |
| 8 | प्रतिभूति प्रीमियम खाता | 7,834.43 | 7,834.43 | 9,578.29 | 7,834.43 | 9,578.29 | 7,834.43 | 7,834.43 | 9,578.29 | 7,834.43 | 9,578.29 |
| 9 | निवल मूल्य | 76,151.57 | 75,674.86 | 69,578.84 | 76,151.57 | 69,578.84 | 76,247.13 | 75,970.79 | 69,936.07 | 76,247.13 | 69,936.07 |
| 10 | कुल ऋण | 1,34,665.27 | 1,34,356.45 | 1,43,051.48 | 1,34,665.27 | 1,43,051.48 | 1,34,665.27 | 1,34,356.45 | 1,43,210.33 | 1,34,665.27 | 1,43,210.33 |
| 11 | ऋण इक्विटी अनुपात | 1.77 | 1.78 | 2.06 | 1.77 | 2.06 | 1.77 | 1.77 | 2.05 | 1.77 | 2.05 |
| 12 | प्रति इक्विटी शेयर अर्जन विनियामक की स्थगन खाता शेष में संचलन सहित (प्रति शेयर मूल्य ₹10/-): मूल और तनुकृत (₹) | 6.20 | 4.80 | 5.04 | 24.51 | 17.11 | 5.96 | 4.72 | 5.06 | 24.12 | 17.26 |
| 13 | प्रति इक्विटी शेयर अर्जन विनियाकम की स्थगन खाता शेष में संचलन छोड़कर (प्रति शेयर मूल्य ₹10/-): मूल और तनुकृत (₹) | 7.10 | 4.90 | 5.57 | 25.25 | 16.54 | 6.87 | 4.82 | 5.64 | 24.88 | 16.74 |
| 14 | बॉन्ड शोधन आरक्षित | 5,532.80 | 5,881.58 | 7,387.97 | 5,532.80 | 7,387.97 | 5,532.80 | 5,881.58 | 7,387.97 | 5,532.80 | 7,387.97 |
| 15 | ऋण सेवा व्याप्ति अनुपात | 2.15 | 1.31 | 1.97 | 1.61 | 1.66 | 2.14 | 1.32 | 2.00 | 1.61 | 1.67 |
| 16 | ब्याज सेवा व्याप्ति अनुपात | 4.58 | 4.54 | 4.23 | 4.61 | 3.79 | 4.57 | 4.57 | 4.45 | 4.70 | 3.97 |

टिप्पणियां:
1. उपरोक्त विवरण, सेबी (सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 और 52 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में जमा किए गए तिमाही और समाप्त वर्ष के समेकित एवं एकल वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का उद्धरण है। तिमाही और समाप्त वर्ष के समेकित एवं एकल वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप हमारी वेबसाइट https://www.powergrid.in के निवेशक संबंध खंड में तथा बीएसई लिमिटेड एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट https://www.bseindia.com और https://www.nseindia.com के कॉर्पोरेट खंड में उपलब्ध है।
2. जहां आवश्यक है, वहां पूर्ववर्ती अवधि के आंकड़ों को पुनर्वर्गीकृत/पुनर्व्यवस्थित किया गया है।

कृते और पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की ओर से
हस्ता/-
एम. ताज मुकर्रम
निदेशक (वित्त)

स्थान : गुरुग्राम
दिनांक : 21 मई, 2022

पावरग्रिड POWERGRID

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
पंजीकृत कार्यालय : बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016
केन्द्रीय कार्यालय : "सौदामिनी", प्लॉट नंबर-2, सेक्टर-29, गुरुग्राम-122001 (हरियाणा)
सीआईएन नं. : L40101DL1989GOI038121

हमें फॉलो करें :
www.powergrid.in

एक महारत्न पीएसयू

# वजीराबाद स्कूल : सुविधाओं की मांग पर विधायक सिंगला को सौंपा पत्र

### विधायक ने शिक्षामंत्री को मांग पत्र देकर जल्द सुविधाएं देने का किया आग्रह

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गांव वजीराबाद के स्कूल में सुविधाओं की मांग पर विधायक को मांगपत्र सौंपते ग्रामीण।

**वजीराबाद** गांव के राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सुविधाएं देने की मांग को लेकर शनिवार को ग्रामीणों ने विद्यालय प्रांगण में विधायक सुधीर सिंगला को मांग पत्र सौंपा। इसके बाद वह पत्र विधायक सुधीर सिंगला ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर को सौंपा और सुविधाएं देने का आग्रह किया।

मांग पत्र में ग्रामीणों ने बताया है कि स्कूल में सफाई कर्मियों की कमी के अलावा, भवन की मरम्मत, ऑडिटोरियम का निर्माण कराया जाए। ग्रामीणों की तरफ से शिक्षा मंत्री को विधायक सुधीर सिंगला ने मांगपत्र देते हुए कहा कि विद्यार्थियों के लिए वे ये सुविधाएं उपलब्ध कराएं, ताकि उनकी पढ़ाई ठीक तरह से हो सके।

उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द ही स्कूल में सुविधाओं में इजाफा किया जाएगा, ताकि विद्यार्थी अपनी पढ़ाई बेहतरी से कर सकें। विधायक ने कहा कि शिक्षामंत्री कंवरपाल गुर्जर ने शिक्षा ढांचा मजबूत करने के लिए काफी सराहनीय कार्य किए हैं। शिक्षा का स्तर ऊंचा उठाने को अनेक योजनाओं को लागू किया गया है। विधायक ने बताया कि जल्द ही अध्यापकों की ऑनलाइन ट्रांसफर भी खुलेंगी, जिससे शिक्षक अपनी पसंद के स्टेशन पर तबादले करवा सकेंगे।

उन्होंने कहा कि एक भवन में चलने वाले पहली से बारहवीं कक्षा तक के स्कूलों को अब दूसरे स्कूलों में मर्ज किया जाएगा, ताकि वहां की मूलभूत सुविधाओं का सभी बच्चों को लाभ मिल सके। स्कूल का एक ही हेड होगा और शिक्षक रेशनेलाइज किए जाएंगे। उन्होंने सरकार द्वारा गत दिनों प्रदेश के विद्यालयों में विद्यार्थियों को दिए गए 5 लाख टैबलेट के कदम की सराहना की। ऐसा करके सरकार ने विद्यार्थियों को तकनीक से जोड़ने का काम किया है। इस अवसर पर निगम पार्षद मनीष वजीराबाद, रघुवीर प्रधान, पूर्व सरपंच हंसराज बोहरा, रामानंद, टीकाराम नंबरदार, रोशन नंबरदार, राज सिंह मुकदम, राजपाल उर्फ कालू, दीवान सिंह, सुनील मेंबर समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# हर वर्ग के लोगों को कराएंगे हरिद्वार की तीर्थ यात्रा : बोधराज सीकरी



गुरुग्राम से हरिद्वार के लिए रवाना होते बुजुर्ग।

**गुरुग्राम।** समाज सेवा के अतिरिक्त पंजाबी बिरादरी महा संगठन धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टिकौण से बुजुर्गों को शनिवार को एसी बस में हरिद्वार तीर्थ यात्रा पर लेकर गया है। इसमें कोई जातीय भेदभाव नहीं, बल्कि हर वर्ग के लोगों के लिए यह सुविधा रहेगी। हरिद्वार जाने वालों के रहने, खाने, परिवहन की सुविधा का पूरा इंतजाम महा संगठन का है।

महासंगठन के प्रधान बोधराज सीकरी और वरिष्ठ उपप्रधान ओम कथूरिया ने कहा कि हमारे कई बुजुर्ग ऐसे हैं जो आयु के इस पड़ाव में तीर्थों पर जाने में वंचित रहते हैं। इस प्रकार के आयोजन से उन्हें अपने आयु के लोगों का सानिध्य भी मिलता है और तीर्थ का सुकून भी। की सकारात्मक सोच इस प्रकार के सेवा संकल्प लेकर आ रही है। आने वाले दिनों में उनके विचाराधीन कई नए प्रोजेक्ट आने वाले हैं। उप-प्रधान अनिल कुमार इस टीम का संचालन कर रहे हैं। मुकेश नंगिया और रवि मनोचा उनका साथ दे रहे हैं। बस को हरी झंडी दिखाने वालों में राम लाल ग्रोवर महा मंत्री, कंवर भान वधवा वरिष्ठ संरक्षक, धर्मिंदर बजाज, रमेश कामरा, ओम प्रकाश ग्रोवर, सुभाष नागपल, नरिंदर कथूरिया चंद्र भान नागपाल, ओ पी बंधू, जय दयाल कुमार, वसदेव ग्रोवर आदि कई पदाधिकारी प्रातः छह बजे निश्चित स्थान पर मौजूद थे। हर हर गंगे के नारों से बस गुंजायमान हो गई थी। बुजुर्गों का जोश सराहनीय था। महिला मंडली ने यात्रा का शुभारम्भ कीर्तन से किया।

## संक्षिप्त समाचार

### गन प्वाइंट पर नकदी और ऑटो लूट ले गए बदमाश

**सोहना।** बाइक सवार तीन बदमाश चालक की कनपटी पर देशी कट्टा लगाकर नकदी और ऑटो लूट ले गए। सिटी थाना पुलिस ने ऑटो चालक की शिकायत पर नामजद तीनों बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जिला नूंह का गांव सुडाका थाना नूंह निवासी ने स्थानीय पुलिस को बताया कि वह हाल में सोहना की आईटीआई कॉलोनी में रह रहा है। अपना ऑटो सोहना से नूंह के बीच चलाता है। शुक्रवार की रात दस बजे वह गुरूग्राम मार्ग पर बना सीएनजी पंप पर गैस लेने के लिए गया था। गैस लेने के बाद जैसे ही वह अपने घर को वापस चला। कुछ दूर चलने पर अचानक से तीन नौजवान लड़के उसके ऑटो आगे आकर कूदे। उसने ऑटो रोका तो एक युवक ने अपनी पेंट की जेब से अवैध हथियार निकाला। जो उसकी कनपटी पर लगा दिया। अवैध हथियार लगाने वाले ने उसे जान से मार देने की धमकी देकर उसकी जेब से 450 रुपये लूट लिए। तीनों लड़के आपस में एक दूसरे का नाम विक्रम, दिनेश और पवन ले रहे थे। दिनेश ने विक्रम को कहा कि ऑटो को लेकर चल और मैं पवन को लेकर नजीबाबाद आ रहा हूं। सिटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने बताया कि बदमाशों की पहचान और गिरफ्तार करने के लिए टीम बना दी है।

### नागरिक अस्पताल में डॉक्टरों का टोटा, रोगी परेशान



**सोहना।** नागरिक अस्पताल की ओपीडी मात्र दो डॉक्टरों के साहरे चल रही है। ओपीडी में एक दिन में 300 से 350 रोगी उपचार के लिए आ रहे हैं। जिनमें महिलाओं की संख्या 50 से 60 फीसदी होती है। नागरिक अस्पताल में आने वाले रोगियों को उपचार के लिए एक से दो घंटा तक लाइन में लगना पड़ रहा है। ओपीडी में महिला रोग विशेष समेत मात्र दो ही डॉक्टर बैठते हैं। ओपीडी चलाने के लिए स्थानीय अस्पताल में आने वाली महिला रोग विशेष डॉक्टर भी नहीं है, लेकिन यहां आने वाले रोगियों में 50 से 60 फीसदी महिलाएं ही होती है। इस लिए 15-15 दिन के लिए महिला रोग विशेष डॉक्टर को घंघौला, भोंडसी या गुरुग्राम से बुलाया जाता है।

### सीएम भावान्तर योजना व बागवानी बीमा का लाभ उठाएं

**गुरुग्राम।** किसानों की आय में वृद्धि करने व फसल विविधीकरण के तहत लगाई गई बागवानी फसलों में होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री भावान्तर भरपाई योजना व बागवानी बीमा योजना का लाभ दिया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से जिला के बागवानी खेती करने वाले किसान फसल की खेती के दौरान व उसके उत्पादन के बाद होने वाले जोखिमों को कम कर सकते है। जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि भावांतर भरपाई योजना व बागवानी बीमा योजना बागवानी किसानों के लिए एक अभूतपूर्व योजना है। यह योजना किसानों को सब्जियों व फलों के भाव से जोखिम मुक्त कर उन्हें फसल का उचित दाम दिलाने में कारगर साबित हो रही है। श्रीयादव ने बताया की कई बार यह देखने मे आया है कि किसान जब अपनी बागवानी की फसल को मंडी में बेचने जाता है तो उसको फसल का सही दाम नहीं मिल पाता। जिससे किसान हतोत्साहित होकर फिर से पारंपरिक खेती करने का विचार करता है। ऐसे किसानों को प्रोत्साहन देने के लिए राज्य सरकार फसल में लगने वाले घाटे (नुकसान) को कम करने के लिए भावांतर भरपाई योजना के अंतर्गत मुआवजा व मूल्य के रूप में प्रोत्साहन धनराशि प्रदान करेगी। डीसी श्रीयादव ने बताया कि इस योजना के अंतगज़्त सब्जियों व मसालों पर 30000 रुपये प्रति एकड़ का बीमा किया जाएगा, जिसके लिए किसान को 750 रुपये प्रति एकड़ भुगतान करना होगा। वहीं फलों की खेती पर 1000 प्रति एकड़ का प्रीमियम देखकर किसान 40000 रुपये प्रति एकड़ का बीमा करवा सकता है। योजना का लाभ लेने के लिए उत्पादक का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर रजिस्ट्रेशन होने अनिवार्य है।

# कांग्रेस नगर निगम और निकाय चुनाव में भारी जीत हासिल करेगी : जितेन्द्र भारद्वाज

### भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्य तिथि मनाई

### कांग्रेस के सिम्बल पर उम्मीदवार उतारने से पहले कमेटियों का गठन होगा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष जितेन्द्र भारद्वाज।

**कांग्रेस** पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष जितेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस आगामी नगर निगम चुनाव में अपने उम्मीदवार उतारेगी। नगर परिषद और नगर पालिका चुनाव में सिम्बल पर उम्मीदवार उतारने से पहले कमेटियों का गठन किया जाएगा। पार्टी एकजुट है और एक रहेगी।

शनिवार को शहर की लोहिया धर्मशाला में कांग्रेस पार्टी ने भूतपूर्व स्वर्गीय प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्य तिथि मनाई। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष जितेन्द्र भारद्वाज सहित बाबूराम, वीर सिंह नंबरदार, हरिओम छौकर, पंकज भारद्वाज, सुनील कुमार प्रजापति हरियाहेडा, अमृत सिंह बागड़ी आदि मौजूद रहे। वक्ताओं ने राजीव गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें आधुनिक युग का अवतार कहा। देश को नई टेक्नालॉजी विदेश से लाकर देने वाला और देश के विकास को गति देने वाला योद्धा कहा।

इस अवसर पर पर जितेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि प्रदेश में होने वाले नगर निगम और निकाय चुनाव में सत्तारुढ़ भाजपा को उसकी ताकत का पता चल जाएगा। प्रदेशवासियों को आठ साल में पता चल गया है कि भाजपा कितना विकास कराने वली है। उन्होंने ने पार्टी प्रदेश अध्यक्ष उदयभान पर लगाए आरोप झूठे हैं। जल्द ही मानहानि की याचिका आरोप लगाने वालों के खिलाफ अदालत में खाली जाएगी। हरियाणा की जानता झूठ बोलकर सत्ता में आने वालों को सबक सिखा देगी।

# जैन बुजुर्ग की मुस्लिम मानकर हत्या भाजपा कार्यकर्ताओं की ओछी मानसिकता

### आरोपियों के खिलाफ गुरुग्राम जैन समाज ने की कड़ी कार्रवाई की मांग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



अभय जैन एडवोकेट।

**मध्यप्रदेश** के नीमच में जैन समाज के एक बुजुर्ग को मुस्लिम समझकर पीट-पीटकर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जान से मार देने की घटना की निंदा करते हुए आप कार्यकर्ता अभय जैन एडवोकेट ने कहा कि यह बीजेपी कार्यकर्ता की ओछी मानसिकता है।

देश का माहौल खराब करने का प्रयास है। भाजपा की सरकार में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा इस तरह से की जा रही बदमाशी को सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस भाजपा के कार्यकर्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे, ताकि ऐसी घटनाओं को दोहराया ना सके।

अभय जैन एडवोकेट ने कहा कि शुक्रवार 19 मई की शाम को मनासा थाना क्षेत्र में रतलाम के जावरा निवासी बुजुर्ग भंवरलाल जैन (65) की लाश मिली। वह अपने परिजनों के साथ राजस्थान के चित्तौड़ गए थे। वहां से वे गुम हो गए, क्योंकि उनकी मानसिक हालत सही नहीं थी। क्षेत्र में एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें पता चला कि मनासा निवासी दिनेश कुशवाह बुजुर्ग भंवरलाल के साथ मारपीट कर रहे हैं और उसका नाम पूछ रहे हैं।

दिनेश कुशवाह ने बुजुर्ग के साथ काफी मारपीट की, जिससे उसकी मौत हो गई। पता चला है कि आरोपी दिनेश कुशवाह भाजपा से जुड़ा है। उसने बुजुर्ग के मुस्लिम होने के शक में मारपीट की, जिससे उनकी मौत हो गई। अभय जैन ने कहा कि दिनेश कुशवाह भाजपा का कार्यकर्ता है। ऐसे में सवाल उठता है कि भाजपा अपने कार्यकर्ताओं को किस तरह की शिक्षा दे रही है। देश के युवाओं को देशहित में काम करने की बजाय वह दिगभ्रमित करके माहौल खराब कर रही है।

# फर्जी बिलों पर 15 करोड़ रुपये रिफंड देने के मामले में सीए एसोसिएशन ने किया प्रदर्शन

### सेक्टर-32 स्थित सीजीएसटी भवन के मेन गेट पर दिया धरना

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते सीए।

**केंद्रीय** वस्तु एवं सेवा कर विभाग के गुरुग्राम कार्यालय की ओर से फर्जी बिलों पर 15 करोड़ रुपये का रिफंड जारी करने के मामले और दो सीए की गिरफ्तारी को लेकर द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट आफ इंडिया के गुरुग्राम चैप्टर ने शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया। अपनी मांगों को लेकर सीए सेक्टर-32 स्थित सीजीएसटी भवन से लेकर कोर्ट तक नारे लगाते हुए पहुंचे।

प्रदर्शन कर रहे सीए के मुताबिक चार-पांच कारोबारियों ने मिलीभगत करके कुछ माह पूर्व बिना कोई कारोबार किए ही फर्जी बिलों के आधार पर 15 करोड़ रुपये का रिफंड ले लिया। इस मामले की शिकायत केंद्रीय वित्त मंत्रालय तक पहुंचाई गई। मंत्रालय के आदेशों पर विभाग ने जांच की तो यह सच्चाई सामने आई। इसके बाद कारोबारियों के कागजात को सत्यापित करने वाले सीए गौरव व सुनील के खिलाफ विभाग की ओर से केस दर्ज करवाकर गिरफ्तार करवा दिया गया। जैसे ही यह जानकारी सीए एसोसिएशन को लगी तो यहां मेदांता मेडिसिटी के सामने स्थित सीजीएसटी भवन में पहुंचे। यहां विरोध के बीच अधिकारियों द्वारा काफी सीए को एक कमरे में बंधक बनाया गया। यह आरोप लगाते हुए सीए ने कहा कि इस मामले में विभाग के अधिकारियों ने भ्रष्टाचार किया है। इतना बड़ा अमाउंट कुछ ही घंटे में जारी कर देना सवाल खड़े करता है। विवाद के बाद अधिकारियों ने जिस खाते में पैसा ट्रांसफर किया, उसे सीज कराने की बजाय सीए को फंसाने की रणनीति बनाने में लगे रहे।

इसी बीच उस खाते से सारा पैसा यानी 15 करोड़ रुपये निकाल लिए गए। सीए का काम केवल कागजात को सत्यापित करना होता है। विभाग को उन कागजों की जांच करवानी चाहिए थी। लेकिन ऐसा ना करके तुरंत 15 करोड़ रुपये ट्रांसफर कर दिए गए। द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट ऑफ इंडिया गुरुग्राम चैप्टर के चेयरमैन सीए मोहित सिघल, संजय अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, राहुल शर्मा, नवीन गर्ग, नितिन कटारिया, संदीप अग्रवाल, संगम अग्रवाल, राजीव डागर, नमन अग्रवाल, योगेश अग्रवाल और मनीष गोयल आदि का कहना है कि रिफंड जारी करने से पहले विभागीय अधिकारियों को जांच करनी चाहिए थी।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स : मलखंभ का जौहर दिखाएंगी गुरुकुल की छह छात्राएं

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### मेडल लाने के लिए ये खिलाड़ी कर रहे दिन-रात कड़ी मेहनत, अपने परिश्रम पर है भरोसा

**पंचकूला** में चार जून से शुरू हो रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2021 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए हर खिलाड़ी तैयारियों में जुटे हैं। गुरुग्राम जिला में खेलो इंडिया के प्रमोशन सेरेमनी व राहगिरी के बाद माहौल खेलमय हो गया है। इन खेलों में गुरुग्राम जिला से 37 खिलाड़ी अपना दम दिखाएंगे। इन में से ही भगवती आर्यकन्या गुरुकुल की वे छह छात्राएं हैं, जो खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2021 में होने जा रही मलखंभ प्रतियोगिता में भाग लेंगी।

गुरुकुल की ये छह छात्राएं मानसी, दिशा यादव, दीक्षा, निशा, सुनैना तथा सपना ने राज्य स्तरीय व राष्ट्रीय स्तर पर मलखम्ब प्रतियोगिताओं में भागीदारी करते हुए प्रतियोगियों को कड़ी चुनौती दी। अब ये छात्राएं खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2021 के लिए चयनित हुई हैं। इन छात्राओं ने झज्जर में आयोजित की गई स्टेट मलखंभ प्रतियोगिता तथा उज्जैन में हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप 33वी नेशनल सब जूनियर चैंपियनशिप 2020-21 में भाग लेते हुए विरोधियों को कांटे की टक्कर दी थी। गुरुकुल संचालक डॉ. रविंद्र आर्य तथा संचालिका दमयंती देवी के कुशल नेतृत्व में ये छात्राएं नियमित अभ्यास तथा कठोर शारीरिक परिश्रम कर खेलो इंडिया के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं।

**पूरे शरीर का अधिकतम व्यायाम करवाता है मलखंभ** : जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी संधू बाला ने बताया कि मलखंभ एक प्राकृतिक एवं पारंपरिक भारतीय खेल है। मलखंभ दो शब्दों से मिलकर बना है-मल्ल और खम्भ। इसे अंग्रेजी में जिम्नास्ट तथा पोल कहा जाता है। उन्होंने बताया कि मलखम्भ कम समय में पूरे शरीर का अधिकतम व्यायाम करवाता है। इसमें शरीर के प्रत्येक अंग का हाथ से पैर की उंगली तक का भी व्यायाम होता है। मलखंभ में 3 तरह के इवेंट होते हैं, जिसमें पोल मलखंभ, रोप मलखम्भ तथा हैंगिंग मलखंभ शामिल है।



गुरुग्राम में खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए अभ्यास करती गुरुकुल की छात्राएं।

मलखम्भ के फायदों के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि मलखंभ शरीर को हल्का और मजबूत करता है तथा व्यक्ति का स्टैमिना बढ़ाते हुए शरीर को फुर्तीला और दिमाग तेज बनाता है। यह एक फुल बॉडी वर्कआउट है जिसमें कई तरह की ताकत और कार्डियो एक्सरसाइज शामिल हैं। गठिया आदि रोगों में यह विशेष तौर पर लाभदायक है। इसके अलावा मधुमेह की बीमारी से ग्रसित व्यक्ति के शुगर लेवल को भी यह नियंत्रित करता है।

# स्कूलों में गर्मी की छुट्टी समय से पहले करें शिक्षा विभाग : अभिभावक

### 45 डिग्री तक पहुंचे तापमान में अभिभावक नौनिहालों को गर्मी से बचाने को दिखे चिंतित

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



भीषण गर्मी में स्कूल से घर जाते हुए मासूम बच्चे।

**आग** बरसाती गर्मी से परेशान अभिभावक प्रदेश सरकार और शिक्षा विभाग से स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित कर देने की मांग करने लगे हैं। तेज हवाओं साथ चल रही लू में मासूम बच्चों से लेकर कक्षा 12वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की हालत पैदल चलने से बीमार होने की आशंका सता रही है।

मई माह का आधा से अधिक समय बीत चुका है। वहीं 45 से 48 डिग्री तक पहुंच रहा तापमान को देख अभिभावक अपने नौनिहालों का गर्मी के मौसम से बचाने के लिए आगे आने लगे है। अभिभावक राज्य सरकार और शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां समय से पहले कर देने की मांग कर रहे है। दोपहर 12 बजे छुट्टी होने पर विद्यार्थी अपने घर जाने के लिए एक से दो किलोमीटर पैदल चल रहे हैं।

शहर राजकीय संस्कृति मॉडल सीनियर सेकेंडरी और राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में पढ़ने वाली छात्राएं दो किलोमीटर दूर पैदल चलकर स्कूल आती हैं। इसी तरह से हरंचदपुर, दौला, खेड़ला, अलीपुर, हाजिपुर, घंघौला, भोंडसी आदि गांवों में बने राजकीय स्कूलों के विद्यार्थी पैदल चलकर स्कूल आते व जाते हैं।

#### ऐसा कहते हैं अभिभावकगण

**सांप** की नंगली निवासी रणबीर का कहना है कि उनका गांव स्कूल से दो किलोमीटर दूरी पर है। वाहन उपलब्ध न होने के कारण बेटियां पैदल ही स्कूल आती व जाती हैं। राजकीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे मध्यवर्गीय व मजदूरी करने वाले अभिभावकों के है। जिनके अभिभावक आर्थिक कमजोरी के कारण अपने बच्चों को वाहनों की सुविधा नहीं दे सकते हैं। विजय का कहना है कि कक्षा 6 से 12वीं में पढ़ने वाले बच्चे हर दिन एक से डेढ किलोमीटर पैदल चल रहे हैं। ऐसे में बच्चों को हैजा व डायरिया जैसे जान लेवा बीमारी होने की पूरी-पूरी संभावनाएं हैं।

# नगर परिषद ने अवैध कॉलोनी में चलाया पीला पंजा



शनिवार को नगर परिषद द्वारा वार्ड-2 के गांव धुनेला में बनी अवैध कॉलोनियों में चलता हुआ पीला पंजा।

**सोहना।** नगर परिषद विभाग ने अवैध कॉलोनियों पर अंकुश लगाने की कवायद शुरू कर दी है। विभाग ने अभियान ने अवैध निर्माणों को चिन्हित करके उन पर पीला पंजा चलाते हुए गिराया। अवैध निर्माणों की संख्या 20 से 25 प्लाटों की चार दीवारी शामिल रहीं। शनिवार को नगर परिषद ने अपनी सीमा क्षेत्र में काटी जा रही अवैध कॉलोनियों पर शिकंजा कसना शुरु कर दिया है।

इस अवसर पर सोहना तहसील से नायब तहसलदार लछीराम बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए थे। परिषद ने अवैध कॉलोनियों के खिलाफअपना अभियान दोपहर बाद धुनेला से बेरका जाने वाले मार्ग के साथ-साथ काटी गई अवैध कॉलोनी में चलाया। इस अवसर पर म्यूनिसिपल इंजीनियर सुशील ठाकरान, म्यूनिसिपल इंजीनियर राजपाल खटाना, बिल्डिंग इंस्पेक्टर मनोज सिवाच, पटवारी सुभाष आदि मौजूद रहे। शुरू किए अभियान में परिषद अधिकारी व पुलिस जवान भी मौजूद थे। टीम के पहुंचने पर लोगों में हड़कम्प मच गया। लोग अपने निर्माणों को बचाने के लिए अपने आकाओं को फोन मिलाने लगे, किन्तु परिषद दस्ते ने किसी की भी नहीं सुनी और अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया।

> “ **अवैध** कालोनियों की परिषद क्षेत्र में किसी भी सूरत में बसने नहीं दिया जाएगा। यह अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा।
>
> **सुशील ठाकरान**
> **( एसडीओ नगर परिषद )**

# ग्लोरोड ने सेलर्स के लिए जीरो-कमीशन पेश किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

GlowRoad

**कमीशन** शून्य होने के साथ, देश भर के नए और मौजूदा विक्रेता ग्राहकों के लिए अधिक चयन ऑनलाइन लाने और अपने व्यवसाय को बढ़ाने में सक्षम होंगे। भारत की अग्रणी सोशल कॉमर्स कंपनियों में से एक ग्लोरोड ने आज नए और मौजूदा विक्रेताओं के लिए जीरो कमीशन की शुरुआत की। इसके साथ, ग्लोरोड विक्रेता अपने उत्पादों को सूचीबद्ध करने और बेचने के लिए शुल्क की चिंता किए बिना अपने अधिक उत्पादों को ऑनलाइन लाने में सक्षम होंगे।

उन्हें केवल लागू शिपिंग और लॉजिस्टिक्स सेवाओं के लिए भुगतान करना होगा। सभी श्रेणियों में जीरो कमीशन की शुरूआत से देश भर में उद्यमियों और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए अपने व्यवसाय का विस्तार करने के लिए अधिक अवसर पैदा करने में मदद मिलेगी। अधिक विक्रेताओं के अपने चयन को ऑनलाइन लाने के साथ, ग्लोरोड पर इनफ्लुएंसर को श्रेणियों में विस्तारित चयन तक पहुंच प्राप्त होगी। यह ग्लोरोड पर ऑफ़र और वॉलेट क्रेडिट के साथ संयुक्त रूप से इनफ्लुएंसर को अपना व्यवसाय कमाने और विकसित करने का अवसर प्रदान करेगा।

ग्लोरोड के संस्थापक और सीईओ कुणाल सिन्हा ने कहा, हमने भारत भर में लाखों उद्यमियों और एमएसएमई के लिए डिजिटल कॉमर्स तक पहुंच का विस्तार करने के लिए ग्लोरोड की स्थापना की। ग्लोरोड पर लिस्टिंग और बिक्री के लिए जीरो कमीशन की शुरुआत इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पूरे देश में मौजूदा और साथ ही पहली बार विक्रेताओं को पूरे भारत में विशेष रूप से टियर दो और उससे आगे के बाजारों में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

हम भारत भर में विक्रेताओं और इनफ्लुएंसर को ग्लोरोड की सेवा का लाभ उठाने में सक्षम बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जबकि ऑनलाइन खरीदारी को ईकॉमर्स के लिए नए ग्राहकों के लिए अधिक सुविधाजनक और विश्वसनीय बनाते हैं। ग्लोरोड अपने लाखों उपयोगकर्ताओं, जिसमें होम मेकर्स, युवा वयस्क, छोटे खुदरा विक्रेता और अन्य शामिल हैं, को डिजिटल उद्यमी बनने और सोशल मीडिया की शक्ति का लाभ उठाकर अपने घर या कहीं भी आराम से कमाने का साधन प्रदान करता है।

# बीके : सीएमओ के आदेशों के बाद अस्पताल में नहीं हो रही जांच

## अधिकतर जांच भी मरीजों की बाहर से रिपोर्ट नहीं आती सही

कविता। फरीदाबाद

**बादशाह** खान सिविल अस्पताल में मरीजों की परेशानियां समाप्त होने का नाम ही नहीं ले रही है। जहां एक तरफ सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता ने गत 13 मई 2022 को ही बीके अस्पताल के सभी स्वास्थ्य सेवाओं में कार्यरत चिकित्सकों और वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश जारी किए थे कि वह अस्पताल में आने वाले बीमारी से सम्बंधित जो भी जांच लिखे वह जांच जुडीसीयली ही लिखी जाए। इसके अलावा मरीजों के कार्ड पर जेनेरिक दवाईयां कैपिटल अक्षरों में लिखी होनी चाहिए। इस पत्र को जारी करने के बाद भी अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा लिखी जांच अस्पताल में हो ही नहीं रही है। ऐसा ही यहां देखने को मिल रहा है। अस्पताल में घायल, बीमार मरीजों की जांच 36 घंटे तक अस्पताल में मशीन खराब होने के कारण नहीं हो सकी। वहीं दूसरी तरफ अस्पताल में मौजूद प्रयोगशाला में भी कभी सामान की कमी तो कभी मशीन के खराब होने के कारण मरीज जांच नहीं करवा पाते है। ऐसे में उन्हें जांच करवाने के लिए बाहर जाना पड़ता है।



**36 घंटे बाद हुआ सीटी स्कैन :** बीके अस्पताल में पीपीई मोड पर चल रहे सीटी-एमआरआई सेंटर में कम दामों में मरीजों को सुविधाएं दी जा रही है। चिकित्सक क्षयरोगियों, श्वास रोगियों के अलावा घायलों का सीटी करवाने के लिए वहां भेज देते है, लेकिन गत 19 मई को सुबह मरीजों को यहां मशीन खराब होने की बात कहकर लौटा दिया गया। मरीजों से नम्बर तो ले लिया, लेकिन मरीजों को अगले दिन आने को कहा गया।

अगले दिन 20 मई की पूरा दिन मशीन खराब रही। जिस कारण मरीजों को भारी परेशानियां झेलनी पड़ी। उन्हें 21 मई को सीटी की गई। वहीं जब इस विषय में एक कर्मी ने बताया कि 20 मई की रात को 11 बजे मशीन ठीक हो गई थी। जिसके बाद 21 मई को सीटी शुरू कर दिए गए थे।

**न दवा व जांच :** बीके अस्पताल में आने वाले मरीजों के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के दावे स्वास्थ्य विभाग कर रहा है। लेकिन अस्पताल के भीतर न तो जांच की जा रही है और न औषिधालय में दवा उपलब्ध हो पाती है। वहीं चिकित्सकों द्वारा लिखी जाने वाली कई तरह की बीमारियों के जांच लिखे होते है। लेकिन अधिकांश मरीजों को यहां मशीन खराब होने की बात कहकर लौटा दिया जाता है या फिर उन्हें सामान समाप्त होने की बात कही जाती है।

# सीवरयुक्त पानी पीने से पार्क इलीट सोसायटी के 200 लोग हुए बीमार

## मेंटीनेंस कंपनी के कर्मचारी ने वॉटर टैंक में डाल दिया सीवर का पानी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



गंदा पानी पीने से बीमार हुए लोग स्वास्थ्य जांच करवाते हुए।

**ग्रेटर** फरीदाबाद की विभिन्न सोसायटियों में रहने वाले लोगों को परेशानियों का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। ग्रेटर फरीदाबाद के लोग पहले ही अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं। अब पार्क इलीट प्रीमियम सोसायटी में रहने वाले करीब 200 लोग मेंटीनेंस ठेकेदार कंपनी के कर्मचारियों की लापरवाही से बीमार हो गए। कर्मचारियों ने लापरवाही से एसटीपी का पानी वॉटर टैंक में डाल दिया था।

आरडब्ल्युए की सूचना पर खेड़ीकलां स्वास्थ्य केंद्र और अकॉर्ड अस्पताल की टीमों ने मौके पर पहुंच कर बीमार लोगों का इलाज किया गया। करीब दर्जनभर लोगों को विभिन्न अस्पतालों में दाखिल कराना पड़ा है। जिनमें बच्चों की संख्या ज्यादा है। आरडब्ल्युए की तरफ से पुलिस और प्रशासन को शिकायत दी गई है।

ग्रेटर फरीदाबाद स्थित बीपीटीपी पार्क इलीट प्रीमियम सोसायटी की आरडब्ल्युए के प्रधान अवनिंद्र तिवारी ने बताया कि सोसायटी के रख रखाव का ठेका बीपीटीपी की सहयोगी कंपनी बीपीएनएस को दिया हुआ है। इस कंपनी के कर्मचारियों ने लापरवाही बरतते हुए 18 मई को एसटीपी का वॉल गलती से वॉटर टैंक में खोल दिया। इस वॉटर टैंक से पूरी सोसायटी को पानी की आपूर्ति की जाती है। इस पानी को प्यूरीफाई कर सोसायटी के लोग पीने के साथ-साथ अन्य घरेलू कामों में इस्तेमाल करते है। गलती का पता चलते ही 19 मई को कंपनी ने वॉटर टैंक को खाली करवा कर उसकी सफाई करवा दी। इस दौरान लोगों को पानी की किल्लत झेलनी पड़ी।

20 मई को फिर से पानी की आपूर्ति शुरू कर दी गई थी। जिसके बाद बीती रात से ही लोगों के बीमार होने का सिलसिला शुरू हो गया। अवनिंद्र तिवारी का कहना है कि वाटर टैंक सही तरीके से साफ न होने की वजह से लोग उस पानी को पीकर बीमार हो रहे हैं। बीमार लोगों की संख्या बढ़ने का पता चलते ही उन्होंने प्रशासन को सूचना दे दी। जिसके बाद खेड़ीकलां स्वास्थ्य केंद्र के एसएमओ डॉ. हरजिंद्र अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पता चलने पर अकॉर्ड अस्पताल की टीम ने भी मौके पर पहुंच कर लोगों का इलाज शुरू कर दिया। इस दौरान करीब 200 से ज्यादा लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें उपचार दिया गया है। बीमार लोगों में बच्चों की संख्या करीब 30 के आसपास बताई जा रही है। करीब दर्जन भर लोगों को इलाज के लिए विभिन्न अस्पतालों में दाखिल कराया गया है।

आरडब्ल्यूए के प्रधान अवनिंद्र तिवारी ने बताया कि यह घटना मैंटीनेंस करने वाली कंपनी के कर्मचारियों की लापरवाही से हुई है। उन्होंने मामले की शिकायत जिला उपायुक्त कार्यालय को दे दी है। सोमवार को इस मामले की शिकायत पुलिस आयुक्त से की जाएगी।

# अन्नदाता किसान को हर सुविधा देना कर्त्तव्य : नागर



गांव फतेहपुर बिल्लौच में कार्यक्रम को संबोधित करते तिगांव के विधायक राजेश नागर।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**किसान** हमारा अन्नदाता है, उन्हें हर प्रकार की सुविधा देना हमारा परम कर्त्तव्य है। भाजपा की सरकारें किसान और जवान को मजबूती देकर देश के आधार को मजबूत करने का प्रयास कर रही हैं। ये बातें तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर ने कही। वह यहां फतेहपुर बिल्लौच में कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग दिल्ली जोन द्वारा आत्मनिर्भर किसान अभियान की शुरुआत अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार किसानों के हित में कार्य कर रही है। हमारे पीएम नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री महनोर लाल हमेशा कहते हैं और उनकी योजनाओं से झलकता है कि किसान देश के अन्नदाता हैं, उनके हितों का ध्यान रखना हमारा परम कर्तव्य है। उन्होंने किसान हित में अनेक योजनाओं को बनाया और उनका क्रियान्वयन भी किया जिनके द्वारा देश का किसान मजबूत हो। नागर ने कहा कि जिस देश का किसान और जवान मजबूत होता है, उस देश की ओर कोई आंख उठाकर नहीं देख सकता। नागर ने कहा कि आज हमारे देश में किसान और सीमा पर जवान देश को मजबूत बनाने का काम कर रहे हैं और भाजपा सरकारें उनका मनोबल बढ़ाने और उन्हें सुविधाएं देने में जुटे हैं। इस अवसर पर कुछ किसानों के द्वारा उन्हें आगरा कैनाल नहर के पानी के प्रदूषित होने की समस्या को बताया। जिस पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि मंत्री मूलचंद शर्मा की अगुवाई में बैठक हुई। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि जो भी आगरा कैनाल या फिर आगरा गुरूग्राम कैनाल के पानी को प्रदूषित करेगा उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# इतिहास विभाग ने आयोजित किया अतिथि व्याख्यान



बल्लभगढ़ अग्रवाल कालेज में आयोजित कार्यक्रम को संबेधित करते अतिथि डा. नेत्रपाल सिंह।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**अग्रवाल** महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान का आयोजन अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता की सद्प्रेरणा से हुआ। अतिथि व्याख्यान का विषय- बाबा साहेब अम्बेडकर थॉट्स ऑन रिप्रेजेंटेशन एंड हिज कंट्रीब्यूशन टू डेमोक्रेसी डयूरिंग नेशनल मूवमेंट रहा।

मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. नेत्रपाल सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर, इतिहास विभाग, मोतीलाल नेहरु कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय ने बेहद ज्ञानवर्धक व सारगर्भित वक्तव्य दिया। इस अतिथि व्याख्यान में महाविद्यालय के इतिहास विभाग के अनेक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। अतिथि व्याख्यान का आरंभ सरस्वती वन्दना से हुआ । सर्वप्रथम अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दीं। कहा कि सारी दुनिया आमतौर पर उन्हें या तो भारतीय संविधान के निर्माण में अहम भूमिका के नाते याद करती है या फिर भेदभाव वाली जाति व्यवस्था की प्रखर आलोचना करने और सामाजिक गैरबराबरी के खिलाफ आवाज उठाने वाले योद्धा के तौर पर, इन दोनों ही रूपों में डा. अंबेडकर की बेमिसाल भूमिका को कम करके नहीं आंका जा सकता है। मुख्य वक्ता डॉ. नेत्रपाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बाबासाहेब अम्बेडकर ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में लोकतंत्र की नींव मजबूत कर, सदियों पुरानी अनेक रूढ़िवादी अन्यायपूर्ण परम्पराओं को तोड़ने का साहस किया।

# हरियाणा की देश में सबसे बेहतर खेल नीति

## विश्व में प्रदेश के खिलाड़ी मेडल जीत कर देश का नाम रोशन कर रहे : नयन पाल रावत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



फुटबाल टीम के संग पदाधिकारी।

**हरियाणा** वेयरहाउस के चेयरमैन एवं पृथला से विधायक नयनपाल रावत गत सायं स्थानीय सेक्टर-12 स्थित तीन दिवसीय सांसद खेल महोत्सव मे मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे। हरियाणा वेयरहाउस के चेयरमैन एवं पृथला से विधायक नयनपाल रावत ने कहा है कि हरियाणा की देश में सबसे बेहतर खेल नीति है। इसी की बदौलत से विश्व में प्रदेश के खिलाडी मेडल जीत देश का नाम रोशन रोशन कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की ही देन है कि आज विश्व स्तर के खेलों में पूरे भारत में हरियाणा प्रदेश के युवा सबसे ज्यादा मेडल लेकर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि वहीं कांग्रेस की सरकारों ने केवल अपने रिश्तेदारों और परिजनों को ही बढ़ाने का काम किया था। लेकिन प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की निति को क्रियान्वित करके सभी को एक समान लेकर चल रहे हैं। विधायक नयन पाल रावत सेक्टर-12 स्थित सांसद खेल प्रतियोगिता में कबड्डी मैथ का शुभारंभ करने के बाद उपस्थित खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों के लिए विशेष सुविधाएं दी हैं। इसीलिए प्रदेश के खिलाड़ी आज देश और विदेश में हरियाणा का नाम रोशन कर रहे हैं। ऐसे खेल आयोजनों से ना केवल भाईचारा बढ़ता है। बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में छुपी हुई प्रतिभाएं भी अपना जौहर दिखाते हैं। यहां पहुंचने पर डीसी जितेंद्र यादव और एसडीएम त्रिलोक चंद ने उनका स्वागत किया। सांसद खेल महोत्सव के दूसरे दिन आज शनिवार को सर्कल कबड्डी में पाली वर्सिज कला मंदिर स्कूल के बीच हुआ इसमें 22 -12 अंक के मुकाबले पाली 10 अकों से जीती। मंडनाका वर्सिज डाडका 20-9 अंक के मुकाबले मंडनाका ने 11 अंकों से जीत दर्ज की। मोह्बताबाद वर्सिज स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स धनराज 27-14 अंकों के मुकाबले मोह्बताबाद 13 अंकों से जीती। वहीं अल्लीपुर वर्सिज पाखल में पाखल 21 अंकों से जीती। चांद वर्सिज तरुण पब्लिक स्कूल 13-06 अंकों के मुकाबले चांद 07 अंकों, सौंध वर्सिज बदरपुर सैद 19-10 अंकों के मुकाबले बदरपुर सैद 29 अकों से जीता। टग आफ वार पुरूष वर्ग में पहला क्वार्टर फाइनल देशराज खेड़ी वर्सिज दुधोला जिसमें दुधोला की टीम विनर रही। दूसरा क्वार्टर फाइनल एमएचसी-2 वर्सिज एमराल्ड कान्वेंट के बीच हुआ जिसमें की एमएचसी-2 विनर रही।

# रोजगार विषय पर वेबिनार का आयोजन

**फरीदाबाद।** सेक्टर-16ए स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय के सांइस विभाग द्वारा राजकीय कन्या उच्च विद्यालय ओल्ड फरीदाबाद के सांइस विषय की 10वीं, 11वीं एवं 12वीं कक्षा की छात्राओं को उच्चतर शिक्षा के लिए साइंस विषय को अपनाने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक वेबिनार का आयोजन किया गया। इस वेबिनार में तीनों कक्षाओं की 100 से अधिक छात्राओं ने हिस्सा लिया। जिसमें केमिस्ट्री विषय की सहायक प्रोफेसर चंचल ने छात्राओं को सांइस में रोजगार के अवसरों से अवगत कराया।

प्राचार्या डा. सुनिधि ने कहा कि छात्राओं को उच्चतर शिक्षा के लिए विषयो की समझ नहीं होती है। जिससे उन्हें अपनी पसंद एव योग्यता अनुसार विषय का चयन करने में परेशानी होती है, लेकिन इस प्रकार के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को समय रहते अपनी दिशा निधारिंत करने का अवसर मिल जाता है। उन्होंने कहा कि विज्ञान से ही देश व समाज की तरक्की संभव है। इसलिए इस क्षेत्र में रोजगार के अवसरों की कोई कमी नहीं है। लेकिन जीवन में कामयाबी के लिए मेहनत करना जरूरी है। इस मौके पर मोनिका, डा. वर्षा शर्मा, पूनम शर्मा, चंचल शर्मा, संध्या मंगला व अनुज मौजूद रहे।

# राहगीरी कार्यक्रम आज, मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री मूलचंद होंगे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



खेलो इंडिया राहगीरी कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते डीसी।

**उपायुक्त** जितेंद्र यादव ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव श्रृंखला में खेलो इंडिया यूथ गेम्स के चौथे सीजन के तहत सोमवार 23 मई को खेल परिसर सेक्टर-12 में शाम 5 बजे राहगीरी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शिरकत करेंगे व जिला के विधायकगण विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे।

उपायुक्त जितेंद्र यादव ने यह जानकारी शनिवार को लघु सचिवालय में खेलो इंडिया राहगिरी के आयोजन को लेकर हुई बैठक में दी। बैठक में जिला खेल अधिकारी अनीता भाटिया व जिला प्रशिक्षण अधिकारी जितिन शर्मा सहित अन्य अधिकारी मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि राहगीरी में धाकड़ ओन व्हील्स व खेलों इंडिया यूथ गेम्स के मस्कट जया और विजय भी मशाल के साथ पहुंचेंगे। फरीदाबाद जिला में खेलों इंडिया यूथ गेम्स की मशाल का राष्ट्रीय राज मार्ग-19 के गदपुरी टोल पर भव्य एवं गरिमापूर्ण तरीके से स्वागत किया जाएगा। यह मशाल सीकरी, बल्लभगढ़, बाटा होती हुई आजरौन्दा यू-टर्न से सेक्टर-12 व सेक्टर-15 के रोड़ से होती हुई खेल परिसर में पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि राहगीरी कार्यक्रम में जिलावासियों विशेषकर युवाओं व खिलाड़ियों की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। संबंधित विभाग व अधिकारी अभी से ही राहगीरी की तैयारियों में जुट जाएं।

# भाजपा विधि प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी घोषित

**फरीदाबाद।** भाजपा जिला कार्यालय पर जिला भाजपा विधि प्रकोष्ठ फरीदाबाद की एक बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता गोपाल शर्मा जिलाध्यक्ष भाजपा फरीदाबाद ने की।

इस बैठक का आयोजन विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजकुमार तंवर ने किया राजकुमार तंवर ने बताया कि इस बैठक में विधि प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी की घोषणा रणवीर सिंह ढाका (प्रदेश संयोजक विधि प्रकोष्ठ भाजपा हरियाणा) व गोपाल शर्मा के दिशा-निर्देश अनुसार की गई। जिसमें विपिन यादव ,उमा सिंह व अमित कालड़ा को जिला सह-संयोजक, दिनेश तोमर को मीडिया जिला संयोजक, लक्ष्यवर्धन व अरुण कटोच को मीडिया सह-संयोजक बनाया गया इसके अलावा 65 सदस्यों को जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

# आतंकवाद विरोधी दिवस पर पुलिस कर्मियों ने ली शपथ



सेक्टर-21 सी पुलिस कमिश्नर कार्यालय पर आतंकवाद विरोधी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों को शपथ दिलवाते पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोडा।

**फरीदाबाद।** सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 21 मई को सरकारी कार्यालयों में आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाने के फल स्वरुप पुलिस आयुक्त कार्यालय में आतंकवाद विरोधी दिवस मनाते हुए आतंकवाद और समाज सुरक्षा को लेकर पुलिस आयुक्त और कार्यालय की पुलिस कर्मियों ने मिलकर शपथ ली है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस आयुक्त कार्यालय में आतंकवाद के खिलाफ शपथ में पुलिस आयुक्त, एसीपी हेड क्वार्टर और सभी ब्रांच इंचार्ज के साथ सभी पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। 21 मई को सरकारी अवकाश होने के कारण पुलिस आयुक्त कार्यालय में शुक्रवार के दिन ही सभी पुलिसकर्मियों ने आतंकवाद के खिलाफ शपथ ली। पुलिस आयुक्त ने कहां की निष्पक्ष निष्ठा से काम करें। किसी को दबाना या दबना भी आतंकवाद की श्रेणी में आता है। हमें हमारा संविधान अपनी सुरक्षा और अपने अधिकार रक्षा का अधिकार देता है।

# संक्षिप्त समाचार

## डालसा ने लगाया कानूनी जागरुकता शिविर



**फरीदाबाद।** सीजेएम एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायाधीश कुणाल गर्ग के मार्गदर्शन में लोगों को विभिन्न स्तर पर जागरुक किया गया। न्यायाधीश कुणाल गर्ग ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम ने हेल्प डेस्क को संभाला और घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा के बारे में कानूनी जागरूकता, महिलाओं के खिलाफ अपराध और स्वास्थ्य अधिकार, महिला गिरफ्तारियां, बंदी पर आधारित लोगों को कानूनी जानकारी दी गई। सीजेएम कुणाल गर्ग ने बताया कि मध्यस्थता के लाभ, पीड़ित मुआवजा योजना,माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का रखरखाव और कल्याण, मौलिक अधिकार और मौलिक कर्तव्य पर आधारित मुकेश कॉलोनी और मिनी सचिवालय सेक्टर-12 में लोगों को कानूनी स्तर पर जागरूक किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से 140 लोग लाभान्वित हुए। जहां पर पैनल अधिवक्ता सुषमा आधाना और दिव्य भारती, ज्योति सक्षम युवा शामिल थे।

## पांच राशन डिपो के लाइसेंस किए निलंबित

**फरीदाबाद।** राशन डिपो पर हर कार्डधारक को पूरा राशन दिया जाए। इसके लिए खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम औचक निरीक्षण कर रही है। हाल ही में विभाग के नियंत्रक विशाल सहरावत की अगुवाई में टीम ने बल्लभगढ़ जोन के 12 डिपो की चेकिंग की। इनमें से पांच में अधिक अनियमितताएं मिली। इनके लाइसेंस निलंबित कर दिए गए। सात डिपो धारकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया। संतोषजनक जवाब न आने पर कार्रवाई की जाएगी। नियंत्रक ने बताया कि उनका चेकिंग अभियान जारी रहेगा। हर कार्डधारक को पूरा राशन सुनिश्चित किया जाना है। इस मामले में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो भी लापरवाही बरतेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि अन्य प्राथमिक परिवार और बीपीएल को हर महीने प्रति सदस्य को पांच किलोग्राम किया जाता है। यह दो रुपये किलोग्राम की दर से दिया जाता है। अंतोदय राशन कार्ड धारक को प्रति कार्ड 35 किलोग्राम गेहूं दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत बीपीएल, एएवाई व ओपीएच कार्ड पर पांच किलोग्राम गेंहू प्रति व्यक्ति मुफ्त दिया जा रहा है। बीपीएल व एएवाई कार्डो पर चीनी व नमक एक किलोग्राम प्रति कार्ड वितरित किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार सितंबर तक प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत लाभार्थियों को गेहूं फ्री दिया जाएगा।

## एनसीसी को वैकल्पिक विषय बनाने पर जोर

**फरीदाबाद।** मेजर जनरल राजीव छिब्बर (सेना मेडल) एवं एडीजी हरियाणा ने डीएवी कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने हरियाणा नेवल यूनिट के अंतर्गत आने वाले सभी स्कूल और कॉलेजों के एएनओ और सीटीओ को संबोधित किया। प्रशिक्षण के दौरान संस्थाओं के सामने आने वाली चुनौतियों और एनसीसी की गतिविधियों को मजबूत करने पर विचार विमर्श किया गया राष्ट्रीय शिक्षा नीति में एनसीसी को वैकल्पिक विषय के रूप में चुनने के विकल्प पर भी चर्चा हुई। स्कूलों और कॉलेजों में एनसीसी की मांग दिन-ब-दिन बढ़ रही है और वह साझा करते हैं कि सरकार इस मामले से अवगत है और अधिक से अधिक छात्रों को एनसीसी से जोड़ने के लिए कुछ नए तरीकों के बारे में सरकार के द्वारा उठाए जा रहे कदमों के बारे में बताया। इस अवसर पर हरियाणा नेवल यूनिट के कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन विवेक कुमार और कॉलेज की प्राचार्या डॉ सविता भगत भी उपस्थित रही। यह कार्यक्रम कैप्टन सुनीता डूडेजा, असोसिएट एनसीसी ऑफिसर और ईएच अंसारी के दिशा निर्देशन में हुआ।

## एमपीएल नेशनल स्कूल चैस चैंपियनशिप



**फरीदाबाद।** आल इंडिया चैस फेडरेशन द्वारा एमपीएल नेशनल स्कूल चैस चैंपियनशिप-2022, 16 मई से 20 मई को उड़ीसा में इंडोर स्टेडियम में आयोजित के गई। इसमें फरीदाबाद से सिद्धांत राणा ने ग्रुप 7 बॉयज में पार्टिसिपेट किया था। खुशी की बात यह है की सिद्धांत राणा ने 9 प्वॉइंट्स बनाये और कोई भी मैच नहीं हारा। अंडर 7 बॉयज में नेशनल चैंपियन बनकर फरीदाबाद का नाम रोशन किया। चैस एसोसिएशन फरीदाबाद के सचिव डीएस सूरी ने सिद्धांत राणा के लाजवाब कामयाबी पर चैस एसोसिएशन फरीदाबाद एंड डिस्ट्रिक्ट ओलिंपिक एसोसिएशन की तरफ से सिद्धांत राणा, सिद्धांत के माता पिता और कोच सुनील सर को बधाई दीं। सूरी ने बताया चैस एसोसिएशन फरीदाबाद सिद्धांत को आने वाले टूर्नामेंट में एसोसिएशन फरीदाबाद की तरफ से सम्मानित करेगी और डिस्ट्रिक्ट ओलिंपिक एसोसिएशन की तरफ से भी सम्मानित करवाएगी और वहीं दूसरी तरफ फरीदाबाद से राधिका शर्मा ने ग्रुप 17 गर्ल्स में 11वां नंबर हासिल किया चैस एसोसिएशन ने सिद्धांत राणा और राधिका शर्मा को उनकी कामयाबी पर बहुत-बहुत बधाई दीं।

## गर्मी में गर्भवतियों को सावधानी बरतनी जरूरी : डॉ. दिव्या



**फरीदाबाद।** प्रचंड गर्मी में तेज धूप से लोगों की हालत खराब है। औसत तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से भी अधिक है। जो पिछले पांच वर्षों में सबसे अधिक है। अत्यधिक गर्मी के कुप्रभाव महिलाओं खासकर गर्भवतियों में देखने को मिल रही है। गर्मी से सिर दर्द, चक्कर, मितली, उल्टी और भूख की कमी आदि तरह-तरह की दिक्कत होती है। ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड हॉस्पिटल की वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. दिव्या कुमार ने कहा कि गर्मियों में गृहणियों और कामकाजी महिलाओं में यूटीआई (मूत्र संक्रमण) के अधिक मामले देखने को मिल रहे हैं। यूटीआई के मामलों में भी वृद्धि हुई है, जिसमें रोजाना 5 या 7 मरीज आ रहे हैं। गर्मियों में पसीने के कारण पानी की भारी कमी हो जाती है।इससे डिहाइड्रेशन हो सकता है। ऐसे में जरूरी है कि गर्भवती महिलाए धूप से बचें। यात्रा से भी परहेज करें । अगर घर से बाहर निकले तो पानी की बोतल हमेशा साथ रखे। त्वचा की देखभाल लिए सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। फल जैसे खीरा, ककरी तरबूज-खरबूजा अपने भोजन में जरूर शामिल करें। पेय पदार्थ जैसे शिकंजी, नारियल पानी, छाछ लस्सी इत्यादि का सेवन करें। एकॉर्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की डॉक्टर दिव्या कुमार ने बताया कि हल्का सुपाच्य भोजन लेने से पेट में जलन व गैस से बचा जा सकता है। गर्मी और डीहायड्रेशन से बचाव के लिए पंखा, एसी, कूलर में रहें। गर्भावस्था में अगर अत्यधिक उल्टियां हो तो अपने डॉक्टर की सलाह अवश्य लें। अपनी जांचे समय से कराएं।

## सुरक्षा को लेकर पुलिस और व्यापारियों की बैठक

**फरीदाबाद।** डीसीपी बल्लभगढ़ कुशल पाल के निर्देश पर कार्य करते हुए आज थाना तिगांव प्रबंधक सब इंस्पेक्टर अशोक कुमार ने व्यापार मण्डल व स्थानीय लोगों के साथ सुरक्षा को लेकर की मीटिंग की हैं। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना प्रबंधक ने तिगांव मार्केट के प्रधान, दुकानदार, व गणमान्य व्यक्तियों के साथ सुरक्षा को लेकर मीटिंग की है। जिसमें साइबर अपराध, ट्रैफिक नियमों, यातायात के नियमों, किरायेदारों, नौकरों व घरेलू सहायिका की पुलिस वैरिफिकेशन के बारे में, दुकानों में सीसीटीवी कैमरा लगवाने बारे बतलाया गया। समाज में अपराधिक गतिविधियों मे संलिप्त असामाजिक तत्वों की सूचना पुलिस को देने के लिए कहा। मीटिंग में भाग लेने वाले सभी लोगों ने समाज में अपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण पाने में पुलिस के सहयोगी बनकर काम करेंगे। मीटिंग में मौजूद लोगों ने अशोक कुमार थाना प्रबंधक तिगांव की खनन रोकने एवं अपराधिक गतिविधियां पर अंकुश लगाने और सराहनीय कार्य करने पर उनकी प्रशंसा की।

# दो वाहनों की टक्कर में पति-पत्नी समेत छह की मौत

## बलरामपुर में हुआ हादसा, बहराइच में टेंपो ट्रैवलर और टैंकर की टक्कर में महिला समेत तीन नेपालियों की जान गई

**भाषा।** बलरामपुर/बहराइच

**जिले** के तुलसीपुर- बढ़नी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बारातियों को ले जा रही एक जीप और ट्रैक्टर ट्राली की आमने सामने की टक्कर में पति-पत्नी सहित छह लोगों की मौत हो गई। उधर, बहराइच जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-बहराइच राजमार्ग पर शनिवार सुबह एक टेंपो ट्रैवलर और पेट्रोल टैंकर के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में एक महिला समेत तीन नेपाली नागरिकों की मौत हो गई, जबकि 11 अन्य घायल हो गए।

बलरामपुर के पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि शुक्रवार रात लक्ष्मणपुर से एक बारात गैसड़ी थाना क्षेत्र के भगवानपुर जा रही थी, तभी गनवरिया तिराहे के पास ट्रैक्टर ट्राली और बारातियों को ले जा रही जीप के बीच भीषण टक्कर हो गई। उन्होंने बताया कि पीछे से आ रहा एक अन्य वाहन भी जीप से भिड़ गया। इस हादसे में बसंत (32), पत्नी अमृता (28), लक्ष्मण (40), वादी (35) और शादाब (26) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अंकित (13) ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में घायल हुए शिव प्रसाद (52), दुर्गा प्रसाद (26) को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है वहीं उमेश (13) को लखनऊरेफर कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कार्वाई की जा रही है। उधर, बहराइच जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-बहराइच राजमार्ग पर शनिवार सुबह एक टेंपो ट्रैवलर और पेट्रोल टैंकर के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में एक महिला समेत तीन नेपाली नागरिकों की मौत हो गई, जबकि 11 अन्य घायल हो गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घायलों में से चार की हालत गंभीर बनी हुई है। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) कुंवर ज्ञानंजय सिंह के मुताबिक, बहराइच-लखनऊ राजमार्ग पर देहात कोतवाली क्षेत्र में बंजारी मोड़ के पास सुबह छह बजे लखनऊ की तरफ से नेपाल जा रहे एक टेंपो ट्रैवलर की सामने से आ रहे पेट्रोल टैंकर से भीषण टक्कर हो गई।

उन्होंने बताया कि हादसे में टेंपो ट्रैवलर में सवार तीन नेपाली नागरिकों, अजय (40), राधा (48) और भरत थापा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 11 लोग घायल हो गए। सिंह के अनुसार, घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया है और उनमें से चार की हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि सात अन्य को मामूली चोटें आई हैं। उन्होंने बताया कि टेंपो ट्रैवलर में कुल 19 लोग सवार थे। पुलिस सभी मृतकों का पंचनामा भरकर वैधानिक कार्वाई कर रही है। सिंह के मुताबिक, दुर्घटनाग्रस्त टेंपो ट्रैवलर हरियाणा में पंजीकृत है और नेपाल के एक व्यक्ति का है, जबकि पेट्रोल टैंकर बहराइच का है। हादसे में घायल नेपाली युवक नया बहादुर ने पत्रकारों को बताया कि टेंपो ट्रैवलर में सवार सभी लोग नेपाल के रहने वाले हैं और रोजगार के सिलसिले में दिल्ली-एनसीआर पहुंचे थे। बहादुर के अनुसार, शुक्रवार को दिल्ली से रवाना हुए इन लोगों को शनिवार को नेपाल पहुंचना था। पुलिस और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने अस्पताल पहुंचकर घायलों की स्थिति भी जानी और अस्पताल प्रबंधन को समुचित इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## दुर्घटना में एसआई की मौत, सिपाही घायल

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जिले में गश्त पर निकले एक पुलिस उप निरीक्षक और एक सिपाही दुर्घटना में घायल हो गए जिसमें उपचार के दौरान सब इंस्पेक्टर की मौत हो गई है। पुलिस अधीक्षक एस आनंद ने शनिवार को बताया कि थाना जलालाबाद में तैनात उप निरीक्षक पवन सिंह (48) शुक्रवार की रात 11 बजे सिपाही मनोज के साथ बाइक पर गश्त कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जब दोनों नगरिया मोड़ पर पहुंचे तो जानवरों के एकाएक सड़क पर आ जाने से उन्होंने बचने का प्रयास किया, लेकिन तभी पीछे से आ रही डीसीएम ने उन्हें टक्कर मार दी। इस टक्कर के कारण गिरने के बाद पीछे से आई कार ने उन्हें कुचल दिया। इस टक्कर के कारण गिरने के बाद पीछे से आई कार ने उन्हें कुचल दिया। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस ने पहुंचकर गंभीर रूप से घायल उप निरीक्षक सिंह तथा सिपाही मनोज को अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान सब इंस्पेक्टर की मौत हो गई वहीं सिपाही का इलाज किया जा रहा है। एसपी ने बताया कि पुलिस ने हादसे में टक्कर मारने वाले दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है जबकि उनके चालक फरार हो गए हैं। वहीं मृतक सब इंस्पेक्टर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### सेवानिवृत्त तहसीलदार की सड़क हादसे में मौत

**कौशांबी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में एक सेवानिवृत्त तहसीलदार की सड़क हादसे में मौत हो गई है। थानाध्यक्ष गणेश प्रसाद सिंह ने बताया कि प्रयागराज जनपद निवासी संतोष सोनकर (63) सेवानिवृत्त तहसीलदार थे। सिंह के मुताबिक संतोष शनिवार दोपहर प्रयागराज से जिले की सिराथू तहसील के शहजादपुर गांव स्कूटी द्वारा जा रहे थे। उन्होंने कहा कि सकाढ़ा गांव के पास गति अवरोधक पर स्कूटी अनियंत्रित हो जाने के कारण संतोष सड़क किनारे खड़ी एक ट्रक से टकरा गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सिंह ने बताया कि इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

## क्विक न्यूज

### अभिभावकों को बिना हेलमेट घर से निकलने से रोकेंगे बच्चे

**फतेहपुर।** विजयीपुर सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों के पालन करने के लिए आमजन में जागरूकता लाने हेतु राम गोपाल त्रिपाठी इंटरमीडिएट कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा रैली निकाली गई। रैली में सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी सम्मिलित हुए जो हाथों में सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता के लिए स्लोगन लिखी हुई तख्तियां लिए हुए थे। रैली कॉलेज परिसर से शुरू होकर विजयीपुर चौराहे तक गई और वहां से वापस आकर एक सभा में बदल गई। जिसमें प्रधानाचार्य डॉ0 निरंजन कुमार सिंह ने कहा कि दुनिया में सर्वाधिक सड़क दुर्घटनाएं भारत में होती हैं। जिसके पीछे कई कारण हैं। उन्होंने कहा कि समाज में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता का अभाव सबसे बड़ा कारण है। अधिकतर लोग बिना हेलमेट लगाए दुपहिया वाहन चलाते हैं तथा बिना सीट बेल्ट के चार पहिया वाहन में यात्रा करते हैं जिससे दुर्घटना की स्थिति में जान चली जाती है। बच्चों से आवाहन किया कि वे अभिभावकों को बिना हेलमेट के घरों से वाहन लेकर बाहर न निकलने दें। साथ ही सड़कों पर चलते हुए यातायात नियमों का पूरी तरह से ख्याल रखें। कहा कि यदि बच्चे यातायात नियमों के प्रति जागरूक हो जाएंगे, तभी आगे चलकर सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कालेज के शिक्षक अनिल कुमार विश्वकर्मा, हरिशंकर एवं बीडी सिंह पाल का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### बाइक से गिरकर युवक घायल

**फतेहपुर।** हथगांव थाना क्षेत्र के चौकी चौराहा के समीप अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से 22 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार खागा कोतवाली क्षेत्र के हरदों गांव निवासी रामानंद का पुत्र सुभाष बाइक से हथगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत रिश्तेदारी में जा रहा था। जब वह थाने के चौकी चौराहा के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

### चूहा मार दवा खाने से मासूम की हालत बिगड़ी

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुजानपुर में सुबह खेल-खेल में ढाई साल के मासूम बच्चे ने आलमारी में रखी चूहे मार दवा खा लिया। जिसे अचेतावस्था में उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार सुजानपुर गांव निवासी शिव सिंह का मासूम पुत्र सौभाग्य सिंह सुबह खेलते-खेलते आलमारी में रखी चूहा मार दवा खा लिया। कुछ देर बाद जब वह अचेत हो गया तो परिजन उसे तत्काल सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाए। जहां इलाज कर रहे चिकित्सक ने मासूम की हालत में सुधार बताया है।

# डीएम के तहसील दिवस में उमड़े फरियादी

### 168 शिकायती प्रार्थना पत्रों में 24 का मौके पर हुआ निस्तारण



**उन्नाव।** बांगरमऊ तहसील कार्यालय सभागार में आज संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार और पुलिस अधीक्षक दिनेश त्रिपाठी भी पहुंचे। जिससे आज विशेष तौर पर फरियादियों की भारी भीड़ उमड़ी। तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत आशायस की महिला प्रधान शिवदेवी ने दबंगों द्वारा आवादीए बंजरए नवीन परती व चरागाह की करीब 200 बीघा भूमि पर जबरन कब्जे की शिकायत दर्ज कराई। सभी तथ्यों को सुनने के बाद जिलाधिकारी ने एसडीएम को अवैध कब्जेदारों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही का निर्देश दिया।जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर आज नगर के मोहल्ला तकिया निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित बंश गोपाल मिश्रा पेश हुए। उनकी शिकायत थी कि मोहल्ले के ही दबंगों ने अतिक्रमण कर आम रास्ते को बंद कर दिया है। जिससे नागरिकों का आवागमन ठप्प है। इसी प्रकार ग्राम कबीरपुर निवासी अनिरुद्ध कुमार पुत्र गंगा प्रसाद ने शिकायती पत्र प्रस्तुत किया कि राजस्व अदालत ने उसके खेत की निशादेही करने का आदेश दे दिया था और उसने हल्का लेखपाल तथा कानूनगो को 4 हजार रुपए भी दे दिए थे। फिर भी दोनों राजस्व कर्मी उसके खेत की मेढ़ बंधवाने मौके पर नहीं पहुंचे। इसके अलावा राजस्व ग्राम बल्लापुर के करीब दो दर्जन काश्तकार भी आज जिलाधिकारी के समक्ष पेश हुए। इन काश्तकारों की शिकायत थी कि चक परिवर्तन के दौरान चकबंदी कर्मियों द्वारा घोर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। उषा देवी व धीरेंद्र सिंह तथा जगत बहादुर सिंह आदि काश्तकारों ने तत्काल प्रभाव से चक परिवर्तन रोकने और चकबंदी प्रक्रिया निरस्त करने की मांग उठाई।जिलाधिकारी ने विभागीय प्रतिनिधियों से सभी शिकायती पत्रों के जल्द निस्तारण का निर्देश दिया।

### अनुपस्थिति विभागों के मुखिया रहे निशाने पर

**उन्नाव।** तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में आज मुख्य चिकित्सा अधिकारीए अधिशासी अभियंता ;ग्रामीण अभियंत्रण सेवाद्धए अधिशासी अभियंता ;जल निगमद्धए अधिशासी अभियंता ;सिंचाईद्धए जिला उद्यान अधिकारी तथा महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र कुल छह विभागों के मुखिया अनुपस्थित रहे। हालांकि इन सभी विभागों के अधीनस्थ अधिकारी अथवा प्रतिनिधि समाधान दिवस में मौजूद रहे। फिर भी जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने सख्त तेवर दिखाते हुए मौखिक रूप से इन सभी अधिकारियों का वेतन रोकने का निर्देश दे दिया। जिलाधिकारी के कड़े तेवर देख जिले के सभी विभागों के अधिकारियों में हड़कंप की स्थिति बन गई है।

## बदायूं में प्रेम संबंधों के चलते युवक की हत्या

**बदायूं ।** उत्तर प्रदेश के बदायूं में प्रेम संबंधों के चलते एक युवक की हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिसौली कोतवाली थाना क्षेत्र के कोट गांव के रहने वाले रविंद्र पाल सिंह ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि उनका पुत्र दिनेश (21) बिल्सी थाना क्षेत्र के अंगोला गांव की एक युवती से प्रेम करता था और उससे शादी करना चाहता था,लेकिन लड़की के घरवालों को यह रिश्ता पसंद नहीं था और उन्होंने युवती की शादी कहीं और तय कर दी।शिकायत में आरोप लगाया गया कि 12 मई को युवती की शादी थी लेकिन दिनेश उस पर घर से भाग कर विवाह करने का दबाव बना रहा था। उन्होंने बताया कि पुलिस की पूछताछ में यह बात सामने आई कि युवती ने अपने चाचा राजाराम के साथ मिलकर दिनेश को रास्ते से हटाने की योजना बनाई और 10 मई को दिनेश को फोन करके अपने गांव बुला लिया और उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि 12 मई को युवती की शादी हो गई, 13 मई को दिनेश के परिजन ने उसके गायब होने की सूचना पुलिस को दी। दिनेश की गुमशुदगी के पीछे युवती और उसके परिजन का हाथ होने का शक जताया। बदायूं के पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सिद्धार्थ वर्मा ने बताया कि दिनेश के परिजनों के शक के आधार पर लड़की और उसके चाचा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जिसमें उन्होंने अपना जुर्म कुबूल कर लिया।वर्मा ने बताया कि लड़की के चाचा की निशानदेही पर गांव के बाहर कुएं से दिनेश का शव बरामद कर लिया गया। उन्होंने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। युवती और उसके चाचा राजाराम को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि इस घटना में शामिल अन्य दो आरोपियों की तलाश जारी है और उनको भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## भूख-प्यास और गर्मी से तेंदुए की मौत की आशंका

**बहराइच।** बहराइच जिले के मटेरा थाना क्षेत्र के तहत आने वाले नबीनगर गांव में जंगल से भटककर आई एक मादा तेंदुए की मौत हो गई। वन विभाग के अधिकारियों ने आशंका जताई है कि तेंदुए की मौत गर्मी और भूख-प्यास से हुई है। प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) मनीष सिंह ने पत्रकारों को बताया कि शुक्रवार दोपहर वन विभाग को पता लगा कि एक तेंदुआ नबीनगर गांव में बेसुध पड़ा हुआ है और उसे ग्रामीणों ने घेर रखा है। वन विभाग के अधिकारियों तथा वनकर्मियों ने गांव में पहुंचकर तेंदुए को अपने कब्जे में लिया और इलाज के लिए उसे नानपारा वन रेंज कार्यालय ले जाया जा रहा था, तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। डीएफओ ने बताया कि मृत मादा तेंदुए की उम्र करीब दो साल है। उन्होंने कहा कि तेंदुए को देखकर ऐसा लग रहा है कि काफी समय से वह भूखी-प्यासी थी। प्रथम दृष्टया तेंदुए के शरीर पर चोट के कोई निशान भी नहीं दिखे हैं। सिंह ने कहा कि तीन पशु चिकित्सकों का पैनल मृत तेंदुए का पोस्टमार्टम करेगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण का पता लग सकेगा। फिलहाल हम सभी कारणों को नजर में रखते हुए अपनी जांच को आगे बढ़ाएंगे। डीएफओ ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते वन्यजीव जंगल से निकलकर बाहर आ रहे हैं। यहां गर्मी और ज्यादा है, साथ ही उन्हें भोजन और पानी भी नहीं मिल पाता, इसलिए ऐसी घटनाओं की आशंका बढ़ी है।

## बदायूं में नाबालिग प्रेमी युगल ने दे दी जान

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में उसावां थाना क्षेत्र के एक गांव में मंदिर में ऊपर बने कमरे में शनिवार सुबह एक नाबालिग प्रेमी युगल के शव फांसी के फंदे पर झूलते मिले। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि प्रेमी युगल के शव अलग-अलग साड़ी से लटके हुए पाए गए। अधिकारी के मुताबिक, शव के पास बियर की बोतल और गिलास के साथ कीटनाशक की एक शीशी भी मिली है, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि दोनों ने कीटनाशक मिलाकर बियर पी और फिर फांसी के फंदे पर झूल गए। बदायूं के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ओपी सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा सूचना दी गई थी कि मंदिर में रहने वाले एक व्यक्ति की बेटी और धर्मपुर निवासी किशोर ने मंदिर के ऊपरी कमरे में कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सिंह के मुताबिक, घटनास्थल पर बीयर की बोतल के साथ कीटनाशक की शीशी भी मिली है, जिससे माना जा रहा है कि दोनों ने बियर में कीटनाशक मिलाकर पिया और फिर फांसी के फंदे से झूल गए। एसएसपी ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं, फॉरेंसिक टीम मौके पर साक्ष्यों की पड़ताल कर रही है। मंदिर के पुजारी नेमि दास के अनुसार, उन्हें घटना के बारे में पता ही नहीं चल पाया और जब सुबह लड़की की मां मंदिर आई तो उसने दोनों को फांसी के फंदे से लटका देखा। पुजारी के मुताबिक, लड़की की मां ने उनसे फोन लेकर अपने घर पर इसकी सूचना दी, जिसके बाद पूरा गांव घटनास्थल पर एकत्रित हो गया।

## पीलीभीत में सर्राफ की गोली मारकर हत्या विरोध में बाजार बंद

**पीलीभीत ।** पीलीभीत में एक सर्राफा व्यवसाई की गोली मारकर हत्या कर दी गई। शुक्रवार की दोपहर तक घटना के विरोध में सर्राफा बाजार बंद रहा। पीलीभीत में बृहस्पतिवार रात को भारतीय जनता पार्टी के नेता अरुण गोयल के भाई और सर्राफा व्यवसाई पवन गोयल (48) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने हत्या की प्राथमिकी दर्ज की है। उल्लेखनीय है कि घटना के विरोध में आज दोपहर तक सर्राफा बाजार पूरी तरह बंद रहा। पीलीभीत के टनकपुर हाईवे पर गत्ता फैक्ट्री के समीप बृहस्पतिवार रात को पवन गोयल अपनी कार में ड्राइविंग सीट पर मृत अवस्था में मिले थे। उनके माथे पर गोली लगी थी। पीलीभीत के पुलिस अधीक्षक दिनेश प्रभु ने शुक्रवार को बताया कि सर्राफा व्यवसाई पवन गोयल के भाई अरुण गोयल की ओर से तहरीर दी गई है और उसके आधार पर अज्ञात के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

### पत्नी समेत एनआईए उपाधीक्षक की हत्या का मामला

# गैंगस्टर मुनीर और उसके साथी को फांसी की सजा

**भाषा।** बिजनौर

**बिजनौर** की एक अदालत ने शनिवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के पुलिस उपाधीक्षक और उनकी पत्नी की छह साल पहले गोली मारकर हत्या करने के आरोपी कुख्यात गैंगस्टर मुनीर और उसके साथी को फांसी की सजा सुनाई है।

पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि इस दोहरे हत्याकांड में चले मुकदमे में अपर जिला न्यायाधीश (एडीजे कोर्ट पांच) विजय कुमार की अदालत में 19 गवाहों के बयान दर्ज हुए हैं। शुक्रवार को न्यायाधीश ने मुनीर और उसके साथी रैय्यान को दोहरे हत्याकांड का दोषी करार दिया और शेष तीन अभियुक्त को दोषमुक्त करार दिया था। उन्होंने बताया कि शनिवार को मुनीर और उसके साथी रैय्यान को अदालत ने फांसी की सजा सुनाई। पुलिस अधीक्षक ने घटना का ब्यौरा देते हुए बताया कि 2-3 अप्रैल 2016 की रात एनआईए के पुलिस उपाधीक्षक तंजील अहमद और उनकी पत्नी फरजाना स्योहारा में शादी समारोह से वापस कार से बच्चों के साथ घर सहसपुर लौट रहे थे, तभी उनके आवास से कुछ पहले पुलिया पर घात लगाए बदमाशों ने दोनो की गोली मारकर हत्या कर दी थी। उन्होंने बताया कि इस मामले में हत्या समेत सुसंगत धाराओं में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई, लेकिन विवेचना के दौरान हत्या में मुनीर, रैयान, जैनी, तंजीम अहमद और रिजवान के नाम सामने आए। ए एनआईए अधिकारी के पड़ोसी थे और सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। पुलिस अधीक्षक के अनुसार मुनीर शासन द्वारा राज्य स्तरीय माफिया घोषित है और इसके विरुद्ध विभिन्न राज्यों और जिलों में 33 मामले चल रहे हैं। पुलिस के अनुसार मुनीर अंतरराज्र्यीय गैंग का सरगना तथा हिस्ट्रीशीटर है। मुनीर को गैंगस्टर कोर्ट ने 16 अप्रैल 22 को 10 वर्ष कारावास की सजा से दंडित किया है। पुलिस के अनुसार लखनऊ के गोमतीनगर में न्यायधीश की सुरक्षा में तैनात आरक्षी प्रमोद कुमार को गोली मारकर उसकी नाइन एमएम की पिस्टल लूटने और लखनऊ के थाना विभूति नगर में नमन वर्मा की हत्या कर उसकी मोटरसाइकिल लूटने जैसे अनेक गंभीर आरोप मुनीर के खिलाफ दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मुनीर पर धामपुर के पंजाब नेशनल बैंक की कैश वैन से 28 दिसंबर 2015 को गार्ड को गोली मारकर 91 लाख कैश लूटने का भी मामला दर्ज है।



# आरेडिका में मनाया गया रेल म्यूजियम वीक




**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में रेल म्यूजियम वीक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन एडमिन बिल्डिंग एवं सेन्ट्रल पार्क में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ आरेडिका के महाप्रबंधक (आईसी) एसएस कलसी द्वारा किया गया। इस अवसर पर आरेडिका के आस.पास के ग्रामीण इलाके से आये बच्चों को दिखाने के लिए एडमिन बिल्डिंग में एक रेल म्यूजियम का सृजन किया गया। जिसमें रेलवे से संबंधित जानकारी प्रदान करने के लिए विशाल चित्र प्रदर्शनी एवं आरेडिका में बन रहे विभिन्न प्रकार के कोचों के मॉडल रखे गये। बच्चों ने चित्र प्रदर्शनी और कोचों के मॉडलों देखा और एक-दूसरे से चर्चा की, रेलवे के अधिकारियों के द्वारा बच्चों को चित्रों और मॉडलों के संबंध में जानकारी प्रदान की ।

आरेडिका के महाप्रबंधक श्री एसण् एसण् कलसी द्वारा बच्चों को पुरस्कार प्रदान किये गये। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल गये। इस अवसर पर आरेडिका के मुख्य संयंत्र अभियंता श्री संजय कुमार कटियार सहित उच्च अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। आरेडिका में आतंकवाद विरोधी दिवस पर ली शपथ: आरेडिका में शनिवार को प्रात: 11 बजे आतंकवाद विरोधी दिवस पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन आरेडिका के महाप्रबंधक श्री एस एस कलसी के नेतृत्व में एडमिन बिल्डिंग में किया गया । इस शपथ ग्रहण समारोह में अधिकारियों और कर्मचारियों ने रेलवे बोर्ड के द्वारा जारी किये गये दिशा.निर्देशों का पालन करते हुए शपथ ली। अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने कार्यस्थल पर ही शपथ ली।

# बौद्ध प्रदर्शनी का डीएम ने किया शुभारंभ

**उन्नाव।** जिलाधिकारी रवींद्र सिंह तथा पुलिस अधीक्षक दिनेश त्रिपाठी आज संपूर्ण समाधान दिवस निपटाने के बाद बांगरमऊ क्षेत्र के ग्राम नेवल स्थित बौद्ध पर्यटन स्थल आलवी नगर पहुंचे। जहां उन्होंने भगवान बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर बौद्ध साहित्य प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।बौद्ध पर्यटन स्थल की पड़ोसी ग्राम पंचायत जगटापुर के प्रधान अमरेश पटेल तथा महाबोधि मेमोरियल एजुकेशनल सोसायटी के अध्यक्ष रामनाथ कन्नौजिया ने 5 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्ष 2018 में क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय द्वारा जिलाधिकारी के नाम पत्र जारी किया गया था। पत्र में ग्राम पंचायत नेवल के मजरा हीरामन पुरवा और झल्लू खेड़ा तथा ग्राम पंचायत जगटापुर के मजरा भवानी खेड़ा में पर्यटन विकास हेतु निशुल्क भूमि उपलब्ध कराए जाने की मांग की गई थी। लेकिन जिला प्रशासन द्वारा चार साल बीत जाने के बाद भी अभी तक भूमि अधिग्रहीत कर पर्यटन विभाग को हस्तांतरित नहीं की जा सकी है।आज ग्राम प्रधान श्री पटेल तथा सोसायटी के अध्यक्ष श्री कन्नौजिया ने जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में पार्क निर्माण



हेतु भूमि उपलब्ध कराए जानेए आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे अंडरपास की सर्विस लेन से हीरामन पुरवा होते हुए प्राथमिक विद्यालय नेवल तक डामरी कृत संपर्क मार्ग बनवाए जानेए तथागत बौद्ध पर्यटन स्थल के लिए पुस्तकालय व संग्रहालय का निर्माण कराए जानेए बौद्ध स्थल से मिले अवशेषों एवं खंडहरों का जीर्णोद्धार कराए जाने तथा बौद्ध पर्यटन स्थल पर राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह अशोक स्तंभ की स्थापना कराए जाने की मांग उठाई गई है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि भगवान बुद्ध के उपदेशों एवं संदेशों के आज के परिप्रेक्ष्य में प्रसारण की अत्यधिक आवश्यकता है। पर्यटन स्थल विकसित करने के लिए पुरातत्व विभाग ने भी सहमति प्रदान कर दी है। जिलाधिकारी ने ज्ञापन में वर्णित बिंदुओं पर पूर्णतया सहमति प्रदान की और पर्यटन स्थल विकसित करने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया।

**दिरीक्षण कर खिंचाई फोटोः** उन्नाव। जिलाधिकारी रवींद्र सिंह तथा पुलिस अधीक्षक दिनेश त्रिपाठी आज बौद्ध पर्यटन स्थल नेवल में बौद्ध साहित्य प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद नगर के लखनऊ मार्ग चौराहे पर रुके जहां उन्होंने प्रदेश की हज कमेटी के अध्यक्ष मोहसिन रजा की विधायक निधि से निर्मित सेल्फी प्वाइंट आई लव बांगरमऊ का निरीक्षण किया। उन्होंने सेल्फी प्वाइंट पर अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ फोटो भी खिंचवाई।

## सजा मिली पर खता क्या

योगी सरकार मे मंत्री रहे भाजपा के एक नेता इन दिनों बहुत परेशान है। उन्हें समझ में नहीं आ रहा कि उनकी खता क्या है। उनका पावर रातों रात कट कर के अर्श से फर्श पर पटक दिया गया। अपनी खता को जानने के लिये नेता जी प्रधानमंत्री से मिलने के लिये पिछले महीने भर से कोशिश कर रहे हैं लेकिन उन्हें समय नहीं मिल रहा है। अभी पीएम मोदी के लखनऊ कार्यक्रम में भी इन्हें पूरी तरह किनारे रखा गया। उन्हें इन सबके पीछे अपनों की साजिश नजर आ रही है। वैसे नेता जी को भाजपा सरकार में बड़ा मुकाम ठीक उसी तरह रातों-रात मिला था जिस तरह उन्हें किनारे कर दिया गया है। सरकार में अहम जिम्मेदारी मिलने से पहले इनके पास सत्ता और शासन का कोई भी अनुभव नहीं था। न तो विधायक रहे और न ही सांसद लेकिन फिर भी उन्हें बैकडोर से विधायक बनाकर सरकार में अहम जिम्मेदारी दी गयी थी। फिलहाल नेता जी जनता दरबार लगाकर ज्यादा से ज्यादा लोगों से मिलकर पार्टी हाईकमान को अपनी जमीनी पकड़ का संदेश देने की कोशिश में व्यस्त हैं।



## माननीयों की चिंता

सदन में तो अब सब कुछ ई-विधान हो गया है लेकिन विपक्ष के सदस्य अधिक चिन्तित हैं। आगे बैठने की ललक को लेकर। दरअसल यूपी विधान सभा में ई-विधान सिस्टम लागू कर दिया गया है और अब सभी सदस्यों को वरिष्ठता के क्रम में सदन में सीट भी आवंटित कर दी गई है और अब विपक्षी दल के सदस्यों की इच्छा है कि वह आगे बैठें। अगर आगे नहीं बैठेंगे तो मीडिया कवरेज पूरा नहीं मिल पाएगा और नेता सदन का भी ध्यान आकृष्ठ नहीं हो पाएगा। इसलिए अब हर कोई स्पीकर महोदय से सिफारिश कर रहा है कि कुछ ऐसा कीजिए कि आगे की पंक्ति में बैठने की व्यवस्था हो जाए मगर स्पीकर साहब ने साफ मना कर दिया कि साफ्टवेयर में कोई जुगाड़ नहीं हो सकता है क्योंकि इसी व्यवस्था को लेकर उन्होंने सदन में 16 सीटें बढ़ाई हैं और अब जिसका जो वरिष्ठता क्रम है वह उसी के अनुसार बैठेगा। मजेदार बात यह है कि प्रमुख विपक्षी दल के कई सदस्य स्पीकर से अलग से मिल चुके हैं लेकिन सभी को नियमों का हवाला दे दिया गया है।

## ऊपर वाला सब देखता

इस बार सूबे की सरकार जनता के ऊपर अपना प्रभाव छोड़ने में कोई कसर बाकी नहीं रखना चाह रही है। अब इसके पीछे 2024 की गणित हो या फिर 2027 की पर इतना तो तय है कि सरकार में मंत्री पद धारण किये हुए महानुभावों की नींद जरूर हराम हो गई है। बाबा द्वारा साल भर बाद विभागों की समीक्षा के अल्टीमेटम ने मंत्रियों को जिलों और अपने क्षेत्र की खाक छानने पर मजबूर कर दिया है। अभी पिछले दिनों 5, कालिदास पर पीएम नरेंद्र मोदी ने सरकार के मंत्रियों को जिस तरह से सेवाभाव का पाठ पढ़ाया उस हिसाब से तो यही लगता है कि ऊपरवाला सब देख रहा है और इलेक्शन से पहले सबका हिसाब होगा। कहीं पांच साल के सपने एक ही साल में चकनाचूर न हो जाएं, इसके लिए मंत्री जी को जमीन पर बैठकर फरियाद सुननी पड़ रही है। ताबड़-तोड़ प्रभारियों के दौरे जारी हैं। कहीं से भी कोई कोर कसर बाकी नहीं रखना चाह रहा है क्योंकि ऊपरवाला सब देख रहा है।




## आखिरी दांव

खाकी वाले महकमे के एक बड़े साहब ने सारे जतन कर डाले लेकिन विभाग का मुखिया बनने का उनका ख्वाब नहीं पूरा हो पाया जिसका उन्हें बहुत मलाल है लेकिन उन्होंने अभी हार नहीं मानी है। इस बार उन्होंने अंतिम दांव चला है। दरअसल उनके सामने स्थिति अभी नहीं तो कभी नहीं वाली आ गई है। अगले साल ही जनवरी माह में उनका रिटायरमेंट है। अगर इस बार उन्हें मौका न मिला तो नियमानुसार आगे वह मुखिया पद की रेस से ही बाहर हो जाएंगे क्योंकि तब उनके पास छह माह से कम का कार्यकाल बचेगा। नए नियमों के मुताबिक राज्य सरकार खाकी महकमे के मुखिया पद पर उसे ही बिठा सकती है जिसका कम से कम छह माह का कार्यकाल शेष हो। ऐसे में उन्होंने अब भगवा सरकार के बड़े महाराज के जिले में आईजी पद पर तैनाती के दौरान बनाए अपने संबंधों का इस्तेमाल किया है। बड़े महाराज के एक अत्यंत करीबी से सिफारिश कराने के बाद बड़े साहब ने दो दिन पहले सपत्नीक लोकभवन पहुंचकर बड़े महाराज के दरबार में हाजिरी लगा दी है। उनके नजदीकियों का कहना है कि बड़े महाराज ने उन्हें भरपूर आशीर्वाद दिया है और जल्दी ही कुछ अच्छा होने की पूरी उम्मीद है।

## रूठे खां को मनाऊं कैसे



समाजवाद के मुखिया परेशान हैं। अब वह जुगत लगाने में लगे हैं कि आखिर कैसे खां साहब को पटाया जाए क्योंकि 27 महीने का कारावास झेल कर बाहर निकले खां साहब काफी गुस्से में हैं। कारावास से बाहर निकलते ही खां साहब ने समाजवाद के मुखिया पर सीधा हमला बोला था। उसके बाद से समाजवाद के मुखिया की बोलती ही नहीं निकल रही है। समाजवाद के भीतर की माने तो समाजवाद के मुखिया इस मामले को लेकर कभी अपनी पत्नी के पास जाते हैं तो कभी अपने पिता से संपर्क साधते हैं। जेल से छूट के आए खां साहब को पटाने के लिए समाजवाद के मुखिया कभी अपनी पत्नी से कहते हैं कि खां साहब की पत्नी से बात करें तो कभी अपने पिता से कहते हैं खां साहब से संपर्क कर उन्हें मुलायम करें। अब आलम यह है कि समाजवाद के मुखिया किसी भी तरह से बस एक बार खां साहब के बगल में खड़े होकर फेटो खींचवाना चाहते हैं भले ही खां साहब इसके लिए कोई भी कीमत ले लेए समाजवाद के मुखिया तैयार है।

## भ्रष्टाचार का भूत

बेचारे बड़े साहब नगर निगम में सुविधाएं और व्यवस्थाओं को लाने में जुटे हैं वहीं कुछ नटवरलालों के चलते साहब की परेशानियों का अंबार लगातार बढ़ता जा रहा है। स्वच्छता मिशन में सफाई के मुद्दे पर आने वाले दिनों में मैन पावर की समस्याएं बड़े स्तर की होगी जिस पर विभाग की लालफीताशाही मौन बैठी है। विभाग द्वारा एक कदम नौकरी की ओर बढ़ाने का प्रयास भी किया जाता है तो भ्रष्टाचार का भूत चढ़ बैठता है। हाल में दो दर्जन से अधिक नियुक्तियों में घोर लापरवाही का खुलासा हुआ है। इनमें नौकरी को पक्की करने वाले अफसरान और बाबुओं की कारगुजारी सामने निकल कर आयी हैं। इसमें शासन से लेकर विभाग तक अधिकारियों के नाम शामिल हैं। कोर्ट में मामला लंबित होने के बाद भी आनन फानन में नौकरी दे दी गयी। यहां तक उचित अनुचित का बिना संज्ञान किये नौकरी दे दी गयीं। हालांकि बड़े साहब के पास यह मामला आने के बाद जांच शुरू कर दी गयी है। जल्दी जांच रिपोर्ट सबके सामने होगी। हालांकि मामला यहीं शांत नहीं हुआ बल्कि 45 कर्मचारियों की प्रोन्नति पर सवाल खड़े कर दिए गए हैं। ऐसे में बड़े साहब की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही हैं।

# प्रबोधन कार्यक्रम में राज्यपाल ने विधायकों को पढ़ाया ईमानदारी का पाठ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**राज्यपाल** आनंदी बेन पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि जिनती आपकी आवश्यकता है उतने में गुजारा किजिए और एक गाड़ी से काम चलता है उसी से चलिए न किसी दूसरी गाड़ी के चक्कर में आप ठेकेपटटे और ट्रांसफर का चक्कर मत पालिए। उन्होंने विधायकों और मंत्रियों को अपने बेटे-बेटियों रिश्तेदारों को दूर रखने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि इससे आपकी छवि खराब होती है। टेंडर किसको देना है, इसमें मत पड़िए। रोटी दाल खाइए लेकिन शान से। उन्होंने कहा कि 128 ऐसे विधायक हैं जो पहली बार जनप्रतिनिधि बनकर विधानसभा में आए हैं। 47 महिलाएं हैं जो पहली बार विधायक बनकर इस सभा में आई हैं। उन्होंने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि महिलाओं की संख्या बढ़ रही है।

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने भी विधायकों से जनता से जुड़कर काम करने की सलाह दी। अपना अनुभव बताते हुए कहा कि यदि आप अपने क्षेत्र का काम कराना चाहते हैं तो अधिकारियों से कभी भी मत उलझिए। अन्यथा आपका काम कभी नहीं होगा। उन्होंने विधायकों के साथ ही मंत्रियों को भी क्षेत्र में नियमित प्रवास करके जनता से संवाद करने और उनकी समस्याएं जानने की आदत डालने को कहा, राज्यपाल ने कहा कि अधिकारियों की आदत काम को उलझाने और फाइलों को लटकाने व टरकाने की होती है। मंत्री और मुख्यमंत्री के हाथ में कुछ भी नहीं है। सब कुछ अधिकारी के हाथ में है लेकिन उनसे काम कराने की जिम्मेदारी मंत्रियों की है। इसलिए आपको अधिकारियों से बहुत होशियारी से काम कराना चाहिए। उनसे झगड़ा नहीं करना है। नहीं तो आपका काम नहीं होगा। उनके साथ शांति के साथ चर्चा कर फाइल निपटाइए। राज्यपाल आंनदी बेन पटेल ने कहा कि यदि जनप्रतिनिधि जनता के बीच रहकर विकास कार्य कराते रहे तो यूपी मॉडल बनेगा।

कार्यकर्ताओं को समय दीजिए उसने आपको जिताने के लिए पसीना बहाया है। आंनदी बेन पटेल ने नए सदस्यों को कई टिप्स दिए और कहा कि महिला हो या पुरुष, हम जनप्रतिनिधि है पहले। गुजरात में सरकार मे रहने के दौरान उन्होंने अपने अनुभव साझा किए साथ ही कहा कि फाइलों को जल्द से जल्द हल करें, ऐसी आदत डालने का काम करे। हर विभाग के काम काज की शैली को समझने का काम करें। हर विभाग के विशेषज्ञ बनने की कोशिश की जानी चाहिए।

# क्लास रूम में बदल गई विधानसभा छात्र की भूमिका में दिखे विधायक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश की विधानसभा आज क्लास रूम से कम नहीं दिख रही थी। सभी महिला और पुरुष विधायक छात्र छात्राओं की भूमिका में थें और आईटी क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ अध्यापक की भूमिका में। फि र चाहे वह संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना हो अथवा कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही। सदन के सभी सदस्य विपक्ष से लेकर सत्ता पक्ष तक टैबलेट को कैसे चलाना है इसकी जानकारी ले रहे थे।

सोमवार यानी 23 अप्रैल से शुरू होने जा रही उत्तर प्रदेश विधानसभा सत्र की कार्यवाही को पेपरलेस किए जाने की दिशा में शनिवार से सभी विधायकों का प्रशिक्षण शुरू किया गया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना पूरे कार्यक्रम का अपने आसन पर बैठकर संचालन करते रहे। किसी सदस्य ने सवाल किया कि लैपटाल लागइन कैसे होगा तो किसी ने पूछा, सवाल कैसे लगाए जाएगें। इस पर विशेषज्ञों की पूरी टीम उनके हर सवाल का जवाब सहजता से देती रही। आईटी क्षेत्र के विशेषज्ञों ने बताया कि सदन के सदस्य अपने घर में बैठकर भी इसे आपरेट कर सकते है। इसके लिए उन्हे एक एप्लीकेशन अपने टैबलेट पर अपलोड करनी पडेगी। जिससे वह घर पर ही बैठकर अपनी टिप्पणियों और सवालों को लगा सकते हैं। इसके अलावा इसी टैबलेट से वह ई वोटिंग भी कर सकेंगे। इसके अलावा किस मंत्री ने किस सदस्य के सवाल का जवाब कितनी देर तक दिया, यह सब कुछ टैबलेट पर और विधानसभा मंडप में लगी एलइडी स्क्रीन पर आ जाएगा। इस पर समाजवादी पार्टी के विधायक राकेश सिंह ने कहा कि बहुत से सदस्यों के पास टैबलेट नहीं है। इस पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि नए सदस्यों को टैबलेट दिए जाएगें। कार्यक्रम खत्म होने के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि अभी प्रशिक्षण पूरा नहीं हुआ है इसलिए नेवा सेवा केन्द्र में एक साथ साठ सदस्यों को प्रशिक्षण का काम होता रहेगा। जब भी कोई सदस्य विधानसभा स्थित इस केंद्र पर जाएगा उसे पूरी तकनीकी जानकारी दी जाएगी।

# आवंटित क्षेत्र के बाहर खनन रोकें: मुख्यमंत्री



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## योगी ने किया एकीकृत ई-सेवा माइन मित्र पोर्टल का लोकार्पण

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि आवंटित क्षेत्र के बाहर किसी भी दशा में खनन कार्य कतई नही होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नदी की मुख्यधारा के बीच में पोकलैंड लगाकर खनन कार्य करना नदी के स्वरूप के साथ खिलवाड़ है। ऐसी गतिविधियों पर कड़ाई से रोक लगाई जाए। इसके साथ ही सीएम ने अधिकारियों को हिदायत दी है कि रवन्ना से अधिक खनन न किया जाए।

सीएम योगी शनिवार को खनन कार्यों के लिए ई-सेवा माइन मित्र का लोकार्पण करने के बाद समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि विगत 5 वर्षों में खनन संबंधी कार्यों में पारदर्शिता आई है। आमजन को सुविधा देने के लिए अभिनव प्रयास किए गए हैं। इस क्रम में ऑनलाइन ई-सेवा के साथ खनन प्रबंधन के लिए शुरू जा रहे एकीकृत पोर्टल माइन मित्र से खनन व्यवसायियों तथा खनन संबंधी निजी कार्यों के लिए आम जन को सुविधा होगी। सीएम ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि खनन कार्य से जुड़े सभी हितधारकों के लिए पारदर्शी प्रक्रिया हो और मूल्य नियंत्रण में रहें। नये व्यवसायियों को बाजार में स्थापित एकाधिकार एवं बंधन से मुक्त कर समान अवसर उपलब्ध हो सके। उन्होने कहा कि पूर्व में छोटे-छोटे कार्यों के लिए अनुमति लेने में लोगों की काफी दिक्कत होती थी। मैन्युअल आवेदनों के कारण भ्रष्टाचार और लेटलतीफी की शिकायतें भी मिलती थीं। ऑनलाइन पोर्टल से न केवल आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण हो सकेगा, बल्कि सिस्टम और पारदर्शी होगा। सीएम ने कहा कि जनसामान्य, किसान, पट्टाधारक, स्टाकिस्ट, फुटकर विक्रेता, परिवहनकर्ता को खनन कार्यों के लिए विभिन्न अनुमति पत्र प्राप्त करने में माइन मित्र प्लेटफार्म उपयोगी सिद्ध होगा। माइन मित्र पोर्टल पर खनन विभाग की विभिन्न सेवाएं सहज रूप से उपलब्ध हैं। किसी को अपनी निजी भूमि से मिट्टी निकालनी हो, खरीदी गई मिट्टी का परिवहन करना हो, खनिज कार्यों के लिए लीज, परमिट, रजिस्ट्रेशन आदि को इस प्लेटफार्म से जोड़ा जाना लोगों को काफी सहूलियत देने वाला होगा। ईट भट्ठों को ऑनलाइन भुगतान होने में भी सरलता होगी। इसके साथ ही सीएम ने कहा हि किसी भी दशा में ओवरलोडिंग न हो। यह नियम विरुद्ध भी है और दुर्घटनाओं का कारक भी बनता है। इस दिशा में सख्ती की जानी चाहिए। बालू, मोरम, गिट्टी जैसे उपखनिज आम आदमी से सीधा जुड़ाव है। इनकी कीमतों में अनावश्यक बढ़ोतरी न हो। उपखनिजों के कृत्रिम अभाव पैदा करने वाले कालाबाजारियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाए। सीएम योगी ने कहा कि इंटीग्रेटेड माइनिंग सर्विलांस के माध्यम से खनन क्षेत्रों की जियो फेंसिंग, खनिज परिवहन करने वालों वाहनों पर माइन टैग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित चेक गेट की व्यवस्था खनन कार्यों को और पारदर्शी बनाने वाली है। उन्होने कहा कि बेहतर खनिज प्रबन्धन के माध्यम से राजस्व संग्रह में वृद्धि हुई है। यह प्रयास आगे भी जारी रहना चाहिए। सीएम ने कहा कि ललितपुर में रॉक फ ॉस्फेट और सोनभद्र में पोटाश तथा सोनभद्र में लौह अयस्क की प्राप्ति के लिए प्रक्रिया शुरू हो रही है।

# पात्र लोगों को समय से दी जाए टीके की दूसरी खुराकः सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में ट्रैक, टेस्ट और ट्रीट टीकाकरण की नीति के सफल क्रियान्वयन से कोविड महामारी पर प्रभावी नियंत्रण बना हुआ है। उन्होंने पात्र लोगों को टीके की दूसरी खुराक समय से दिए जाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री शनिवार को यहां लोक भवन में टीम-9 की बैठक में प्रदेश में कोविड-19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में टीकाकरण अभियान की प्रगति संतोषप्रद है। उन्होंने निर्देशित किया कि 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों को बूस्टर डोज दिए जाने में तेजी लायी जाए। बूस्टर डोज के महत्व और बूस्टर टीकाकरण केन्द्रों के बारे में आमजन को जागरूक किया जाए। बच्चों की स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरती जाए। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि पिछले 24 घण्टों में राज्य में कोरोना संक्रमण के 123 नए मामले सामने आए हैं। इस अवधि में 152 व्यक्तियों को सफल उपचार के उपरान्त डिस्चार्ज किया गया है। वर्तमान में प्रदेश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 874 है। पिछले 24 घण्टे में प्रदेश में 01 लाख 70 हजार से अधिक कोरोना टेस्ट किए गए। अब तक राज्य में 11,34,46,596 कोविड टेस्ट सम्पन्न हो चुके हैं। बैठक में यह जानकारी भी दी गयी कि राज्य में गत दिवस तक 32 करोड़ 31 लाख 43 हजार से अधिक कोरोना वैक्सीन की डोज लगाई जा चुकी हैं। 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 13 करोड़ 44 लाख 81 हजार से अधिक लोगों को टीके की दोनों डोज देकर कोविड सुरक्षा कवच प्रदान किया जा चुका है। इस प्रकार 91.22 प्रतिशत लोग कोविड टीके की दोनों डोज ले चुके हैं। इसी आयु वर्ग में 15 करोड़ 31 लाख 43 हजार से अधिक लोगों ने कोविड वैक्सीन की पहली डोज प्राप्त कर ली है। विगत दिवस तक 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग में 96.68 प्रतिशत किशोर कोविड वैक्सीन की प्रथम डोज तथा 74.03 प्रतिशत किशोर टीके की दूसरी खुराक प्राप्त कर चुके हैं। 12 से 14 वर्ष आयु वर्ग के 80.46 प्रतिशत बच्चों ने टीके की पहली खुराक तथा 20.89 प्रतिशत बच्चों ने टीके की दूसरी खुराक प्राप्त कर ली है। 30 लाख 15 हजार से अधिक प्रिकॉशन डोज प्रदान की जा चुकी हैं।

# गरीबों को मुफ्त राशन योजना को बढ़ाने की पहल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## योगी सरकार ने लिखा केंद्र को पत्र

**कोरोना** संकट के चलते गरीबों को मिल रहे मुफ्त राशन की योजना को तीन माह के लिये बढाये जाने के बाद योगी सरकार ने केन्द्र से भी योजना को आगे बढाये जाने की पहल की है। राज्य सरकार की तरफ से लिखे गये पत्र में मंहगाई और कोरोना की वजह से लोगों की आर्थिकतंगी का हवाला देते हुये मुफ्त राशन व्यवस्था को आगे जारी रखने की आवश्यकता बतायी है। इसके साथ ही राशन में वितरित होने वाले अनाज का अतिरिक्त कोटा जारी रखने का अनुरोध राज्य सरकार ने केन्द्र से किया है।

विदित हो कि कोरोना संकटकाल में केन्द्र और राज्य सरकार की ओर से अलग-अलग मुफ्त राशन वितरण की योजना शुरू की गई थी,जो अभी जून माह तक चलनी है। केन्द्र तथा राज्य सरकार की तरफ से गरीबों को राशन का वितरण किया जा रहा है। राज्य सरकार की ओर से मुफ्त वितरित हो रहे राशन को योगी सरकार तीन माह के लिए पहले ही बढाने का फैसला ले चुकी है। सत्ता में वापसी के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंत्रिपरिषद की अपनी पहली बैठक में मुफ्त राशन वितरण की योजना को तीन माह के लिये बढ़ाकर राज्य की जनता को रिटर्न गिफट दिया था। इस तरह राज्य सरकार की ओर से दिया जा रहा राशन सितंबर माह तक फिलहाल चलती रहेगी। इस योजना का उद्देश्य गरीबों की मदद करना है। फ्री राशन योजना पर करीब 3270 करोड़ का खर्च आता है। सरकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत दिए जाने वाले राशन यानी गेहूं व चावल के अलावा एक लीटर तेल, एक किलो चना और नमक भी देगी। अंत्योदय कार्ड धारकों को 35 किलो अनाज और पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को प्रति यूनिट पांच किलो यानी तीन किलो गेहूं व दो किलो चावल दिया जाता है। इसके लिए कार्डधारकों से दो रुपये किलो गेहूं और तीन रुपये किलो चावल के लिए लिया जाता है लेकिन अब राज्य सरकार इसका खर्चा खुद वहन करेगी।

# प्रदेश में अतिक्रमण की होगी नियमित मानीटरिंग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## सीएम सड़कों पर होने वाले अतिक्रमण के खिलाफ हुए सख्त

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ सड़क सुरक्षा को लेकर काफी गंभीर हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि नगर निकाय सड़क सुरक्षा और अतिक्रमण को लेकर नियमित मानिटरिंग की जाए और प्रत्येक सप्ताह इसकी रिपोर्ट दी जाए। रिपोर्ट में सड़कों पर अतिक्रमण और विभाग द्वारा की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी देनी होगी। मुख्यमंत्री ने शनिवार को उच्चस्तरीय बैठक में इस बाबत अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने यातायात विभाग के अधिकारियों को फील्ड में उतरने के निर्देश दिए और अधिकारियों को निर्देशित किया कि अवैध टैक्सी स्टैंड, बस स्टैंड, रिक्शा स्टैंड आदि को तत्काल समाप्त कराया जाए। ऐसे स्टैंड पर अगर अवैध वसूली और माफिया/ आपराधिक प्रवृत्ति के तत्वों की संलिप्तता होती है, तो इनकी पहचान कर अविलम्ब कठोरतम कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि पार्किंग की स्थायी जगह सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़कों पर अतिक्रमण की समस्या को समाप्त करना होगा। स्थानीय प्रशासन के अधिकारीगण व्यापार मंडलों के साथ संवाद कर इसका समाधान सुनिश्चित कराएं। पटरी व्यवसायियों के लिए स्थान का चिन्हांकन करते हुए उनके पुनर्वास की विधिवत व्यवस्था की जाए। व्यापारियों से संवाद बनाकर यह सुनिश्चित कराएं कि हर दुकान अपनी सीमा के भीतर ही हो। मुख्यमंत्री ने यातायात विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को फील्ड में उतरने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शासन स्तर के विभागीय अधिकारी जिलों में जाएं। पार्किंग, यातायात आदि की व्यवस्था का आकलन करें। स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर व्यापारियों से संवाद करें।

# परिवार कार्ड बनाने पर सरकार कर रही विचार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## एक परिवार को कम से कम एक रोज़गार देने की दिशा में होगा उपयोगी

**योगी** सरकार प्रदेश भर के लोगों की सामाजिक व आर्थिक स्थिति के सटीक आंकलन के लिए परिवार कार्ड बनाने पर विचार कर रही है। इसके लिए उच्च स्तर पर एक विशेषज्ञ ग्रुप बना कर योजना पर काम किया जाएगा। यह कार्ड आधार से लिंक होगा। एक परिवार को कम से कम एक रोजगार देने की दिशा में यह कार्ड बड़ा कदम साबित होगा। फिलहाल राशन कार्ड के आधार पर परिवार की सूचनाएं उपलब्ध हैं। सरकार ने संकल्प पत्र में अगले पांच वर्षों में एक परिवार को कम से कम एक रोजगार देने का संकल्प लिया था। इसके लिए योगी सरकार लगातार प्रयत्नशील है।

सरकार विभिन्न योजनाओं और रिक्त पदों पर भर्ती करके इसे पूरा करने में जुटी हुई है। इसके लिए सरकार को प्रदेश में सभी परिवारों की सामाजिक और रोजगार संबंधी स्थिति की जानकारी आवश्यक है। इस कार्ड में परिवार के बारे में सभी जानकारियां दर्ज होंगी।

परिवार में कितने सदस्य हैं, उनकी उम्र क्या है, कौन-कौन नौकरी करता है या रोजगार से जुड़ा हुआ है, यह सभी जानकारियां दर्ज होंगी। परिवार की सामाजिक स्थिति क्या है। इस आधार पर सरकार उन्हें अपनी विभिन्न रोजगार योजना से जोड़कर रोजगार उपलब्ध कराएगी। रोजगार देने की दिशा में योगी सरकार का बड़ा कदम साबित होगा। जबतक लोगों का परिवार कार्ड नहीं बन जाता है तब राशन कार्ड को ही आधार माना जाएगा।

# किसी भी योजना में ओवर लैपिंग या डुप्लीकेसी न होने पाए: केशव मौर्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप मुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसी भी योजना में ओवरलैपिंग या डुप्लीकेसी न होने पाए। केशव प्रसाद मौर्य ने ग्रामीण आजीविका मिशन की प्रेरणा ओजस व बलिनी योजना की सराहना करते सभी योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किये जाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु समय सारिणी बनाकर कार्यशालाएं आयोजित की जाए। केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार को गन्ना संस्थान सभागार में ग्रामीण आजीविका मिशन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा कर रहे थे।

समीक्षा बैठक में 'प्रेरणा ओजस' योजना की जानकारी देते हुए बताया गया प्रेरणा ओजस कंपनी द्वारा सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूलों के विद्यार्थियों को सोलर लैंप उपलब्ध कराए गए हैं। 2225 सोलर समूह सदस्यों को सोलर लैंप असेंबली हेतु प्रशिक्षित किया गया और तकनीकी प्रशिक्षण उपरांत बहुत बड़ी तादाद में सोलर लैंप असेम्बल किये गये। सोलर लैंप असेंम्बल के सापेक्ष 12 रुपए प्रति लैम्प समूह सदस्यों को प्रदान किया गया। इस तरह से प्रति समूह सदस्य द्वारा 6500 से 7500 रुपए मासिक मानदेय प्राप्त किया गया। अध्यापकों के साथ समन्वय कर प्रचार-प्रसार करते हुते लगभग 28 लाख सोलर लैंप की उपलब्धता विद्यार्थियों को सुनिश्चित की गई । बलिनी मिल्क प्रोडक्शन कंपनी वैल्यू चैन के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि बुंदेलखंड में बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी के माध्यम से महिला सदस्यों द्वारा 1 लाख 22 हजार लीटर मिल्क संग्रहण का कार्य किया जा रहा है और अब तक



245 रुपए करोड का कारोबार करते हुए 13.34 करोड़ का लाभांश अर्जित किया गया है। इस तरह की 4 और कम्पनियों के संचालन की कार्यवाही की जा रही है। यह दूध मदर डेयरी को सप्लाई किया जाता है ।उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि इस तरह महत्वाकांक्षी और महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वावलम्बन की ओर अग्रसर कर रही कंपनियों को प्रोत्साहित किया जाए और तथा ज्यादा से ज्यादा कंपनियां स्थापित करने के सार्थक व सकारात्मक प्रयास किए जाएं।

# दोहरे हत्याकांड से सनसनी

संवाददाता। बेहजम खीरी

**थाना नीमगांव** क्षेत्र के बरूई गांव में बीती रात दोहरे हत्याकांड की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना पर जिले के आला अधिकारी घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की तहकीकात की और हत्याकांड के आरोपियों को शीघ्र ही गिरफ्तार करने कही बात की है। बताते हैं कि मुकेश कुमार निवासी महमूद पुर कोतवाली मोहम्मदी बीती रात अपने साथी के साथ अपनी ससुराल बरुई थाना नीमगांव पहुंच जाता है। गांव से बाहर बाग में लेटे अपने सास शांति देवी और ससुर राम दुलारे भुर्जी के साथ किसी बात को लेकर उन पर ताबड़तोड़ चाकू से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर देता है। वहीं इस ताबड़तोड़ चाकूओं के प्रहार से शांति देवी की मौके पर ही मौत हो जाती है। घटना रात्रि 11 बजे की बताई





- पत्नी को विदा न कराने का आरोप
- मौके पर पहुंचे पुलिस के आला अधिकारी

जाती है। घटना की सूचना पर नीमगांव पुलिस मौके पर पहुंच कर रामदुलारे को गंभीर अवस्था में जिला चिकित्सालय इलाज हेतु भर्ती करा दिया जाता है।मृतका शांति देवी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज गया। सूत्रों के अनुसार हमलावरों के चप्पल कपड़े रक्त रंजित चाकू घटनास्थल पर ही पुलिस द्वारा बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस हमलावरों की तलाश में जुट गई है। हत्या का कारण पत्नी को विदा न करना बताया जा रहा है। जबकि आरोपी की पत्नी की बातों से कुछ और ही प्रतीत होता है। बताते हैं कि हमले के दौरान घायल राम दुलारे का इलाज चल रहा है। इस घटना पर एडिशनल एसपी ने रात में ही मौके वारदात पर पहुंच कर जांच पड़ताल की है और आरोपियों की शीघ्र ही गिरफ्तारी की बात बताई है।

# खैराबाद के कर्मियों को दिया फर्स्ट रिस्पाण्डर का ऑनलाइन प्रशिक्षण

संवाददाता। सीतापुर

**सड़क सुरक्षा** के प्रति कार्यशाला का आयोजन परिवहन विभाग द्वारा किया गया। सेफ्लाइफ फाउण्डेशन की ओर से राज्य सड़क परिवहन निगम के चालको व बस, ट्रक के चालक तथा टोल प्लाजा खैराबाद के कर्मियों को फस्ट रिस्पाण्डर का ऑन लाइन प्रशिक्षण दिया गया। एक अन्य कार्यक्रम में उपस्थित 27 महिलाओं को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक करते हुए एआरटीओ प्रवर्तन डॉ. उदित नारायण ने बताया कि महिलाओं की अग्रणी भूमिका हो सकती है। जिस तरह महिलाएं सामाजिक और पारिवारिक संस्कार सिखाती है उसी तरह अपनी संतान, भाई, बहन, पिता, पति व अन्य को यातायात नियमो के पालन के संस्कार भी दे सकती है। महिलाओं को सड़क सुरक्षा नियमो के पालन की शपथ दिलायी गयी। एआरटीओ प्रवर्तन उदित नारायण व यात्रीकर अधिकारी शैहपर किदवई द्वारा शहर के विभिन्न चौराहो व मार्गो पर प्रवर्तन कार्यवाही की गयी। जिसमें नो पार्किंग में खड़े 21 वाहनों का चालान किया गया। टोल प्लाजा खैराबाद स्थित नेशनल हाईवे के किनारे खड़े 9 ट्रको का चालान किया गया तथा 03 ओवर हाईट, ओवर लोड ट्रको का चालान किया गया। इसी क्रम में 02 बसों व 02 टैम्पो को निरूद्ध किया गया तथा अन्य 10 वाहनों का चालान किया गया। एआरटीओ प्रवर्तन डा. उदित नारायण ने जरूरी पार्किंग नियम के बारे में बताते हुए कहा कि कोशिश करें कि किसी भी वाहन को उस सड़क पर न छोड़े जहां ट्रैफ्रिक चल रहा हो। सड़क पर, ट्रैफ्रिक क्रॉसिंग के पास, मोड़ या गोल चक्कर के पास, हाईवे के किनारे सड़क के समीप कभी भी गाड़ी पार्क न करें।

## 20 ब्रह्मचारियों-बटुकों का उपनयन संस्कार और जोड़ों का विवाह संपन्न

**सीतापुर।** सनातन ब्राह्मण समाज द्वारा शहर के तिवारी चौराहा स्थित विश्वम्भर इण्टर कालेज में 20 ब्रम्हचारियों बटुकों का उपनयन संस्कार एवं जोड़ो का विवाह भी संपन्न कराया गया। प्रातः काल आचार्यो ने बटुकों को मंत्रोच्चार के साथ यज्ञोपवीत धारण कराया उपनयन संस्कार के दौरान बटुकों की तेल हल्दी की रस्म के साथ ही मंडप पूजन की विधि की गई। आचार्यो ने उपनयन संस्कार के बारे में बताते हुए ब्रह्मचर्य का महत्व बताया। गायत्री मंत्र के साथ ही दीक्षा दी इसके उपरान्त सभी बटुकों ने भिक्षा मांगी। सभी बटुको का माल्यार्पण करते हुए शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने कहा हिन्दू धर्म संस्कारों में उपनयन संस्कार के अनन्तर ही बालक के जीवन में भौतिक तथा आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है। फिर कन्या विवाह समारोह के दौरान जोड़ो का विवाह सम्पन्न कराया गया, अग्नि को साक्षी मान फेरे हुए, जयमाल के साथ परिजनों व समाज के पदाधिकारियों ने आशीर्वाद दिया। समाज ने जरूरत मुताबिक दान दहेज भी दिया। राम नारायन त्रिवेदी, महंत श्री श्री विद्यानंद चौतन्य महाराज, जिलाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी, रामदत्त मिश्रा, शिवकुमार शास्त्री, आकाश राय, कमलेश पांडेय, वेद प्रकाश त्रिपाठी, शशिकांति तिवारी, शशिकला मिश्रा, बाल कृष्ण शास्त्री, सुधांशु मिश्रा, रत्नेश द्धिवेदी आदि मौजूद थे।

## समाज के अंतिम व्यक्ति तक संचालित योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार का संकल्प-कौशल

**सीतापुर।** ब्लॉक कसमंडा की ग्राम पंचायत नयागांव, हरिहरपुर, बम्हेरा व जयरामपुर में आयोजित जन संवाद कार्यक्रमों में मोहनलालगंज सांसद, केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा समाज के अंतिम व्यक्ति तक केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार का संकल्प है। इस दौरान केन्द्रीय राज्यमंत्री ने सभी ग्रामीणों को नशा न करने का संकल्प भी दिलाया। इस मौके पर एमएलसी पवन सिंह चौहान, दुर्गेश सिंह, प्रधान प्रतिनिधि नयागांव वेद सिंह, प्रधान हरिहरपुर सुनीत सिंह, प्रधान प्रतिनिधि बम्हेरा रिंकू चौधरी, प्रधान जयरामपुर सुनील कुमार, सत्यप्रकाश सिंह, नवनीत पांडेय, प्रधान सरोजनी देवी, सुधीर, जयपाल शर्मा, रामखेलावन चौधरी, कौशल मिश्रा, अमित मोहन, राम निवास विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

## क्विक न्यूज

### सात अवैध कब्जेदारों पर मुकदमा दर्ज

**मोहम्मदी खीरी।** विकास खण्ड पसगवां के गाव सिसौरा नासिर गांव में अवैध कब्जेदारों के विरुद्ध आईपीसी की धारा.447 और सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धारा 2ए 3ए 5 के तहत 7 लोगों पर लेखपाल ने रिपोर्ट दर्ज करायी। उप जिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि वर्षो से सरकार की भूमि पर कब्जा कर रखा था। अनेकों बार प्रशासन द्वारा अवगत कराने के उपरांत भी यह लोग कब्जा नहीं छोड़ रहे थे। जिसको ध्यान में रखते हुए इन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है तथा टीम गठित कर शीघ्र कब्जा धारकों से भूमि खाली कराई जाएगी। मुकदमा दर्ज लोग महबूबए एजाजए तुफैल खांए मुन्ना खांए दिलसादए बाबू खां व सरबर खां सिसौरा के मूल निवासी हैं।

### देवेन्द्र सिंह चौहान बने करणी सेना के जिला महासचिव

**सीतापुर।** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के जिलाध्यक्ष मनोज सिंह चौहान ने सीतापुर शहर निवासी देवेंद्र सिंह चौहान बबलू को संगठन में जिला महासचिव पद पर मनोनीत किया है। उनका इस पद पर मनोनयन 20 मई 2022 से 19 मई 2023 तक निश्चित किया गया है। देवेंद्र सिंह चौहान को भेजे गए मनोनयन पत्र में जिलाध्यक्ष ने अपेक्षा की है कि वह पद की गरिमा वह सम्मान को बनाए रखते हुए संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का निष्ठा व ईमानदारी से निर्वहन करेंगे और उनके द्वारा अपने पद का व्यक्तिगत एवं राजनैतिक उपयोग हीं किया जाएगा। मनोनयन पर देवेंद्र सिंह चौहान के तमाम साथियों ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी है।

### टैबलेट व स्मार्टफोन वितरण में अवैध वसूली को लेकर छात्रों में आक्रोश

**सीतापुर।** ब्लॉक सिधौली क्षेत्र के जगदीशपुर स्थित रायल डिग्री कालेज में टैबलेट व स्मार्टफोन वितरित करने के नाम पर अवैध वसूली का मामला सामने आया है। जिसको लेकर छात्रों में आक्रोश है। छात्र संगठन के पदाधिकारी अंकित गिरी, तेज प्रताप सिंह के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने जगदीशपुर स्थित रायल डिग्री कालेज के प्रबंधन पर आरोप लगाया कि यूपी सरकार द्वारा मुफ्त में दिए जा रहे टैबलेट व स्मार्टफोन के नाम पर अवैध वसूली कर रहे हैं। अटरिया पुलिस टीम मौके पर पहुंची कार्यकर्ताओं को मनाने लगी। एसडीएम पंकज प्रकाश राठौर भी मौके पर पहुंच गए और कार्यकताओं को कार्रवाई का आश्वासन दिया। काफी मान-मनौव्वल के बाद कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक को संबोधित ज्ञापन सौंपा। एसडीएम ने कालेज प्रबंधन को कड़ी फटकार लगाई और कहा कि अगर अवैध वसूली करते पाएंगे तो डिग्री कालेज के खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रबंधक जया सिंह ने बताया कि कालेज में कोई अवैध वसूली नहीं की जा रही है। इस दौरान छात्र संगठन के पुनीत शर्मा, प्रदीप रावत, पंकज यादव, विशाल यादव, हर्ष त्रिपाठी, संदीप लोधी, हिमांशु शुक्ला, आदि मौजूद थे।

### भूमाफिया ने राजस्व टीम को दी गोली चलने की धमकी

**सीतापुर।** सदर तहसील के सहरोइया कालिकाबख्श में सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटवाए जाते समय भू माफिया ने राजस्व टीम को गोली चलने की धमकी दी। लेखपाल विवेक कुमार पांडेय, प्रधान की मौजूदगी में खलिहान में दर्ज गाटा संख्या 272 से अवैध कब्जा हटवाने गए थे। इसी बीच अवैध कब्जेदार भूमाफिया राधेश्याम पुत्र जमुना प्रसाद पहुंचा और लेखपाल समेत अधिकारियों व प्रधान से विवाद करने लगा। आरोप है कि राधेश्याम ने लेखपाल पर हमला किया और गोली चल जाने की धमकी दी। इसकी सूचना तहसीलदार सहित एसडीएम को दी गई। लिखित तहरीर कोतवाली देहात में भी दी गई। कोतवाली देहात पुलिस ने राधेश्याम पुत्र जमुना प्रसाद के खिलाफधारा 353 तथा 504 में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

### धड़ल्ले से संचालित हो रहे अवैध टैंपो स्टैंड

**सीतापुर।** कोतवाली मिश्रिख क्षेत्र के अंतर्गत नहर चौराहा पर पुलिस चौकी के निकट कुतुबनगर व सिधौली, नैमिषारण्य व सीतापुर रोड पर अवैध टैंपो स्टैंड धड़ल्ले से संचालित किए जा रहे हैं। यहां दिन भर बेतरतीब ढंग से प्राइवेट वाहन खड़े रहते हैं और लोगों का जमावड़ा भी लगता है। दुकानदार अमित ने बताया कई बार प्रशासन से शिकायत की गई लेकिन कोई करवाई नहीं की गई। लगभग 50 प्राइवेट वाहन यात्रियों को ढोने का कार्य कर रहे हैं यदि वास्तविक रूप से इनके कागज चेक किए जाए तो हकीकत अपने आप सामने आ जाएगी। दुकानों के आगे टैंपो स्टैंड होने से व्यापार भी चौपट होता है और अनियमित संचालन से हादसे का खता भी बना रहता है। स्थानीय दुकानदारों ने अवैध टैंपो स्टैंड को हटाये जाने की मांग की है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 92 शिकायतों में पांच का हुआ निस्तारण

संवाददाता। सीतापुर

**जिलाधिकारी** अनुज सिंह ने बिसवां में समाधान दिवस के दौरान काशीराम कालोनी के आवास अपात्रों से खाली कराकर पात्रों को आवंटित किए जाने के निर्देश तहसीलदार को दिए। जेई विद्युत वीके सिंह को कार्यों में लापरवाही व जनता का फोन रिसीव न करने पर वेतन रोकने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। बिसवां में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर कुल 92 शिकायतों में से 05 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। जबकि महमूदाबाद में 41 प्रार्थना पत्रों में से 07, लहरपुर में 46 प्रार्थना पत्रों में से 04, सिधौली में 85 प्रार्थना पत्रों में से 05, मिश्रिख में 25 प्रार्थना पत्रों में से 03, सदर में 49 प्रार्थना पत्रों में से 03, महोली में 25 प्रार्थना-पत्रों में से 05 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर किया गया। शेष शिकायतों को पृष्ठांकित कर निर्धारित समयावधि के अंदर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गए। लहरपुर तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें 48 शिकायतकर्ताओं ने अपनी अपनी समस्या के समाधान के लिए प्रार्थना पत्र दिए। मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा ने राजस्व से संबंधित 6 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों को उन्होंने पारदर्शिता पूर्ण ढंग से निस्तारण के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. राजीव दीक्षित, क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार सिंह, वन क्षेत्राधिकारी अभय कुमार मल्ल, एसडीएम पीएल मौर्या, तहसीलदार शशि बिंदु द्विवेदी आदि मौजूद थे। सिधौली तहसील सभागार मे सम्पूर्ण समाधान के दौरान एसडीएम पंकज प्रकाश राठौर से ब्लाक गोदलामऊ के धरौली गांव निवासिनी मुन्नी देवी ने राजस्व कर्मियों पर कई गंभीर आरोप लगाए। मुन्नी देवी का आरोप है कि धरौली गांव की जमीन जिसका गाटा संख्या 649 उसके नाम दर्ज है, न्यायिक प्रक्रिया के तहत धारा 24 का मुकदमा उसके द्वारा उपजिलाधिकारी की कोर्ट मे दायर किया गया था। जिसकी सुनवाई के बाद जमीन की पक्की पैमाइश का आदेश हुआ तो राजस्व निरीक्षक बीरपाल के नेतृत्व मे पांच सदस्यीय टीम ने जमीन की पैमाइस किया। जिसमें खेत मे लगे चिलवल, नीम, गूलर, यूके लिप्टस के एक दर्जन पेड़ पीडित के खेत मे पाए गये, जिसकी रिपोर्ट भी राजस्व निरक्षक द्वारा बनादी गयी । आरोप है कुछ ही दिन बाद विपक्षी गणों से साठ गांठ कर राजस्व निरीक्षक ने दूसरी रिपोर्ट बना दी। जिसमें सारे पेड गाटा संख्या 650 मे दर्शा दिए गए। कई बार शिकायत करने के बाद एसडीएम मौके पर स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे तो उन्होने बिना नाप के ही पेड विपक्षी के होना बता दिया। पीड़िता मुन्नी देवी एसडीएम से ही एसडीएम की शिकायत करने लगी तो सभी अवाक रह गए।

## 19 से 25 मई तक आयोजित होगा स्काउट्स व गाइड का सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**सीतापुर।** नैमिषारण्य तीर्थ स्थित अध्यात्म विद्यापीठ नारदानंद आश्रम में हिंदुस्तान स्काउट्स एवं गाइड का सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। हिंदुस्तान स्काउट्स एवं गाइड के मुख्य राज्य आयुक्त आशीष गुप्ता ने बताया कि यह कार्यक्रम युवा एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में कुल 37 स्काउट्स व 22 गाइड शामिल हैं। ये सभी प्रशिक्षु राष्ट्र की समृद्धि, समाज की एकता और उन्नति के लिए कार्य कर रहें हैं। 19 मई से शुरू कार्यक्रम 25 मई तक चलेगा। नैमिष तपोभूमि में इस प्रशिक्षण सत्र के दौरान गोमती नदी के राजघाट पर घाट की साफसफाई का काम किया जाएगा। वृक्षों को सुंदर और आकर्षक बनाने के लिए उनकी गेरू और चूने से रंगाई की जायेगी। इसके साथ ही तीर्थ को सुंदर और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए लोगों से प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए जागरूकता अभियान भी स्काउट्स के माध्यम से आयोजित किया जाएगा। मुख्य प्रशिक्षण आयुक्त पवन कुमार, गाइड विंग सीतापुर की साक्षी मिश्रा ने महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। इस मौके पर रौनक रंजन, रेखा मिश्रा, समीर कार्तिक, प्रिया, ज्योति गुप्ता, हिना पाठक, तृप्ति ओझा, अभिषेक, कैंप प्रभारी हरिओम शुक्ला मौजूद थे।

# 21 से 24 मार्च तक की काल डिटेल सार्वजनिक करें डीएमः अनुराग पटेल

- सपा प्रत्याशी ने जिलाधिकारी पर लगाए गंभीर आरोप

संवाददाता। लखीमपुर खीरी




**एमएलसी चुनाव** में सपा प्रत्याशी का नामांकन खारिज करने का मामला आखिरकार हाईकोर्ट तक पहुंच ही गया। शनिवार को सपा प्रत्याशी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल ने प्रेसवार्ता में इसकी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि 22 मार्च को अनूप गुप्ता द्वारा लिखित आपत्ति दाखिल की गई कि आज की तारीख तक नोटरी का रिनीवल नही हुआ है। जिलाधिकारी ने मुझसे कहा कि आप दूसरा शपथ पत्र दे दें इस आधार पर पर्चा खारिज नही होता है। श्री पटेल ने आरोप लगाया कि राजनैतिक दबाव में आकर जिलाधिकारी अपनी ही बात से पलट गए। मेरे द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति का जवाब दिया गया कि नोटरी एक्ट की धारा.10 के अनुसार वह 7 माह पूर्व ही नवीनीकरण की सारी प्रक्रिया पूरी कर चुका है व लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा.34;4द्ध के अनुसार कोई भी नामांकन तकनीकी आधार पर खारिज नही किया जा सकता है। जिलाधिकारी द्वारा न ही नोटरी एक्ट को पढ़ा गया न ही लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम को प ?ा गया। जिलाधिकारी द्वारा स्वयं किसी भी स्तर से नोटरी का वेरीफिक्रेशन भी नहीं कराया गया जबकि नोटरी का रिनीवल 14 मार्च को ही हो चुका था।

उन्होंने बताया कि मेरे द्वारा 24 मार्च को निर्वाचन आयोग के उत्तर प्रदेश कार्यालय लखनऊ भी जाकर शिकायत दर्ज करायी गयी लेकिन कोई सुनवाई नही हुयी। उच्च न्यायालय में 24 मार्च को मुझे इसलिए नही सुना गया कि निर्वाचन प्रक्रिया में उच्च न्यायालय द्वारा कोई हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता हैए न ही सर्वोच्च न्यायालय ही निर्वाचन प्रक्रिया को रोक सकता है। 12 अप्रैल को निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने के बाद उच्च न्यायालय लखनऊ बेन्च में न्याय हेतु जाया गया। 29 अप्रैल को उच्च न्यायालय में मेरी इलेक्शन पिटीशन को सुना गया व उच्च न्यायालय द्वारा नोटिस ईशू का आदेश हुआ है। अगली तारीख जुलाई के प्रथम सप्ताह में हो सकती है।

श्री पटेल का आरोप है कि जिलाधिकारीए अपर जिलाधिकारी के फोनों पर लगातार फोन आये व दबाव के चलते मेरा नामांकन निरस्त किया गया है। डीएम व एडीएम के मोबाईल फोन पर 21 मार्च से 24 मार्च तक किनके.किनके फोन आये हैए इसकी जांच होनी चाहिए। जिलाधिकारी को अपने फोनों की काल डिटेल निकलवाकर सार्वजनिक करना चाहिए।

## निशुल्क कोविड टीकाकरण शिविर का आयोजन

संवाददाता। सीतापुर

**भारतीय उद्योग** व्यापार मंडल एवं नोबल पैथ लैब्स के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क कोविड टीकाकरण शिविर का आयोजन मंगरहिया बाजार स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल में किया गया। जिसका उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला सह संघचालक अवधेश और डॉ. सुमित मेहरोत्रा ने फीता काटकर किया। शिविर में 79 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया। 70 लोगों के ब्लड और शुगर की निःशुल्क जांच भी की गई। इस मौके पर चिकित्साधिकारी डॉ. सुमित मेहरोत्रा, संघ के जिला व्यवस्था प्रमुख मुन्ना लाल मौर्य, व्यापार मंडल के जिला प्रभारी मोहित जायसवाल, संयोजक वंश मेहरोत्रा, पीयूष शर्मा, वरिंदर सिंह, अंशू रस्तोगी, लकी श्रीवास्तव, बादल मौर्या, रोहित भल्ला, चांद चरनजीत सिंह आदि मौजूद थे।

# शत-प्रतिशत टीकाकरण करने के लिए आयोजित हुई वर्कशॉप

- माइक्रो प्लान बनाने की दी गई जानकारी
- कॉपी पेस्ट करने के बजाय नई ड्यू लिस्ट तैयार कर करें छूटे हुए लाभार्थियों का टीकाकरणः सीएमओ

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**गर्भवती माताओं** और 2 वर्षो से छोटे आयु वर्ग के बच्चों सहित कोविड टीकाकरण को शत.शत करने के लिए सीएमओ डॉ शैलेंद्र भटनागर की अध्यक्षता में डब्ल्यूएचओ और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें सभी सीएचसी के अधीक्षकों सहित बीपीएम बीसीपीएम सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

सीएमओ ऑफिस सभागार में आयोजित वर्कशॉप के दौरान सीएमओ डॉण् शैलेंद्र भटनागर ने कहा कि सभी बीपीएम और बीसीपीएम पूरी ईमानदारी से टीकाकरण से छूटे लाभार्थियों के ड्यू लिस्ट बनाएं। यह वर्कशॉप माइक्रो प्लान बनाने को लेकर आयोजित की गई हैए जिसमें आपको माइक्रोप्लान की बारीकियां बताई गई हैं। सामान्य टीकाकरण हो या फिर कोविड टीकाकरण उसे शत.प्रतिशत करने के लिए आपके पास माइक्रो प्लान व लेटेस्ट ड्यू लिस्ट होनी जरूरी है कॉपी पेस्ट करके खुद का समय बर्बाद ना करें। वर्कशॉप में एसीएमओ डॉ अश्वनी कुमार एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता एसीएमओ डॉबीसी पंत डिप्टी सीएमओ डॉ लालजी पासी डब्ल्यूएचओ से एसएमओ डॉ विकास सिंह व यूनिसेफ से जिला कोऑर्डिनेटर मुकेश चौहान सहित डीपीएम अनिल कुमार यादव और डैम सतपाल सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पेज एक का शेष

## पेट्रोल 9.5...

में 0.40 प्रतिशत की बढ़ोतरी करनी पड़ी है। सरकार ने इसके पहले चार नवंबर, 2021 को भी पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क में पांच रुपए प्रति लीटर और डीजल पर 10 रुपए प्रति लीटर की कटौती की थी। लेकिन मार्च, 2022 के दूसरे पखवाड़े से पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में फिर से बढ़ोतरी शुरू हो गई थी जिसके लिए रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के दाम में हुई वृद्धि को जिम्मेदार बताया गया। बहरहाल उत्पाद शुल्क में ताजा कटौती होने के बाद पेट्रोल पर केंद्रीय कर घटकर 19.9 रुपए प्रति लीटर रह गया है जबकि डीजल के मामले में यह 15.8 रुपए प्रति लीटर है। सरकारी तेल विपणन कंपनियां उत्पाद शुल्क में इस कटौती का लाभ सीधे ग्राहकों तक पहुंचाएंगी। हालांकि इस फैसले की वजह से उन्हें पेट्रोल पर 13.08 रुपए प्रति लीटर और डीजल पर 24.09 रुपए प्रति लीटर का नुकसान उठाना होगा। ऐसा कच्चे तेल की लागत बढ़ने के बावजूद होल्डिंग दरों के स्थिर रहने के कारण होगा। सीतारमण ने अपने ट्वीट में कहा, हम पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क में आठ रुपए प्रति लीटर तक की कटौती और डीजल पर छह रुपए तक की कटौती कर रहे हैं। इससे पेट्रोल 9.5 रुपए प्रति लीटर तक सस्ता हो जाएगा जबकि डीजल के दाम में सात रुपए प्रति लीटर की कमी आएगी। इसके साथ ही केंद्रीय वित्त मंत्री ने भरोसा जताया कि राज्यों की सरकारें भी अपने स्तर पर पेट्रोल-डीजल पर लागू करों में कटौती करने की दिशा में आगे बढ़ेंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकारों के ऐसा करने से आम आदमी को राहत मिलेगी। सीतारमण ने कहा, आज दुनिया मुश्किल दौर से गुजर रही है।

## उदयपुर में...

नहीं देखता। यह विपक्ष के साथ सामूहिक प्रयास है, लेकिन यह भारत को फिर से हासिल करने की लड़ाई है। कांग्रेस ने शनिवार को संबंधित कार्यक्रम का वीडियो जारी किया। इसमें गांधी ने कहा कि मैंने उदयपुर में जो बात कही, जिसे गलत समझा गया, वह यह है कि यह अब एक वैचारिक लड़ाई है। यह एक राष्ट्रीय वैचारिक लड़ाई है, जिसका अर्थ है कि हम एक तमिल राजनीतिक संगठन के रूप में द्रमुक का सम्मान करते हैं, लेकिन कांग्रेस वह पार्टी है जिसकी राष्ट्रीय स्तर की विचारधारा है। उन्होंने घंटे भर के संवाद के दौरान कहा कि इसलिए, कांग्रेस को अपने बारे में एक ऐसे ढांचे के रूप में सोचना होगा जो विपक्ष को सक्षम बनाता हो। उन्होंने कहा कि कांग्रेस किसी भी तरह से अन्य विपक्षी दलों से श्रेष्ठ नहीं है। हम सभी एक ही लड़ाई लड़ रहे हैं। उनका अपना स्थान है, हमारा अपना स्थान है, लेकिन एक वैचारिक लड़ाई हो रही है जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के राष्ट्रीय दृष्टिकोण और कांग्रेस के दृष्टिकोण के बीच है। माकपा नेता सीताराम एचुरी और राजद नेता तेजस्वी यादव जैसे विपक्षी दलों के नेताओं की उपस्थिति में क्षेत्रीय दलों पर गांधी की यह टिप्पणी उदयपुर में कांग्रेस के तीन दिवसीय चिंतन शिविर में उनके द्वारा की गईं टिप्पणियों के विपरीत है।

## कांग्रेस नेता...

कहा कि बस आपको एक चिंगारी की जरूरत है और पूरा देश बड़ी परेशानी में होगा। भाटिया ने कहा कि यह वही कांग्रेस है जो 1984 के सिख विरोधी दंगों के बाद से दंगा भड़काने के लिए मिट्टी का तेल देश में फैलाया था। भाजपा प्रवक्ता ने राहुल गांधी को एक निराशाजनक कांग्रेस का अंशकालिक, अपरिपक्व, असफल नेता करार देते हुए आरोप लगाते हुहए कहा कि उन्होंने अमेरिका, ब्रिटेन और सिंगापुर जैसे विदेशी धरती पर अक्सर नकारात्मक बात की है। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि सरकार द्वारा राहुल गांधी की आईएफएस टिप्पणी पर कड़ा प्रहार किया जा रहा है, हां, इसे विदेश नीति की धज्जियां उड़ाते हुए राजनीतिक आकाओं के अधीन होना भी कहा जाता है। हां, इसे हमारे क्षेत्र पर अवैध कब्जे का सामना करने के लिए चीन के सामने खड़ा नहीं होना कहा जाता है। हां, इसे कहते हैं किसी पार्टी का एजेंडा आगे बढ़ाना, न कि देश का। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि कांग्रेस नेता एक अंशकालिक राजनेता और आदतन अपराधी हैं, वह और उनका परिवार भारत को नष्ट करने के लिए ओवरटाइम काम कर रहे हैं। भाजपा नेता ने कहा कि ऐसा लगता है कि राहुल भारत के लिए विचार के बजाय भारत को नष्ट करने के लिए विचार विषय पर एक संगोष्ठी में बोल रहे थे। प्रवक्ता ने कहा कि राहुल गांधी जब भी विदेश जाते हैं तो भारत की नकारात्मक तस्वीर पेश करते हैं। भाटिया ने कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के कथित ट्वीट पर विवाद का जिक्र किया कि जिसमें उन्होंने इंदिरा गांधी की हत्या और उसके बाद के सिख विरोधी दंगों के बाद पूर्व पीएम राजीव गांधी की टिप्पणी कि जब एक बड़ा पेड़ गिरता है, तो जमीन हिलती है का हवाला दिया।

## ज्ञानवापी में...

रुपए के निजी मुचलके और इतनी ही जमानत राशि जमा करने पर राहत दी। अदालत ने कहा कि उनकी पोस्ट निंदनीय थी, लेकिन यह समुदायों के बीच घृणा को बढ़ावा देने के प्रयास का संकेत नहीं देती। न्यायालय ने लाल को निर्देश दिया कि विवाद के संबंध में सोशल मीडिया पर कोई भी पोस्ट करने या साक्षात्कार देने से परहेज करेंगे। लाल को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 153 ए (धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास, भाषा के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देना और सद्भाव बिगाड़ने का कृत्य करना) और 295 ए (धर्म का अपमान कर किसी वर्ग की धार्मिक भावनाओं को जानबूझकर ठेस पहुंचाना) के तहत दिल्ली पुलिस द्वारा शुक्रवार रात गिरफ्तार किया गया था। मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ मलिक ने कहा कि किसी व्यक्ति द्वारा महसूस की गई आहत की भावना पूरे समूह या समुदाय का प्रतिनिधित्व नहीं करती है तथा आहत हुई भावना के संबंध में ऐसी किसी भी शिकायत को समूचे तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार करते हुए इसके संदर्भ में देखा जाना चाहिए। भारतीय सभ्यता दुनिया में सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है तथा सभी धर्मों के प्रति सहिष्णुता और उसे स्वीकार करने के लिए जानी जाती है। अदालत ने कहा कि शब्दों के जरिए दुश्मनी पैदा करने के इरादे की उपस्थिति या अनुपस्थिति व्यक्तिपरक प्रकृति की है, जैसा कि कोई व्यक्ति किसी बयान को पढ़कर या सुनकर ग्रहण करता है। भारत 130 करोड़ से अधिक लोगों का देश है और किसी भी विषय पर 130 करोड़ अलग-अलग विचार और धारणाएं हो सकती हैं। अदालत ने कहा कि हिंदू कॉलेज में इतिहास पढ़ाने वाले लाल की सोशल मीडिया पोस्ट एक विवादास्पद विषय पर व्यंग्य का एक असफल प्रयास प्रतीत हो सकता है, जो उल्टा पड़ गया है, जिसके परिणामस्वरूप प्राथमिकी दर्ज की गई।

## ओमप्रकाश चौटाला...

उनके बेटे अजय को भी 2013 में एक शिक्षक भर्ती घोटाले में भ्रष्टाचार का दोषी पाए जाने के बाद दस साल के कारावास की सजा सुनाई गई थी। अब 87 साल के ओपी चौटाला को जुलाई 2021 में जेल से रिहा किया गया था। रिपोर्टों के अनुसार अप्रैल 2019 में, प्रवर्तन निदेशालय ने चौटाला की दिल्ली, पंचकुला और सिरसा में 3.68 करोड़ रुपये की संपत्ति को उनके और अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में संलग्न किया।

## जम्मू-कश्मीर...

थे। बचाव अभियान जारी है। शुक्रवार को एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया था, जबकि दो स्थानीय लोगों सहित तीन अन्य लोगों को बचा लिया गया और उनकी हालत स्थिर है। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को कई घंटे की सघन खोजबीन के बाद एक और शव को बाहर निकाला गया। चट्टानों के नीचे से शव को निकालने में उन्हें दो घंटे से अधिक का समय लगा। बाद में सात और शवों को बाहर निकाला गया, जबकि एक और व्यक्ति की तलाश युद्ध स्तर पर जारी है। उपायुक्त ने पीटीआई-भाषा को बताया, (शनिवार को) दिन भर बचाव दल की कड़ी खोजबीन के दौरान घटनास्थल से आठ शव बरामद किए गए। एक और लापता मजदूर का पता लगाने के प्रयास जारी हैं।

## लापता विक्षिप्त...

उसके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। वीडियो में आरोपी को पीड़ित को बार-बार थप्पड़ मारते, उसका आधार कार्ड मांगते और उससे यह पूछते हुए देखा जा सकता है कि क्या उसका नाम मोहम्मद है। मनासा पुलिस थाने के प्रभारी केएल डांगी ने कहा, मृतक का अंतिम संस्कार करने के बाद उसके परिजनों को कथित वीडियो के बारे में पता चला और उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने भारतीय दंड संहिता (ओीपीसी) की धारा 302 (हत्या) और धारा 304 (गैर इरादतन हत्या) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डांगी के मुताबिक, प्रारंभिक सूचना के अनुसार वीडियो में दिख रहे व्यक्ति की पहचान मनासा निवासी दिनेश कुशवाहा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पीड़ित के साथ मारपीट करने वाला व्यक्ति और उसका वीडियो बनाने वाला शख्स फरार हैं। डांगी ने कहा, वीडियो शायद 19 मई को रिकॉर्ड किया गया था।

# नई शिक्षा नीति से हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकेंगे युवा : शाह

**भाषा।** देवमाली (अरुणाचल प्रदेश)



**केंद्रीय गृह** मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि नई शिक्षा नीति (एनईपी) देश के युवाओं को जीवन के सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए सक्षम बनाने के उद्देश्य से तैयार की गई है। तिरप जिले के नरोत्तम नगर में रामकृष्ण मिशन स्कूल के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता के 75 साल के अवसर पर मानवीय मूल्यों और शिक्षा के साथ-साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर आधारित एनईपी की शुरुआत की। शाह ने कहा कि 2020 की नई शैक्षिक नीति में दार्शनिक और श्री रामकृष्ण परमहंस के शिष्य स्वामी विवेकानंद तथा 125 साल पहले रामकृष्ण मिशन के संस्थापक के विचारों को शामिल किया गया है।

शिक्षा पर स्वामी विवेकानंद के दर्शन का उल्लेख करते हुए शाह ने कहा कि यह लोगों को बुद्धिमान बनाने, लोगों की आंतरिक शक्ति को जगाने और इसे एक दिशा देने का माध्यम है। उन्होंने कहा, यदि शिक्षा किसी व्यक्ति को जीवन की सभी चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार नहीं कर सकती है, तो यह व्यर्थ है[8230]अगर शिक्षा इंसान के चरित्र को नहीं ढाल सकती तो वह बेकार है। 21वीं सदी को ज्ञान की सदी करार देते हुए शाह ने कहा कि देश के युवाओं को दुनिया भर के युवाओं के बराबर खड़ा करने के लिए सक्षम बनाने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा, एनईपी का उद्देश्य युवाओं को इस तरह तैयार करना है जो दूसरे देशों के युवाओं के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकें। रामकृष्ण मिशन की सराहना करते हुए शाह ने कहा, अपने अस्पतालों में मरीजों का इलाज कर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर इसने अनुकरणीय प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है जिसके लिए राष्ट्र इसे सलाम करता है। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश के शिक्षा क्षेत्र और सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन में रामकृष्ण मिशन के योगदान की भी प्रशंसा की। शाह ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश के लोग देशभक्ति की सच्ची भावना का प्रदर्शन करते हैं जिसे तब देखा जा सकता है जब वे नमस्ते के बजाय जय हिंद शब्दों के साथ लोगों का अभिवादन करते हैं। उन्होंने कहा, यह विशिष्टता देश के अन्य हिस्सों में नहीं देखी जाती है। राज्य के लोगों में देशभक्ति की भावना जगाने का श्रेय रामकृष्ण मिशन को जाता है। उन्होंने कहा कि मंदिर बनाना एक नेक काम है लेकिन स्कूल स्थापित करना और लोगों को ज्ञान देना अधिक मूल्यवान है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, राज्य में रामकृष्ण मिशन द्वारा की गई 50 साल की अनुकरणीय सेवा उल्लेखनीय है और मैं इसके भिक्षुओं को विपरीत परिस्थितियों के बावजूद मानव जाति की समर्पित सेवा के लिए सलाम करता हूं। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश दशकों से समस्याओं का सामना कर रहा है और चुनौतियां धीरे-धीरे कम हो रही हैं। शाह ने कहा, लेकिन राज्य को कभी भी समस्याओं से प्रभावित नहीं देखा गया क्योंकि पिछले 50 वर्षों से रामकृष्ण मिशन राज्य को अपनी सेवा प्रदान कर रहा है। जिन स्थानों पर रामकृष्ण मिशन पहुंचा, उसने स्थानीय संस्कृति और विरासत, बोलियों और धर्म को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। शाह ने कहा, अरुणाचल प्रदेश आज अपनी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं के साथ गर्व से आगे बढ़ रहा है, जो रामकृष्ण मिशन के निरंतर समर्थन के कारण ही संभव हुआ है। चुनौतियों के बावजूद राज्य ने केंद्र के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखा और 2014 में केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सत्ता में आने के साथ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्वोत्तर के प्रति नई दिल्ली की धारणा को बदल दिया। उन्होंने कहा, भाजपा के नेतृत्व वाली राजग सरकार के आठ साल के सफर में, प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली और पूर्वोत्तर के बीच की दूरी को कम किया है और इस क्षेत्र को देश का एक अभिन्न अंग माना है जो पहले नहीं देखा गया था। शाह ने कहा कि पहले के प्रधानमंत्रियों ने 50 साल में पूर्वोत्तर की जितनी यात्रा नहीं की, उनकी तुलना में पिछले आठ वर्षों की छोटी सी अवधि में मोदी ने पूर्वोत्तर की यात्रा की। शाह ने कहा, बुनियादी ढांचे के विकास के अलावा अच्छी सड़क, हवाई और ट्रेन कनेक्टिविटी के साथ, मोदीजी ने पूर्वोत्तर को शेष भारत से जोड़ा है। अरुणाचल प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर आए शाह ने स्कूल परिसर में स्वामी विवेकानंद की 18 फुट की प्रतिमा का अनावरण करने के अलावा नए छात्रावास भवन और प्रशासनिक खंड का भी उद्घाटन किया।

# गुजरात में पार-तापी-नर्मदा नदी जोड़ो परियोजना रद्द


**भाषा।** सूरत

**गुजरात के** मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने शनिवार को पार-तापी-नर्मदा नदी जोड़ो परियोजना को रद्द करने की घोषणा की। विस्थापन की आशंका के चलते आदिवासी समुदाय के लोग इस परियोजना के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे थे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की गुजरात इकाई के अध्यक्ष सी आर पाटिल ने लगभग दो महीने पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात के बाद कहा था कि केंद्र द्वारा इस परियोजना को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। पाटिल के आश्वासन दिए जाने के बाद भी आदिवासियों का विरोध-प्रदर्शन जारी रहा क्योंकि उन्हें परियोजना के लागू होने का संदेह था। प्रदर्शनकारियों ने परियोजना से प्रभावित होने वाले जिलों से बड़े पैमाने पर विस्थापन की आशंका जताई थी।

मुख्यमंत्री पटेल ने संवाददाताओं से कहा, इस परियोजना के लिए गुजरात सरकार द्वारा कोई मंजूरी नहीं दी गई है। राज्य सरकार ने फैसला किया है कि इसे किसी भी परिस्थिति में आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। हमारे आदिवासी भाई-बहनों की भावनाओं का सम्मान करते हुए परियोजना को रद्द करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र द्वारा घोषित किसी भी परियोजना को केवल राज्य सरकार की मंजूरी के बाद ही आगे बढ़ाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा, इस परियोजना के लिए राज्य सरकार ने कोई मंजूरी नहीं दी है और राज्य सरकार ने किसी भी हालत में इसे आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया है। उन्होंने दावा किया कि कुछ लोगों द्वारा गुमराह किए जाने के कारण आदिवासी समुदाय में इस परियोजना को लेकर गुस्सा है। पटेल ने कहा कि इस परियोजना की घोषणा आदिवासियों के हितों को ध्यान में रखते हुए की गई थी क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत केंद्र सरकार और राज्य सरकार आदिवासी समुदाय के लाभ के लिए विभिन्न योजनाओं को लागू कर रही है।

# भारत का जीवन यापन का पारंपरिक ग्राम्य तौर -तरीका कर रहा है वैश्विक समुदाय का मार्गदर्शन: कोविंद

**भाषा।** वड़ोदरा



**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद ने शनिवार को कहा कि भारत का जीवन यापन का पारंपरिक ग्राम्य तौर-तरीका जलवायु संकट से जूझ रहे विश्व समुदाय का मार्गदर्शन कर रहा है। राष्ट्रपति ने गुजरात के वड़ोदरा जिले के कुंडलधाम में श्री स्वामीनारायण मंदिर द्वारा आयोजित युवा शिविर को संबोधित करते हुए यह बात कही। उनका भाषण पहले से वीडियो संदेश के रूप में रिकार्ड किया गया था जिसे यहां चलाया गया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी में वैदिक सनातन संस्कृति के जीवन-मूल्यों को भरने के पावन उद्देश्य से आयोजित किए गए इस शिविर में बोलते हुए उन्हें बड़ी खुशी है।

कोविंद ने कहा, भारत का जीवन यापन का पारंपरिक ग्राम्य तौर -तरीका विश्व समुदाय का मार्गदर्शन कर रहा है जो जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से लड़ रहा है। हम सभी पर्यावरण की रक्षा कर एवं प्रकृति के करूणामय व्यवहार कर अपनी पृथ्वी को बचा सकते हैं। अपनी नदियों, तालाबों, पेड़-पौधों, बीजों, गायों एवं सभी जीवों की रक्षा कर मानव जाति को भी बचाया जा सकता है। उन्होंने पर्यावरण की रक्षा के लिए मंदिर द्वारा की गई पहल की सराहना की। उन्होंने कहा, गुजरात ने देश के सामने औद्योगिकी प्रगति की झांकी पेश की है तथा प्राकृतिक खेती एवं शून्य बजट कृषि का उदाहरण भी प्रस्तुत किया गया है। वह जैविक कृषि तथा आयुर्वेदिक एवं औषधीय पेड़-पौधों की खेती को बढ़ावा देने के मंदिर के प्रयासों का हवाला दिया। ए पेड़-पौधे जरूरतमंदों को मुफ्त बांटे जाते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि युवा समाज एवं राष्ट्र की प्रगति में अहम भूमिका निभाते हैं तथा उन्हें व्यसन मुक्त जीवन जीने के लिए मार्गदर्शन देने की जरूरत है। उन्होंने कहा, कुंडलधाम श्री स्वामीनारायण मंदिर ने प्राकृतिक आपदाओं के समय जरूरतमंदों की सहायता कर, गरीबों को मुफ्त भोजन एवं दवाइयां प्रदान कर तथा महामारी के दौरान मंदिर को कोविड अस्पताल में तब्दील कर राष्ट्र की सेवा का आदर्श नमूना पेश किया है।

# शिवाजी महाराज से संबंधित स्थान पर वीडियो बनाने के आरोप में महिला नृत्यांगना के खिलाफ प्राथमिकी

**भाषा।** पुणे

**पुलिस ने** यहां छत्रपति शिवाजी महाराज से संबंधित लाल महल पर भारतीय लोक नृत्य लावणी की शूटिंग करने के आरोप में एक महिला कलाकार और तीन अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। शिवाजी महाराज ने अपने जीवन के कई आरंभिक वर्ष इस स्थान पर गुजारे थे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) समेत कुछ राजनीतिक संगठनों ने नृत्य संबंधी वीडियो की निंदा की, जिसके चलते नृत्यांगना वैष्णवी पाटिल को माफी मांगनी पड़ी। अधिकारी ने कहा कि पाटिल और तीन अन्य के खिलाफ लाल महल के चौकीदार की शिकायत पर शुक्रवार रात फराशखाना थाने में मामला दर्ज किया गया। लाल महल शहर के बीचोबीच स्थित लाल रंग की इमारत है, जहां मराठा योद्धा शिवाजी महाराज ने अपने बचपन के कई वर्ष गुजारे थे। पुलिस अधिकारी ने कहा, वैष्णवी पाटिल ने सोमवार को लाल महल में लावणी नृत्य की प्रस्तुति दी और उनके साथ मौजूद लोगों ने इसका वीडियो बनाया, जिसे उन्होंने बाद में सोशल मीडिया पर सार्वजनिक कर दिया। उस समय ड्यूटी कर रहे चौकीदार की शिकायत में कहा गया है उसने उन्हें स्मारक के परिसर में नृत्य नहीं करने और वीडियो नहीं बनाने के लिए कहा। अधिकारी ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 295 और 186 के तहत मामला दर्ज किया गया है। लावणी महाराष्ट्र का लोकप्रिय लोक नृत्य है, जिसमें कामुक भावभंगिमाओं की अधिकता होती है।महाराष्ट्र के मंत्री तथा राकांपा के नेता जितेंद्र अव्हाड ने घटना की निंदा की। उन्होंने ट्वीट किया, शिवाजी महाराज का लाल महल नृत्य की वीडियो शूट करने के लिए नहीं है।

# माता वैष्णो देवी मंदिर के मुख्य पुजारी का निधन, उपराज्यपाल ने शोक व्यक्त किया

**भाषा।** जम्मू

**जम्मू कश्मीर** के रियासी जिले में माता वैष्णो देवी मंदिर के मुख्य पुजारी अमीर चंद का शनिवार को उनके आवास पर निधन हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि 85 वर्षीय प्रथम पुजारी की उनके कटरा स्थित आवास पर दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई तथा उनका अंतिम संस्कार आज दिन में बालगंगा में किया जाएगा। उपराज्यपाल एवं श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एमएमवीडीएसबी) के अध्यक्ष मनोज सिन्हा ने पुजारी के निधन पर दुख व्यक्त किया। उपराज्यपाल ने एक ट्वीट में कहा, माता वैष्णो देवी जी के मुख्य पुजारी श्री अमीर चंद जी के निधन की खबर अत्यंत दुखद है। मैं उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। शोक संतप्त परिवार और अनुयायियों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। ओम शांति।

# खिलौने एकत्र करने के लिए ठेला लेकर निकलेंगे मुख्यमंत्री चौहान

## ● कांग्रेस ने इसे नौटंकी बताया

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की है कि वह राज्य में कुपोषण को खत्म करने के बारे में जागरुकता फैलाने के मकसद से एक ठेला लेकर निकलेंगे और आंगनबाड़ियों के बच्चों के लिए खिलौने एकत्र करेंगे। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि आंगनबाड़ियों के संचालन में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना जरूरी है।



चौहान ने कहा, मैं भोपाल में आंगनबाड़ियों के बच्चों के लिए खिलौने एकत्र करने के लिए ठेला लेकर निकलूंगा। लोगों को इस काम से जोड़ना मेरा एक मिशन है। हमारे बच्चे कुपोषित क्यों रहें?

उन्होंने कहा कि बच्चों को कुपोषण से मुक्त करना अकेले आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का कर्तव्य नहीं है, समाज में जागरूकता होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने जनभागीदारी की आशा व्यक्त करते हुए कहा कि अडाप्ट एन आंगनबाड़ी कार्यक्रम के तहत अधिक से अधिक लोगों को आंगनबाड़ी अपनाने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। सूत्रों के अनुसार चौहान 24 मई को यह कार्यक्रम कर सकते हैं।

हालांकि प्रदेश कांग्रेस ने मुख्यमंत्री की घोषणा को नौटंकी करार दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा को सुर्खियों में आने के लिए कोई न कोई कार्यक्रम आयोजित करना ही है। कमलनाथ ने कहा, कुछ भी कर लो, ठेला चलाने समेत कोई भी नौटंकी कर लो। वह सोचते हैं कि इससे प्रदेश की जनता गुमराह होगी, लेकिन मुझे मतदाताओं और प्रदेश की जनता पर पूरा विश्वास है कि वह अंत में सच्चाई पहचान कर, सच्चाई का साथ देगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बेरोजगारी की बात नहीं करते? बिजली संकट और किसानों की बात नहीं करते? अब तो वह समय आ रहा है कि, वह स्थाई तौर पर ठेला चलाएंगे।

# हनीट्रैप में फंसा सेना का जवान, गिरफ्तार

**जयपुर।** भारतीय सेना के एक जवान को पाकिस्तानी एजेंट को भारतीय सेना के बारे में गोपनीय और राजनीतिक जानकारी साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार जोधपुर में गनर के पद पर तैनात प्रदीप कुमार पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के एक एजेंट के संपर्क में था। सेना के जवान की आवाजाही पर नजर रखी जा रही थी। यह पाया गया कि सैनिक फेसबुक और व्हाट्सएप के माध्यम से एक पाकिस्तानी महिला एजेंट के संपर्क में था और गोपनीय जानकारी साझा कर रहा था। इसके बाद आरोपी को 18 मई को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया और फिर गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारी ने बताया कि आरोपी तीन साल पहले भारतीय सेना में भर्ती हुआ था और मूल रूप से उत्तराखंड का रहने वाला है। अधिकारियों के अनुसार आरोपी कुमार के पास करीब छह महीने पहले उनके मोबाइल फोन पर एक कॉल आया था। छद्म नाम की महिला ने अपने आप को ग्वालियर की रहने वाली व बंगलुरु स्थित एमएनएस में पदस्थापित होना बताया। जिसके पश्चात दोनों व्हाट्सएप पर चैट और वीडियो कॉल द्वारा बातें करने लगे। उक्त महिला एजेंट द्वारा आरोपी से दिल्ली आकर मिलने व शादी करने का झांसा देकर आर्मी से सम्बंधित गोपनीय दस्तावेज के फोटो मांगना शुरू कर दिया। आरोपी ने हनीट्रैप में फंसकर अपने कार्यालय से सेना से सम्बंधित गोपनीय दस्तावेजों की फोटो चोरी छिपे अपने मोबाइल से खींचकर व्हाट्सएप के जरिए महिला एजेंट को भेजे।

# मैं भंवर में फंसा हुआ हूं : धामी

**भाषा।** देहरादून

**चंपावत में** 31 मई को होने वाले विधानसभा उपचुनाव से पहले उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को कहा कि वह अब भी भंवर में फंसे हुए हैं। यहां पूर्व प्रदेश पुलिस महानिदेशक अनिल रतूड़ी की पहली पुस्तक भंवर : एक प्रेम कहानी का विमोचन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, भंवर हम सबके जीवन में आता है। मैं कुछ दिन पहले भंवर में फंसा था और अब भी भंवर में ही फंसा हुआ हूं। धामी के यह कहते ही पूरा सभागार ठहाकों से गूंज उठा। हालांकि, मुख्यमंत्री ने चंपावत उपचुनाव का जिक्र नहीं किया, जहां से वह विधायक बनने की दौड़ में शामिल हैं। मालूम हो कि फरवरी में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को जीत की दहलीज तक पहुंचाने वाले धामी खुद खटीमा सीट से हार गए थे। हालांकि, उत्तराखंड फिर मांगे, मोदी-धामी की सरकार के नारे पर चुनाव लड़ने वाली भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने धामी पर एक बार फिर भरोसा जताते हुए मुख्यमंत्री पद की बागडोर उन्हें ही सौंपी। संवैधानिक बाध्यता के चलते धामी को



शपथ ग्रहण के छह माह के भीतर विधानसभा का सदस्य निर्वाचित होना है। धामी ने 23 मार्च को दूसरी बार प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी।

उपचुनाव का मार्ग प्रशस्त करने के लिए चंपावत से भाजपा विधायक कैलाश गहतोड़ी ने इस्तीफा दे दिया था। धामी ने कहा कि एक वर्दीधारी अफसर जब प्रेमकथा लिखता है तो उसके हृदय में किस प्रकार की भावनाएं होंगी, यह रतूड़ी की पुस्तक में दिखता है। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के अपर मुख्य सचिव पद पर तैनात उनकी आईएएस पत्नी राधा रतूड़ी का भी जिक्र किया और कहा, जहां राधा होंगी, वहां प्रेम तो होगा ही। धामी ने कहा कि पूर्व पुलिस अधिकारी ने अपनी पुस्तक में बचपन से लेकर अब तक के जीवन के अनुभवों और घटनाओं के बारे में लिखा है।साहित्य में अपनी दिलचस्पी का जिक्र करते हुए धामी ने कहा कि वह समझ सकते हैं कि काम और दायित्व के दबाव के बीच अपनी साहित्यिक अनुभूतियों और खुद को बचाकर रखना कितना कठिन है, लेकिन अच्छी बात यह है कि रतूड़ी एक अच्छे इनसान बने हुए हैं।विमोचन कार्यक्रम में मौजूद साहित्यकारों ने भी पुस्तक की प्रशंसा करते हुए इस बात का विशेष जिक्र किया कि रतूड़ी उस श्रेणी में आते हैं, जिनमें शामिल लेखकों ने अंग्रेजी माध्यम का छात्र होने के बावजूद साहित्य सृजन के लिए अपनी मातृभाषा हिंदी को चुना। वरिष्ठ साहित्यकार पद्मश्री लीलाधर जगूड़ी ने लेखक की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने पुस्तक के नायक को आईएएस अधिकारी के पात्र में पेश किया है, जो ईमानदारी से अपने कतर्व्यों के निर्वहन के दौरान सरकारी तंत्र से जूझता है।

# राबड़ी देवी ने हंगामा कर रहे राजद समर्थक को मारा थप्पड़

**भाषा।** पटना

**बिहार की** पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने सीबीआई छापेमारी के खिलाफ यहां उनके आवास के बाहर हंगामा कर रहे राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के एक कार्यकर्ता को थप्पड़ मार दिया। राजद के समर्थक यहां 10 सर्कुलर रोड के बाहर हंगामा कर रहे थे जो कि राबड़ी देवी का आवास है। राजद कार्यकर्ताओं के हंगामे से नाराज होकर राबड़ी देवी ने एक कार्यकर्ता को थप्पड़ मार दिया। आवास पर अंदर से सीबीआई के एक दल ने ताला लगा दिया था।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के दल ने, राबड़ी के पति लालू यादव के विरुद्ध दर्ज रेलवे भर्ती घोटाला मामले के संबंध में शुक्रवार को उक्त आवास पर छापेमारी की थी। सीबीआई द्वारा तलाशी और पूछताछ कई घंटों तक चलती रही और राजद कार्यकर्ता केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर राजनीतिक प्रतिशोध का आरोप लगाते हुए नारेबाजी कर रहे थे। सरकारी बंगले के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। यह बंगला राबड़ी देवी को पूर्व मुख्यमंत्री होने के नाते दिया गया है और मुख्यमंत्री आवास से कुछ ही दूरी पर स्थित है। शुक्रवार शाम को जब सीबीआई का दल कार्वाई पूरी कर बंगले से बाहर आने लगा तो एजेंसी के विरोध में नारेबाजी तेज हो गई और अधिकारियों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए राबड़ी देवी खुद अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव के साथ बाहर आईं। इस घटना का वीडियो शनिवार को वायरल हो गया। वीडियो में देखा जा सकता है कि राबड़ी देवी (66) समर्थकों से शांत होने का अनुरोध कर रही हैं। तभी उन्होंने हंगामा कर रहे एक समर्थक को थप्पड़ मार दिया जिसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने उसे हटाया। पास खड़े एक व्यक्ति ने कहा, मैडम और लालूजी हमारे लिए माता-पिता जैसे हैं। माता-पिता जब आपको गलती के लिए थप्पड़ मारते हैं तो आप बुरा नहीं मानते।

# केरल की अदालत ने घृणा भाषण के मामले में जॉर्ज को अग्रिम जमानत देने से इंकार किया

**कोच्चि।** यहां की सत्र अदालत ने शनिवार को वरिष्ठ नेता पीसी जॉर्ज की ओर से दायर अग्रिम जमानत याचिक खारिज कर दी। जॉर्ज ने यह याचिका घृणा भाषण के मामले में दायर की थी। जॉर्ज ने एर्णाकुल जिले के वेन्नला स्थित मंदिर में उत्सव के दौरान दिए गए अपने भाषण में कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस संबंध में पुलिस ने 10 मई को जॉर्ज के खिलाफ प्रथमिकी दर्ज की थी। अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश जी गिरिश ने जॉर्ज की अर्जी खारिज की। पुलिस ने उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा-153 (विभिन्न समूहों में वैमनस्य को बढ़ावा देना) और धारा-295ए (किसी समूह की धार्मिक भावनाओं को भड़काने किसी वर्ग के धर्म का अपमान करने का शरारती कृत्य) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) जब सत्ता में था तब जॉर्ज मुख्य सचेतक थे।

# तेजस्वी को लगता है सीबीआई ने गलत किया, तो वह अदालत जा सकते हैं : भाजपा

**भाषा।** पटना

**बिहार में** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव को चुनौती दी कि यदि उन्हें लगता है कि सीबीआई उनके अभिभावकों लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के खिलाफ गलत काम कर रही है तो वह सबूत के साथ अदालत का रुख कर सकते हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) द्वारा तेजस्वी यादव के माता-पिता के दिल्ली और पटना स्थित आवासों पर छापेमारी किए जाने के एक दिन बाद, भाजपा ने यादव को यह याद दिलाने की कोशिश भी की कि प्रसाद की कानूनी मुश्किलें केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाले संप्रग शासन के दौरान शुरू हुई थी।

राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव लंदन में हैं। उन्होंने अपने माता-पिता के नए मामले में फंसने के बारे में जानकारी होने के बाद ट्विटर पर आक्रोश व्यक्त किया। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री यादव ने ट्वीट किया, ऐ हवा, जाकर तुम कह दो दिल्ली के दरबारों से, नहीं डरा है, नहीं डरेगा लालू इन सरकारों से। हालांकि यादव ने किसी पार्टी का नाम नहीं लिया, लेकिन भाजपा प्रवक्ता और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव निखिल आनंद ने एक बयान में कहा, हम समझते हैं कि लालू जी वृद्ध और बीमार हैं और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं, लेकिन तेजस्वी को याद रखना चाहिए कि उनके पिता की मुसीबत तब शुरू हुई थी जब संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार सत्ता में थी। उन्होंने कहा कि भाजपा उस समय विपक्ष में थी और उसने चारा घोटाले को उजागर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।आनंद ने कहा, हालांकि पहली दोषसिद्धि जिसके तहत लालू जी को अयोग्य ठहराया गया, वह भी 2013 में हुई जब कांग्रेस सत्ता में थी। तब से, सीबीआई एक स्वतंत्र एजेंसी के रूप में काम कर रही है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि अगर तेजस्वी यादव को अभी भी लगता है कि केंद्रीय एजेंसी कुछ अनुचित कर रही है, तो उन्हें सबूत इकट्ठा करना चाहिए और संबंधित अदालत के समक्ष अपनी दलीलें देनी चाहिए। उम्मीद है कि उन्होंने न्यायपालिका में विश्वास नहीं खोया है। रेलवे भर्ती घोटाले के संबंध में सीबीआई द्वारा दर्ज की गई नई प्राथमिकी प्रसाद के रेल मंत्री के तौर पर कार्यकाल के समाप्त होने के 13 साल बाद सामने आई है। राजद पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता खुले तौर पर आरोप लगाते रहे हैं कि सीबीआई की यह कार्वाई भाजपा द्वारा प्रायोजित है जो केंद्र की सत्ता में है।

# सीबीआई ने बंगाल के मंत्री से बेटी की अवैध नियुक्ति के सिलसिले में तीसरे दिन पूछताछ की

**कोलकाता।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने पश्चिम बंगाल के मंत्री परेश अधिकारी से, उनकी बेटी अंकिता की प्राथमिक स्कूल में शिक्षिका के तौर पर अवैध नियुक्ति के मामले में, लगातार तीसरे दिन पूछताछ की। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को अंकिता अधिकारी को सरकारी स्कूल में शिक्षिका के पद से बर्खास्त कर दिया और 41 महीने का वेतन लौटाने को कहा। शिक्षा राज्यमंत्री अधिकारी आज पूर्वाह्न 10 बजकर 35 मिनट पर सीबीआई कार्यालय पहुंचे। उनके हाथ में एक फाइल थी जिसके बारे में सूत्रों का दावा है कि उसमें नियुक्ति से संबंधित महत्वपूर्ण कागजात थे। सीबीआई के एक अधिकारी के अनुसार, मंत्री से उन फोन कॉल के बारे में पूछताछ की जा सकती है जो उन्होंने अंकिता की नियुक्ति के लिए किए थे। सीबीआई अधिकारी ने कहा, इन फोन कॉल का संबंध प्राथमिक स्कूल में उनकी बेटी की सहायक शिक्षिका के तौर पर नियुक्ति से हो सकता है।

# आगामी फिल्म धक-धक का फिल्मांकन शुरू



**मुंबई।** फातिमा सना शेख, रत्ना पाठक शाह, दीया मिर्जा और संझना सांघी सहित विभिन्न कलाकारों ने आगामी फिल्म धक धक की शूटिंग शुरू कर दी है। निर्माताओं ने यह जानकारी दी। वायकॉम18 स्टूडियोज और तापसी पन्नू की आउटसाइडर्स फिल्म्स के सहयोग से बन रही इस फिल्म का निर्देशन तरुण दुडेजा संभाल रहे हैं। फिल्म की पटकथा दुडेजा और पारिजात जोशी ने मिलकर लिखी है। फिल्म निर्माता पन्नू ने शुक्रवार देर रात इंस्टाग्राम पर फिल्म के कलाकारों की पहली झलक के साथ जानकारी साझा की। उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, हमने यह यात्रा शुरू कर दी है। फिल्म से जुड़े एक सूत्र के मुताबिक, समूह ने इस सप्ताह की शुरुआत में फिल्म का फिल्मांकन शुरू कर दिया था। दर्शकों को शुरू से ही अपनी यात्रा के बारे में हर जानकारी देने के लिए धक धक समूह ने इंस्टाग्राम पर एक विशेष पेज बनाया है।

## भूल भुलैया-2 ने पहले दिन की 14 करोड़ की कमाई

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन अभिनीत हॉरर कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 2 ने भारत में प्रदर्शन के पहले दिन 14.11 करोड़ रुपए की कमाई की है। फिल्म का निर्देशन अनीस बाजमी ने किया है और टी-सीरीज तथा सिने वन स्टूडियोज के बैनर तले भूषण कुमार, मुराद खेतानी और कृष्ण कुमार इसके निर्माता हैं। सिने वन स्टूडियोज ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से पहले दिन की कमाई के आंकड़े जारी किए। पोस्ट में कहा गया, हंसी और डर के साथ पारिवारिक फिल्म सबका मनोरंजन कर रही है। भूल भुलैया 2 प्रियदर्शन की 2007 में आई फिल्म का सीक्वेल है।



मुंबई में अपनी फिल्म भूल भुलैया-2 का प्रचार करते अभिनेता कार्तिक आर्यन और अभिनेत्री किरा आडवाणी

# भारत और जापान श्रीलंका को लाखों डॉलर की खाद्य सामग्री उपलब्ध कराएंगे



**भाषा। कोलंबो**

**भारत और** जापान, आर्थिक संकट का सामना कर रहे श्रीलंका को लाखों डॉलर की खाद्य सामग्री उपलब्ध कराएंगे। कोलंबो में भारतीय उच्चायोग ने शुक्रवार को कहा कि चावल, दवाएं और दूध के पाउडर जैसी तात्कालिक सहायता सामग्री लेकर एक भारतीय पोत रविवार को कोलंबो पहुंचेगा। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने राहत सामग्री से लदा पोत बुधवार को चेन्नई से रवाना किया। पहली खेप में नौ हजार मीट्रिक टन चावल, दो सौ मीट्रिक टन दूध का पाउडर और 24 मीट्रिक टन दवाएं शामिल हैं जिनका कुल मूल्य 45 करोड़ रुपए है। भारतीय उच्चायोग ने ट्वीट किया, भारत के लोग श्रीलंका के साथ खड़े हैं। चावल, दूध पाउडर और दवाएं, जिनका मूल्य दो अरब श्रीलंकाई रुपए (56 लाख डॉलर) है, रविवार को कोलंबो पहुंचेगा। जापान ने भी विश्व खाद्य कार्यक्रम के तहत 15 लाख अमेरिकी डॉलर की खाद्य राशन और स्कूली भोजन की सहायता देने की घोषणा की है। श्रीलंका के जापानी दूतावास के अधिकारी कात्सुकी कोतारो ने कहा, जापान की सरकार विश्व खाद्य कार्यक्रम के जरिए 15 लाख डॉलर की तात्कालिक सहायता देगी जिससे तीन महीने की आवश्यक खाद्य आपूर्ति, चावल, दाल और तेल, श्रीलंका के लगभग 15 हजार शहरी और ग्रामीण लोगों तथा 3,80,000 स्कूली बच्चों को दिया जा सकेगा। कोतारो ने कहा, हमें उम्मीद है कि इस मानवीय सहायता से श्रीलंका के लोगों को भोजन मिलने में सुविधा होगी और पोषण की कमी नहीं होगी।

## सरकार ने देश में लागू आपातकाल हटाया

**कोलंबो।** श्रीलंका सरकार ने देश में लागू आपातकाल शनिवार को हटा लिया। देश में अभूतपूर्व आर्थिक संकट और सरकार विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए दो सप्ताह पहले आपातकाल लागू किया गया था। श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे ने एक महीने के अंदर दूसरी बार छह मई की मध्यरात्रि आपातकाल लागू किया था। हिरु न्यूज की खबर के अनुसार राष्ट्रपति सचिवालय ने कहा है कि शुक्रवार मध्यरात्रि से आपातकाल हटा लिया गया है। देश में कानून-व्यवस्था में सुधार को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। श्रीलंका में सरकार समर्थक और सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान हुई झड़पों में नौ लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 200 से अधिक लोग घायल हुए हैं। श्रीलंका साल 1948 में ब्रिटेन से आजादी मिलने के बाद से अभूतपूर्व आर्थिक संकट का सामना कर रहा है।

## बाइडन ने यूक्रेन की मदद के लिए 40 अरब डॉलर की सहायता से जुड़े विधेयक पर हस्ताक्षर किए

**सियोल।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो. बाइडन ने यूक्रेन की मदद के लिए शनिवार को 40 अरब डॉलर की नई सहायता से जुड़े विधेयक पर हस्ताक्षर कर दिए। यह विधेयक अमेरिकी कांग्रेस में दोनों दलों के समर्थन से पारित हुआ था। विधेयक रूस के साथ जारी युद्ध के चलते अनिश्चित भविष्य का सामना कर रहे यूक्रेन के प्रति अमेरिका की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अमेरिका द्वारा यूक्रेन को दी जाने वाली इस सहायता में से 20 अरब डॉलर की सहायता यूक्रेन की सैन्य मदद के लिए है। बाइडन ने असामान्य परिस्थितियों में विधेयक पर हस्ताक्षर किए। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के अनुसार, राष्ट्रपति एशिया की यात्रा पर हैं और उन्हें वाणिज्यिक उड़ान में विधेयक की प्रति सौंपी गई ताकि वह इस पर हस्ताक्षर कर सकें।



कीव के नजदीक इरपिन में रसियन सेना के हमले में ध्वस्त रिहाइसी इलाका

## उत्तर कोरिया पर लगाम लगाने के लिए अमेरिका दक्षिण कोरिया विस्तारित सैन्य अभ्यास को तैयार

**एपी। सियोल**

**अमेरिका के** राष्ट्रपति जो बाइडन और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक एओल ने शनिवार को मुलाकात के बाद कहा कि उत्तर कोरिया के साथ वास्तविक कूटनीति की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है, ऐसे में वे उत्तर कोरिया के परमाणु खतरे को रोकने के लिए विस्तारित सैन्य अभ्यास पर विचार करेंगे। ये घोषणा दोनों नेताओं द्वारा अपने पूर्ववर्तियों की नीति में बदलाव को दर्शाती है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अभ्यास को खत्म करने का विचार किया था और उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन के प्रति झुकाव दिखाया था। वहीं, दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति मून जेई इन उत्तर कोरिया द्वारा बार-बार पीछे हटने के बावजूद अपने कार्यकाल के खत्म होने तक किम के साथ वार्ता के लिए प्रतिबद्ध थे। बाइडन ने कहा कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच सहयोग सभी खतरों का एक साथ मुकाबला करने की हमारी तत्परता को दर्शाता है। बाइडन और यून ने एक संवाददाता सम्मेलन में इस बात को दोहराया कि उनका साझा लक्ष्य उत्तर कोरिया का पूर्ण परमाणु निरस्त्रीकरण है। अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने एक संयुक्त बयान जारी करके कहा कि वे यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह बयान उत्तर कोरिया का आक्रोश और बढ़ा सकता है, जिसने अपने परमाणु हथियारों और मिसाइल विकास कार्यक्रमों का बचाव किया है, जिसे वह अमेरिकी खतरों के रूप में मानता है और लंबे समय से अमेरिका-दक्षिण कोरिया सैन्य अभ्यास को आक्रमण पूर्वाभ्यास के रूप में बताता है।

## यूक्रेन में युद्ध ने अनाथ बच्चों को गोद लेने की चाह रखने वाले परिवारों का इंतजार बढ़ाया

**लीड्स (अमेरिका), एपी**

**यूक्रेन में** रूस के युद्ध ने न केवल इमारतों को खंडहर में बदल दिया है, बल्कि उन परिवारों की उम्मीदों को भी तहस-नहस कर दिया है, जो अनाथ या बेघर बच्चों को गोद लेने की बाट जोह रहे थे। यूक्रेन कभी अमेरिकी परिवारों को बच्चों को गोद देने के मामले में सबसे आगे था, लेकिन युद्ध ने हालात बदल दिए हैं। रूसी सैनिकों से घिरे देश ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बच्चों को गोद देने की सभी प्रक्रियाओं पर रोक लगा दी है। वहीं, कई बच्चे देश छोड़कर भाग गए हैं या विस्थापित हो गए हैं, जिनमें अनाथ बच्चे भी शामिल हैं। नेशनल काउंसिल फॉर अडॉप्शन के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी रेयान हैनलन ने कहा कि जब युद्ध शुरू हुआ था, तब 300 से अधिक यूक्रेनी बच्चों को अमेरिकी परिवार गोद लेने वाले थे। गोद देने वाली एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने बताया कि इसका मतलब है कि कम से कम 200 परिवार गोद लेने की प्रक्रिया के किसी न किसी चरण में थे। सामान्य परिस्थितियों में गोद लेने में दो से तीन साल का वक्त लगता है। काउंसिल ने एक बयान जारी कर स्पष्ट किया कि यह अमेरिकी परिवारों के लिए बच्चों को गोद लेने का उचित समय नहीं है। उसने कहा कि ऐसा इसलिए क्योंकि केवल उन बच्चों को गोद लिया जा सकता है, जो अनाथ हैं या जिनके ऊपर उनके अभिभावक के अधिकार समाप्त कर दिए गए हैं। इसके अलावा कई यूक्रेनी बच्चों की अभी पहचान करना और परिवार की स्थिति का पता लगाना संभव नहीं है। कंसास शहर में अपनी दो बेटियों के साथ रहने वाली जेसिका फ्लूम भी बच्चे को गोद लेने की कतार में हैं। उन्हें मैक्स नाम के एक किशोर को गोद लेने की उम्मीद थी, जो दिसंबर और जनवरी से बीच चार हफ्ते तक उनके घर में रहा था। वह अब यूक्रेन लौट गया है, जहां अनाथालय के निदेशक ने उसे पश्चिमी यूक्रेन में सुरक्षित स्थान पर भेज दिया है। फ्लुम ने कहा, हर दिन मुश्किल है। हम बहुत प्रार्थना करते हैं और यह कल्पना भी नहीं कर पा रहे कि मैक्स किस हालात में है।

## सिंगापुर में इस साल लोगों ने घोटालेबाजों के हाथों 7.80 करोड़ सिंगापुरी डॉलर गंवाए

**सिंगापुर।** सिंगापुर में लोगों ने इस वर्ष घोटालेबाजों के हाथों कम से कम 7.80 करोड़ सिंगापुरी डॉलर गंवा दिए। इन घोटालेबाजों ने कारोबारी साझेदार या कर्मचारी बनकर फर्जी ई-मेल के जरिए लोगों को अपना शिकार बनाया। सिंगापुर पुलिस बल ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार जनवरी से अब तक कम से कम 149 लोग ऐसे घोटालों का शिकार हुए हैं, जिनमें घोटालेबाजों ने हैक किए गए या नकली ईमेल खातों का इस्तेमाल कर सहकर्मी, व्यावसायिक साझेदार या आपूर्तिकर्ता बनकर लोगों को ठगा।

## रूस ने मारियुपोल पर पूरी तरह कब्जा करने का दावा किया

**एपी। पोक्रोव्स्क (यूक्रेन)**

**रूस ने शुक्रवार** को मारियुपोल पर कब्जा करने का दावा किया, जो युद्ध में उसकी अब तक की सबसे बड़ी जीत हो सकती है। करीब तीन महीने तक रूसी सैनिकों की घेराबंदी में रहा यह बंदरगाह शहर अब मलबे के ढेर में तब्दील हो गया है और यहां 20,000 से अधिक नागरिकों के मारे जाने की आशंका है। रूस के रक्षा मंत्री सर्गेइ शोइगु ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को मारियुपोल में अजोवस्तल इस्पात संयंत्र और पूरे शहर की पूरी तरह मुक्ति की जानकारी दी। यह इस्पात संयंत्र यूक्रेनी प्रतिरोध का प्रतीक बन गया था। अभी यूक्रेन ने इसकी कोई पुष्टि नहीं की है। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने मंत्रालय के हवाले से कहा कि सोमवार से लेकर अब तक संयंत्र में छिपे कुल 2,439 यूक्रेनी लड़ाकों ने आत्मसमर्पण कर दिया है, जिनमें से 500 से अधिक लड़ाकों ने शुक्रवार को आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने पर सैनिकों को रूस ने बंदी बना लिया और कुछ को दूरस्थ स्थानों पर ले जाया गया। रूसी प्राधिकारियों ने इस्पात संयंत्र में छिपे कुछ लड़ाकों को नाजी तथा अपराधी बताते हुए उन पर युद्ध अपराध के लिए मुकदमा चलाने की धमकी दी है। सैन्य विश्लेषकों का कहना है कि मारियुपोल को कब्जे में लेना इस वक्त सांकेतिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है।

# मौजूदा समय में अवसरों का लाभ उठाने के लिए एमएसएमई का डिजिटलीकरण अपरिहार्य: चंद्रशेखर

**भाषा। अहमदाबाद**

**केंद्रीय सूचना** प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शनिवार को कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए डिजिटलीकरण अपरिहार्य हो गया है ताकि वे कोविड के बाद की दुनिया में देश के समक्ष आए अवसरों का लाभ उठा सकें।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र नीतियां और नियम बना रहा है, प्रोत्साहन दे रहा है ताकि एमएसएमई समेत अर्थव्यवस्था के सभी भागीदार देश हित में डिजिटलीकरण को अपना सकें। उन्होंने एमएसएमई को आर्थिक विकास का महत्वपूर्ण घटक बताया। उन्होंने कहा कि आपूर्ति श्रृंखला में अहम भागीदार और दुनिया में डिजिटल, विनिर्मित उत्पादों और सेवाओं को पहुंचाने वाले उत्पादक बनने की भारत की महत्वाकांक्षा के केंद्र में एमएसएमई हैं। अहमदाबाद में स्मार्ट मैन्यूफैक्चरिंग कंपिटेंसी सेंटर (एसएमसीसी) के उद्घाटन के बाद चंद्रशेखर ने कहा, एमएसएमई के डिजीटलीकरण, आपके उद्यम के डिजिटलीकरण का मतलब है प्रतिस्पर्धी के मुकाबले अधिक कारगर होना। आप ज्यादा नवोन्मेषी उत्पाद तैयार करेंगे और बाजार के अधिक व्यापक नेटवर्क तक आपकी पहुंच होगी। एसएमसीसी की स्थापना उद्योग मंडल नैसकॉम, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा गुजरात सरकार ने की है।चंद्रशेखर ने कहा, एमएसएमई के लिए यह पूरी तरह से अपरिहार्य है कि देश के तौर पर हमारे सामने जो अवसर हैं उनका लाभ उठाया जाए और ऐसा करने के लिए डिजिटलीकरण को अपनाना बेहद जरूरी है।

## उत्तम गैल्वा स्टील्स का घाटा चौथी तिमाही में घटकर 26 करोड़ रुपए रहा

- बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में कंपनी का कुल खर्च 278.13 करोड़ रुपए रहा

**भाषा। नई दिल्ली**

**उत्तम गैल्वा** स्टील्स लिमिटेड का वित्त वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में समेकित घाटा घटकर 25.83 करोड़ रुपए रह गया। कंपनी ने शनिवार को शेयर बाजारों को दी गई सूचना में कहा कि एक साल पहले की समान अवधि में उसका शुद्ध घाटा 68.04 करोड़ रुपए रहा था। जनवरी-मार्च 2022 की तिमाही में कंपनी की कुल समेकित आय बढ़कर 252.30 करोड़ रुपए रही जबकि एक साल पहले की इसी तिमाही में उसकी आय 196.7 करोड़ रुपए रही थी। बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में कंपनी का कुल खर्च 278.13 करोड़ रुपए रहा जो एक साल पहले की समान अवधि में 264.23 करोड़ रुपए रहा था। फिलहाल दिवाला प्रक्रिया से गुजर रही उत्तम गैल्वा स्टील्स लिमिटेड की गिनती देश के पश्चिमी इलाके में कोल्ड-रोल्ड स्टील एवं गैल्वेनाइज्ड स्टील के प्रमुख विनिर्माताओं के रूप में होती है।

## बीएचईएल की चौथी तिमाही में 912 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियरिंग कंपनी बीएचईएल को आय में हुई तगड़ी बढ़ोतरी के दम पर मार्च में खत्म तिमाही में 912.47 करोड़ रुपए का समेकित शुद्ध मुनाफा हुआ है। कंपनी ने शनिवार को शेयर बाजारों को दी गई सूचना में कहा कि साल भर पहले समान तिमाही में उसे 1,036.32 करोड़ रुपए का घाटा उठाना पड़ा था। बीएचईएल ने बताया कि जनवरी-मार्च 2022 की तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 8,181.72 करोड़ रुपए हो गई जो एक साल पहले की समान अवधि में 7,245.16 करोड़ रुपए थी। इस दौरान उसका खर्च घटकर 7,091.29 करोड़ रुपए रह गया जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 8,644.28 करोड़ रुपए था।कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2021-22 के लिए प्रति शेयर 0.40 रुपए का अंतिम लाभांश देने की मंजूरी दी है।

# व्हिल्स इंडिया कारोबार विस्तार पर चालू वित्त वर्ष में 155 करोड़ रुपए का निवेश करेगी

- यह कंपनी ट्रक और बसों के पहिए बनाती है

**भाषा। चेन्नई**

**वाहन कलपुर्जे** विनिर्माता व्हिल्स इंडिया चालू वित्त वर्ष में निर्माण उपकरण और एल्युमिनियम पहियों के कारोबार के विस्तार के लिए 155 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। यह कंपनी ट्रक और बसों के पहिए बनाती है। वह तिरुवेल्लूर जिले में स्थित नए संयंत्र में 75 करोड़ रुपए का निवेश कर चुकी है और इसमें 25 करोड़ रुपए का अतिरिक्त निवेश करेगी। कंपनी के प्रबंध निदेशक श्रीवत्स राम ने बताया कि मार्च में खत्म तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ नौ फीसदी बढ़कर 27.8 करोड़ रुपए रहा है जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 25.5 करोड़ रुपए था। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का राजस्व बढ़कर 1,101.3 करोड़ रुपए हो गया जो पिछले वर्ष समान तिमाही में 852 करोड़ रुपए था।



मार्च 2022 में समाप्त वित्त वर्ष में उसका शुद्ध मुनाफा बढ़कर 79.8 करोड़ रुपए हो गया जो पिछले वर्ष 6.7 करोड़ रुपए था। बीते साल कंपनी का राजस्व 3,686.7 करोड़ रुपए हो गया जो इसके पिछले वर्ष 2,211.7 करोड़ रुपए था। निदेशक मंडल की शुक्रवार को हुई बैठक में प्रति शेयर 8.30 रुपए का लाभांश देने की सिफारिश की गई है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि मार्च 2022 में खत्म वित्त वर्ष में उसने 1,000 करोड़ रुपए के निर्यात का लक्ष्य पार कर लिया है। बीते पांच वर्ष में निर्यात का योगदान करीब 16 फीसदी था वह बीते वित्त वर्ष में बढ़कर 27 फीसदी हो गया।

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that my client, **Fakir Chand Mutreja S/o Sh.Chander Parkash Mutreja R/o House No.63, Blk-E, Pkt-16, Sector-8, Rohini, Delhi-**110085,Allottee/Purchaser/Owner of Plot No.63,Block-E, Pocket-16,Sector-8, Rohini, Delhi-110085 Vide DDA File No. F. 10 (2092)83/ LSB(Rohini).The original documents i.e. Demand-cum-allotment Letter, Possession Letter, Site Possession Slip, Perpetual Lease Deed & Bank Challans of the above said plot has been lost. An F.I.R./NCR/LR No 422939/ 2022 dated 21/05/2022 to this effect has been lodged in P.S.Crime Branch, Delhi. Any person (s)claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents,may write/contact with above named person at above Address/Phone No. 9990709929 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to **Deputy Director (LSB) Rohini or Director (LSB) Rohini, DDA, Vikas Sadan, New Delhi**

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of Axis Bank Ltd that **Mr. Ashok Kumar** intends to purchase & mortgage the **Plot No. 52, Block-C**, admeasuring 320 Sq. Yds., Situated at **New Market Scheme, Old DLF Colony, Vill- Gurgaon, Tehsil & Distt. Gurgaon Haryana**, with our client against the financial assistance. Whereas Mr. Diwakar Kesho Mandleker had acquired the said property by way of Sale Deed dt. 17-10-1973 and after his death, his legal heirs namely, **Mrs. Vimal Mandleker, Ms. Vandana Hari & Ms. Naina Mandelker (as per SMC) becomes the owners of said property.** Now, **Mrs. Vimal Mandleker, Ms. Vandana Hari & Ms. Naina Mandelker** intend to sell the same to **Mr. Ashok Kumar.**

If any person(s) having objection with regard to ownership/mortgage of the said property is/are requested to intimate in writing to undersigned within 07 days from the date of issue of this notice at below address. In the event no information is received within 07 days from date hereof, our Client i.e. **Axis Bank Ltd** will proceed with the mortgage process.

**DEEPJYOT SINGH**
**ADVOCATE**
A-13, LGF, South Extn.-II,
New Dehi-110049
# 011-40587824, 26262610, 11, 12

# भारत को गुणवत्तापरक चाय का वैश्विक आपूर्तिकर्ता बनाने की जरूरत: अनुप्रिया

- पटेल ने बताया कि भारत ने 21 मई को अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस के रूप में मनाने की सिफारिश की थी

**भाषा। कोलकाता**

**केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया** पटेल ने शनिवार को कहा कि बागान मालिकों को चाय बोर्ड की सहायता से भारत को गुणवत्तापूर्ण चाय का वैश्विक आपूर्तिकर्ता बनाने की कोशिश करनी चाहिए। तीसरे अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस के अवसर पर चाय बोर्ड और भारतीय चाय संघ (आईटीए) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक कार्यक्रम में पटेल ने कहा कि कि चाय बोर्ड ने चाय पत्तियों को तोड़ने के समय गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। इसके तहत बागान कर्मी जिन हरी पत्तियों को तोड़ते हैं उन्हें उनकी गुणवत्ता सुधारने में मदद दी जाएगी। वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री पटेल ने कहा कि बढ़िया गुणवत्ता वाली



चाय को इस महीने विशेष नीलामी के जरिए बेचा जाएगा और इसके अच्छे दाम मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, वैश्विक बाजार में भारत को गुणवत्तापरक चाय का अग्रणी आपूर्तिकर्ता बनाने की जरूरत है। पटेल ने बताया कि भारत ने 21 मई को अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस के रूप में मनाने की सिफारिश की थी जिसे संयुक्त राष्ट्र महासभा ने स्वीकार कर लिया है। उन्होंने चाय की टिकाऊ पैदावार के लिए सामूहिक प्रयासों की जरूरत पर भी बल दिया। इस मौके पर चाय बोर्ड के अध्यक्ष सौरव पहाड़ी ने कहा, हम उस युवा पीढ़ी को आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं जो चाय सेवन से उतना परिचित नहीं है।

# भारत ने श्रीलंका को 40,000 टन डीजल भेजा

- श्रीलंका जरूरी वस्तुओं के आयात का भुगतान करने के लिए संघर्ष कर रहा है क्योंकि उसका विदेशी मुद्रा भंडार बेहद घट गया है

**भाषा। कोलंबो**

**भारत ने** बेहद मुश्किल आर्थिक संकट से गुजर रहे पड़ोसी देश श्रीलंका को दी गई ऋण-सुविधा के तहत शनिवार को 40,000 टन डीजल की एक अतिरिक्त खेप भेजी। पिछले महीने भारत ने श्रीलंका को ईंधन का आयात करने के लिए अतिरिक्त 50 करोड़ डॉलर की ऋण-सुविधा देने की घोषणा की थी। इस राशि का इस्तेमाल श्रीलंका को ईंधन आपूर्ति के लिए किया जाना है।

श्रीलंका जरूरी वस्तुओं के आयात का भुगतान करने के लिए संघर्ष कर रहा है क्योंकि उसका विदेशी मुद्रा भंडार बेहद घट गया है। इसकी वजह से उसकी मुद्रा का मूल्यह्रास हो गया है और मुद्रास्फीति बहुत बढ़ गई है। इसे लेकर देश भर में राजनीतिक अस्थिरता भी फैल गई है। भारतीय उच्चायोग ने ट्विटर पर एक संदेश में कहा, श्रीलंका में डीजल की आपूर्ति की गई। भारत की ओर से दी गई ऋण-सुविधा के तहत 40,000 टन डीजल लेकर एक और खेप आज कोलंबो पहुंची। कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायोग ने शुक्रवार को कहा था कि चावल, दवाएं और दूध के पाउडर जैसी तात्कालिक सहायता सामग्री लेकर एक भारतीय पोत रविवार को कोलंबो पहुंचेगा। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने राहत सामग्री से लदा पोत बुधवार को चेन्नई से रवाना किया था। पहली खेप में नौ हजार मीट्रिक टन चावल, दो सौ मीट्रिक टन दूध का पाउडर और 24 मीट्रिक टन दवाएं शामिल हैं जिनका कुल मूल्य 45 करोड़ रुपए है।

## पेटीएम साधारण बीमा कारोबार में उतरेगी, संयुक्त उद्यम में बनाई कंपनी

**नई दिल्ली।** डिजिटल वित्तीय सेवा ब्रांड पेटीएम का संचालन करने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के निदेशक मंडल ने शनिवार को कहा कि उसने संयुक्त उद्यम में एक साधारण बीमा कंपनी गठित की है जिसमें वह अगले 10 वर्षों में 950 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। कंपनी ने शेयर बाजारों को दी गई सूचना में कहा कि पेटीएम जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड (पीजीआईएल) नाम वाले संयुक्त उद्यम के गठन संबंधी प्रस्ताव को वन97 कम्युनिकेशंस के निदेशक मंडल ने गत शुक्रवार को मंजूरी दी।शुरुआत में वन97 कम्युनिकेशंस के पास पीजीआईएल में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी रहेगी। बाकी 51 प्रतिशत हिस्सेदारी कंपनी के प्रबंध निदेशक विजय शेखर शर्मा की अगुआई वाली वीएसएस होल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड (वीएचपीएल) के पास होगी। निवेश प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद पीजीआईएल में पेटीएम की हिस्सेदारी बढ़कर 74 प्रतिशत हो जाएगी जबकि वीएचपीएल की हिस्सेदारी घटकर 26 प्रतिशत रह जाएगी। पेटीएम के बीमा कारोबार में उतरने का यह फैसला रहेजा क्यूबीई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड का अधिग्रहण पूरा नहीं हो पाने के बाद लिया गया है। कंपनी निर्धारित समय में इस अधिग्रहण सौदे को पूरा नहीं कर पाई थी। वन97 कम्युनिकेशंस ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा है कि उसने विजय शेखर शर्मा को अगले पांच वर्षों के लिए फिर से कंपनी के प्रबंध निदेशक पद पर नियुक्त किया है। वहीं कंपनी के समूह मुख्य वित्त अधिकारी एवं अध्यक्ष मधुर देवड़ा को अगले पांच वर्षों के लिए निदेशक मंडल में पूर्णकालिक निदेशक बनाया गया है।

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मोहम्मद हनीफ पुत्र इमामुद्दीन ने गांव लोनी, आज़ाद नगर की आबादी में, परगना लोनी, तहसील और जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में स्थित एक आवासीय संपत्ति एरिया परिमाप 100 वर्ग गज, खसरा नंबर 3531 में से, नोटरीकृत जीपीए दिनांक 11.01.2005 के माध्यम से मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि महबूब अली पुत्र मकसूद अली उपरोक्त संपत्ति को मोहम्मद हनीफ पुत्र इमामुद्दीन से एक पंजीकृत बिक्री विलेख के माध्यम से खरीद रहे हैं। आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता,
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78,
सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform to General Public that my Client namely Mrs. Supriya Kumari W/o Mr. Mukesh Singh, R/o B-201, A-5, Duggal Colony, Shiv Mandir, Khanpur, South Delhi, Delhi-110062 owned First floor Flat on Prop. F-59 (Old A-26/2), area 86 sq. yds. at F-Block, falling under Khasra no. 417, Jawahar Park, Devli Road Khanpur, Tehsil Hauz Khas, M.B. Road (Mehrauli), New Delhi. Previously this prop. owned by Madhusudan Bansal who expired intestate on 08/05/2020 and his wife Mrs. Geeta expired on 20/01/1991 and after his death prop. devolves upon his Legal heirs namely Mr. Vivek Bansal, Mrs. Divya Gupta and Mr. Sachit Bansal and there is/are no other legal heirs of said Lt Mr. Madhusudan Bansal.

If any person having any right or claim over this property. Pls raise objection within 07 days of this publication as this property is now selling to Kumari Jyoti by above said Mrs. Supriya Kumari.

**Lucem Legal LLP**
Office No. G-03, at Ground Floor, on Plot No. D-61, Sector-2, Noida, UP - 201301
Contact # 0120-4130438

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थीं जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सर्वेश प्रसाद/ विजेता राणी/ LBMRT00002440050 | मकान नंबर 116, मिंजुमला खसरा नंबर 514, ग्लोबल सिटी, राजस्व ग्राम अब्दुल्लापुर, परगना तहसील और जिला मेरठ, उत्तर प्रदेश/ 20 मई, 2022 | दिसम्बर 31, 2021 ₹ 22,11,915 | मेरठ/ दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: मई 21, 2022
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

# हदरुख में चौपाल लगा बीडीओ ने ग्रामीणों की समस्यायें निपटाईं

संवाददाता। कुठौंद (जालौन)



**शनिवार** को ग्राम सभा हदरुख में खंड विकास अधिकारी संदीप यादव की अध्यक्षता व एडीओ पंचायत गिरजा शंकर निरंजन की उपस्थिति में जन चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों द्वारा रखी गयी समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया गया।

जन चौपाल में आये ग्रामीणों को संबोधित करते हुये बीडीओ संदीप कुमार यादव ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप गांव स्तर पर जन चौपालों का आयोजन किया जा रहा है ताकि गांवों में रहने वाले लोगों की समस्याओं का समाधान गांव में ही हो। बीडीओ ने गांव में कराये गये विकास कार्यों के बारे में भी ग्राम प्रधान अवधेश कुमार वर्मा, प्रधान प्रतिनिधि पांडे जी द्वारा जानकारी दी गयी। उन्होंने अमृत सरोवर व गौशाला के बारे में जानकारी ली तो उन्हें बताया गया कि गौशाला में 45 कुंटल भूसे का स्टाक है। गौशाला में सभी गायों की अच्छे तरीके से देखभाल कर उन्हें समय से उपचार मुहैया कराया जाता है। इसके बाद उन्होंने विधवा पेंशन, वृद्धावस्था, जल से संबंधित समस्या या विद्युत विभाग की या पशु विभाग से संबंधित शिक्षा स्वास्थ्य से लेकर ग्राम में साफ-सफाई के बारे में हर प्रकार की समस्या का मौके पर समाधान किया गया। जन चौपाल में 5 शिकायतें आयी जिनका मौके पर ही समाधान किया गया।

### नाहिली ग्राम पंचायत में 50 कुंटल भूसा दान में मिला

**कुठौंद।** ग्राम पंचायत नाहिली में खंड विकास अधिकारी संदीप यादव के निर्देशन में भूसा दान यात्रा निकाली गयी जिसमें सभी के घर-घर जाकर किसानों को भूसा दान करने के लिये प्रेरित किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रीति त्रिपाठी, ग्राम पंचायत अधिकारी शुभम बाजपेई के साथ अनेकों ग्रामीणों ने भूसा दान यात्रा में सहभागिता कर उसे सफल बनाया। इस बीच लगभग 50 कुंटल भूसा गायों के लिये एकत्रित किया गया। भूसा दान यात्रा को सफल बनाने में ग्राम पंचायत अधिकारी शुभम बाजपेई ने गांव के किसानों के साथ सामंजस्य बनाकर किसानों से जनसंपर्क कर उसे सफल बनाने में सहयोग किया। वैसे भी वह ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनका तुरंत निस्तारण करने में विश्वास रखते हैं इसी का परिणाम रहा कि गांव के प्रत्येक किसान ने भूसा दान किया।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में 63 शिकायतों में एक का निस्तारण

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के तहसील परिसर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस अपर जिलाधिकारी नमामिगंगे राजेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समाधान दिवस में आई 63 शिकायतों में मौके पर एक ही शिकायत का निस्तारण हुआ। शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस में गोहानी गांव निवासी सुरेन्द्र कुमार ने ग्राम सभा की जमीन पर अवैध अतिक्रमण और कब्जा करने की शिकायत की है। मुस्करा खुर्द निवासी लक्ष्मीराम ने अवैध कब्जा, बहगांव निवासी लक्ष्मी प्रसाद ने ओलावृष्टि की राशि दिलाए जाने, औंता निवासी बरिया मारपीट की घटना में कार्रवाई न होने, नौहाई निवासी धनाराम ने गौशाला में भूसा व चारा न होने, मुगलपुरा निवासी वृद्ध मुस्तफ ने मुहल्ले के ही कोटेदार द्वारा राशन न देने, चिल्ली गांव निवासी रामकुमार ने खेत को जबरन जोतने की शिकायत की है। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ अभयनारायण राय, नायब तहसीलदार सहित आला अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी ने 69 में 12 मामले मौके पर निपटाये

संवाददाता। चित्रकूट


तहसील परिसर के पार्क में आम का पेड़ लगाते डीएम पायनियर

**जिलाधिकारी** शुभ्रांत कुमार शुक्ल व पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा की मौजूदगी में राजापुर तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस में 69 मामलों में 12 मामले मौके पर निपटाये गये। समाधान दिवस के बाद जिलाधिकारी ने तहसील परिसर में बने पार्क का फीता काटकर शुभारम्भ कर आम का वृक्ष लगाया। शनिवार को जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से समस्या ग्रस्त व्यक्ति से समस्या की जानकारी ली जाती है। विभागीय नियमों के अनुसार संबंधित व्यक्ति की समस्या सुनकर सही ढंग से निस्तारित करें। सभी विभाग तालमेल से शासन की मंशानुसार समस्यायें निपटायें। किसी के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। संवेदनशीलता से प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करें। उन्होंने एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झां से कहा कि तालाब, सड़क या अन्य सरकारी भूमि में जो अवैध कब्जे हैं, तत्काल अभियान चलाकर हटवायें। समाधान दिवस में तहसीलदार राजापुर आरके त्रिपाठी, डीडीओ आरके त्रिपाठी, पीडी ॠषिमुनि उपाध्याय, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी समेत जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। इसी क्रम में समाधान दिवस के बाद जिलाधिकारी ने तहसील परिसर में स्थापित पार्क का फीता काटकर शुभारम्भ कर आम का वृक्ष लगाया। उन्होंने एसडीएम राजापुर से कहा कि पार्क किनारे पीपल, बरगद, पाकर, महुआ के वृक्ष लगायें, ताकि अच्छी छाया मिल सके। पार्क का सुन्दरीकरण अच्छे से करायें। पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने भी वृक्षारोपण किया। इस मौके पर नायब तहसीलदार पुष्पेन्द्र सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिसकर्मियों ने आतंकवाद विरोधी दिवस पर ली शपथ


आतंकवाद विरोधी दिवस पर शपथ लेते पुलिस कर्मी पायनियर

संवाददाता। चित्रकूट

**आतंकवाद** विरोधी दिवस पर थाना-चौकी एवं पुलिस कार्यालय में पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाई गई। शनिवार को प्रत्येक वर्ष 21 मई को आतंकवाद विरोधी दिवस पर पुलिस कर्मी शपथ लेते हैं। कार्यालय क्षेत्राधिकारी धर्मराज यादव ने कहा कि 21 मई को आतंकवाद विरोधी दिवस में प्रतिसार निरीक्षक सुमेर सिंह, डीसीआरबी प्रभारी श्रीमती रचना सिंह, एलआईयू प्रभारी सूर्यकान्त अरुण राय, वाचक पुलिस अधीक्षक संतराम सिंह यादव अन्य अधिकारी-कर्मचारियों को आतंकवाद विरोधी दिवस में शपथ दिलाई गई। इसी क्रम में जिले के क्षेत्राधिकारी कार्यालय में संबंधित क्षेत्राधिकारी ने थाना-चौकी प्रभारी व मातहत अधिकारी-कर्मचारियों को आतंकवाद विरोधी दिवस की शपथ दिलाई।

# ब्लाक प्रमुख एक एकड़ फसल का भूसा करेंगे दान

● सिकरी राजा में घर-घर दस्तक देकर भूसा लिया दान

संवाददाता। जालौन (उरई)




**ग्राम** सिकरीराजा में प्रशासन के निर्देश पर भूसा दान यात्रा निकाली गई। इस दौरान गौशाला में संरक्षित पशुओं के लिए ग्रामीणों ने 20 क्विंटल भूसा दान किया। वहीं, ब्लॉक प्रमुख ने एक एकड़ फसल का भूसा दान देने की घोषणा की।

गोशाला में संरक्षित पशुओं की भूख से मौत न हो और उन्हें पर्याप्त चारा पानी मिलता रहे। इसके लिए अब भूसा दान मांगा जा रहा है। इसी क्रम में ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सिकरीराजा में ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन ने हरी झंडी दिखाकर भूसा दान यात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने एक एकड़ फसल का भूसा दान देने की घोषणा की। ग्राम प्रधान आलोक वर्मा के नेतृत्व में गांव में निकाली गई भूसा दान यात्रा में ग्रामीणों ने बढ़ चढकर सहयोग किया। जिसमें अरविंद व्यास, लालजी पटेल, करन सिंह, बब्लू आचार्य आदि ने सहयोग किया। इस दौरान कुल 20 क्विंटल भूसा एकत्रित किया गया। जिसे पशुओं के लिए गोशाला में सुरक्षित रखा गया। इस दौरान ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि गोशाला में संरक्षित गोवंशी पशुओं को भूख की समस्या न हो। इसके लिए प्रत्येक किसान भूसा दान कर कुछ न कुछ सहयोग करें। कहा कि गोशालाओं में संरक्षित बेजुबान गोवंशी पशुओं के लिए अन्य भूसा दानदाताओं से प्रेरणा लेकर स्वयं सहयोग करें और दूसरों को भी दान करने को प्रेरित करें। किसान अपने-अपने जानवरों को खूंटे से बांधकर रखे, ताकि किसी अन्य किसान की फसल को नुकसान न हो। इस मौके पर ग्राम प्रधान आलोक कुमार वर्मा, नोडल अधिकारी डॉ. राजपाल, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अर्जुन सिंह सेंगर, रामप्रताप सिंह, चरन सिंह, श्याम सिंह, सुनील कुमार सहित अनेकों ग्रामीण सहभागी बने।

## क्विक न्यूज

### किराना व्यापारी की हादसे में गई जान

**चित्रकूट।** किराना दुकान का सामान ट्रैक्टर में लेकर अपने गांव परसौंजा जा रहे शिवमूरत का ट्रैक्टर नहर पटरी पर पलटने से घायल होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों के प्रयागराज रेफर करने पर रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई। ये हादसा शनिवार को रेहुंटा नहर पटरी के पास हुआ। बताया गया कि पहाडी थाने के परसौंजा गांव का शिवमूरत ट्रैक्टर से किराने का सामान लेकर गांव जा रहा था। रास्ते में नहर पटरी पर ट्रैक्टर पलटने से वह गम्भीर रुप से घायल हो गया। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में मृत्यु होने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। मृतक शिवमूरत के दो बेटे व एक बेटी है, जो अभी नाबालिग हैं। मृतक की पत्नी पूनम देवी ने बताया कि शुक्रवार की रात दुकान बन्दकर शिवमूरत निमंत्रण में गये थे। निमंत्रण बाद सवेरे सामान लेकर गांव जाते समय ये हादसा हो गया। मृतक किराना की दुकान चलाकर परिवार का भरण पोषण करते थे। बनवारीपुर के सुरेश कुमार के ट्रैक्टर में सामान लादकर गांव जा रहे थे। इस बाबत कर्वी कोतवाल राजीव सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर पलटने से हादसा हुआ है।

### पुण्यतिथि पर राजीव गांधी को कांग्रेसियों ने किया याद

**कोंच (जालौन)।** देश के सातवें प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी की 21 मई को 31वीं पुण्यतिथि पर कौंग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उनको श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। स्थानीय सरोजनी नायडू पार्क में नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी की अगुवाई में एकत्रित हुए कौंग्रेसियों ने सर्वप्रथम स्व राजीव गांधी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। कांग्रेस नेताओं ने स्व. राजीव गांधी को याद करते हुए कहा कि भारत में कंप्यूटर और दूरसंचार क्रांति लाने का काम उन्होंने किया था। उन्होंने इसके माध्यम से इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी को आगे ले जाने में अहम भूमिका निभाई। वह एक दूरदर्शी नेता थे जिनकी नीतियों ने आधुनिक भारत को आकार देने में मदद की।उधर, कौंग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने स्थानीय सीएचसी में भर्ती मरीजों को फल वितरित भी किये।इस मौके पर श्रीनारायण दीक्षित, अखिल वैद्य, जफर भाई, आजादुद्दीन, सभासद जाहिद, अनिल पटेरिया, गुड्डू अवस्थी, राजू वैध, रज्जाक अंसारी, असगर कुरैशी, बबलू शर्मा, बबलू दुवे आदि मौजूद रहे।

### रोड़ लाइट लेकर गये किशोर की मौत

**चित्रकूट।** शादी-विवाह में रोड़ लाइट लेकर जा रहे किशोर की सड़क पार करते समय तेज रफ्तार कार की ठोकर से मृत्यु हो गई। परिजनों में हाहाकार मचा है। ये हादसा कोतवाली कर्वी क्षेत्र में शुक्रवार की रात हुआ। बताया गया कि कोतवाली कर्वी के डेलौरा गांव का सचिन (12) ठेकेदार राकेश कुमार के साथ रानीपुर भट्ट में रोड़ लाइट लेकर गया था। रोड़ लाइट का काम समाप्त होने पर सचिन रोड़ पार कर रहा था। सीतापुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात चारपहिया वाहन ने ठोकर मारकर घायल कर दिया। डीजे मालिक राकेश कुमार ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सचिन के चाचा राजबहादुर ने डीजे मालिक पर आरोप लगाया कि बहला-फुसलाकर छोटे बच्चों से रोड़ लाइट का काम कराता है, जो कानूनन अपराध है। देर रात बहला-फुसलाकर घर से ले गया था। आर्थिक तंगी के चलते सचिन के पिता ने उसे भेज दिया था। सचिन के घर में कोहराम मचा है। इस बाबत कर्वी कोतवाल राजीव सिंह ने कहा कि मामले में कोई तहरीर नहीं मिली। चारपहिया वाहन की तलाश की जा रही है।

### चोरी की घटना पर विधायक अनिल प्रधान ने गृह सचिव को लिखा पत्र

**चित्रकूट।** सदर विधायक अनिल प्रधान ने अपर मुख्य सचिव गृह को पुरानी बाजार में सुनील सुहाने सर्राफकी दुकान में शुक्रवार को हुई 55 लाख की चोरी की बाबत पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में कहा कि पुलिस की लापरवाही से 24 घंटे बीतने के बाद भी कोई सुराग नहीं लगा सकी। स्कार्पियो सवार बदमाशों ने पाश इलाके में नौ मिनट के अन्दर चोरी की घटना अंजाम दी। शनिवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। चोरों ने जेवरों से भरी अलमारी को उठाकर ले गये। कुछ दूरी पर दो सिपाहियों की वहां तैनाती भी थी। फोरेंसिक टीम व फिंगरप्रिंट, डाग स्क्वायड भी कोई सुराग नहीं लगा सके। सर्राफा दुकान के लगे तीन कैमरे बन्द थे। जिससे दुकान के अन्दर की फुटेज नहीं मिल सकी। उन्होंने बताया कि सुनील सुहाने को सवेरे दूध वाले ने चोरी की घटना की जानकारी दी। चोरों के ले गये अलमारी में 25 किलो चांदी व ढाई सौ ग्राम सोना समेत अन्य जेवरात थे। सीओ सिटी शीतला प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि सभी बिन्दुओं पर जांच की जा रही है।

### कांग्रेसियों ने पुष्प अर्पित कर मनाई राजीव गांधी की पुण्यतिथि

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर नगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर प्रदेश सचिव व नगर अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी ने देश को विश्व के मानचित्र में बुलंदियों पर पहुंचाने का कार्य किया था। शनिवार को नगर के तिर्वा रोड स्थित कांग्रेस कैंप कार्यालय पर प्रदेश सचिव विजय मिश्र एवं नगर अध्यक्ष संजीव दुबे मुन्ना ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करने के उपरांत कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी देश मैं सोच रहा क्रांति के नायक थे। उन्होंने 18 वर्षीय युवाओं को मताधिकार का कानून बनवाया था। उनके द्वारा पंचायती राज के गठन ग्रामीण अंचलों के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए उनके अद्भुत प्रयासों को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। कहा कि युवा उनके आदर्शों को अपना कर अपना प्रेरणास्रोत बनाएं। इस दौरान इस अवसर पर ओंकार नाथ त्रिपाठी, पीडी विश्वकर्मा, डॉक्टर आरपी सैनी, दिलीप शुक्ला, रामू त्रिपाठी, आलोक दुबे, करतार यादव, प्रभात बाथम आदि लोग उपस्थित रहे।

### एसपी के आदेश पर महिला से मारपीट करने और धमकी देने का मामला दर्ज

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** महिला के साथ अभद्रता करते हुए उसका उत्पीड़न किया और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी जिस पर पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को घटना की सूचना दी परंतु कोई कार्यवाही ना होने पर पुलिस अधीक्षक के आदेश पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चियासर निवासी बेवी पुत्री राम प्रकाश ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसके पति राहुल सागर पुत्र रामचंद्र मौर्य निवासी सराय दौलत एवं पारिवारिक रंजीत कुमार पुत्र इंद्रेश कुमार, नंदलाल पुत्र रामचंद्र ने पारिवारिक विवाद को लेकर उसके साथ गाली गलौज की। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। जिसके बाद पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कोई भी कार्यवाही न होने पर पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई। कोतवाली पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# आलू भाड़े की मूल्यवृद्धि से किसानों में भड़का आक्रोश

● किसानों ने सीएम व डीएम से की न्यूनतम भाड़ा लागू करने की मांग

संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)



**किसानों** का कोल्ड स्टोरेजो में भंडारित आलू का रेट बढ़ाए जाने को लेकर किसानों में नाराजगी है। शनिवार को समधन क्षेत्र के ग्राम मलिकपुर में एक प्रतिष्ठान पर सैकड़ों की संख्या में किसान एकत्र हुए और कोल्ड स्टोरेज मालिकों पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि हम लोगों से न्यूनतम भाड़ा लिया जाए।

किसानों ने बताया कि पिछले वर्ष से इस वर्ष कोल्ड मालिकों ने 15 से 20 रूपये प्रति पैकेट भाड़ा बढ़ाया है। हम लोगों को आलू कोल्ड स्टोरेज में रखने के समय कोल्ड मालिक नहीं बताते हैं कि इस बार कितना रेट लगेगा और अपनी यूनियन बनाकर सभी कोल्ड स्टोरेज मालिक बाद में रेट तय करते हैं। हम लोगों पर अतिरिक्त रेट वसूलने का काम कर रहे हैं। आगे किसानों ने यह भी बताया कि छिबरामऊ नगर में 110 रूपये प्रति पैकेट लिया जा है। गुरसहायगंज और मलिकपुर क्षेत्र के सभी कोल्ड स्टोरेज मालिक हम लोगों से 140 रूपये से लेकर 145 रुपये पैकेट भाड़ा ले रहे हैं। जबकि पिछले वर्ष से इस वर्ष इन लोगों ने 15 से 20 रूपये प्रति पैकेट भाड़ा बढ़ा दिया गया है। किसानों का साफ तौर पर कहना है कि कोल्ड मालिक हम लोगों को आलू रखने के समय बताएं कि इस वर्ष आलू का भाड़ा इतने रुपये लगेगा। हम लोगों की मांग है कि पिछले वर्ष के हिसाब से रेट लिया जाए। अगर हमारी मांगे पूरी न हुई तो हम लोग जल्द जिलाधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री तक ज्ञापन देने के लिए बाध्य होंगे। साथ ही कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन भी करेंगे। इस मौके पर किसानों में अनिल महोना, महफूज सभासद, आफाक मलिकपुर, बशीरुद्दीन, इश्तियाक, मुन्ने समधन, बासिद समधन, हाजी नौशाद, पंकज, आलोक, मास्टर यह यशेन्द्र आलमपुर, राजबहादुर रायपुर, सैय्याज, बबलू यादव रायपुर, संजय दुबे प्रधान आलमपुर, अमित कुमार टीटू कठेरिया समधन, सभासद बदरुल सिद्दीकी साजिद उर्फ कल्लू, काशिम समधन, रामाधार बल्लापुर्वा, पिंटू आलमपुर, राम बहादुर महोना, रतिराम तिवारी महोना, नफीसुल फ़ैजी, हाजी हसरूददीन, सुरेश चंद्र, दिलीप, वीरेंद्र सिंह, गुड्डू, मुस्तकीम, हबलदार, सैकड़ों की संख्या में किसान मौजूद रहे।

## फर्जी जन्म प्रमाणपत्र मामला

# बेटे अब्दुल्ला के साथ कोर्ट में हुए पेश आजम

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता आजम खान अपने बेटे अब्दुल्ला आजम के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में शनिवार को यहां एमपी-एमएलए अदालत में पेश हुए।आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम खान भी एमपी-एमएलए कोर्ट के सामने पेश हुए, क्योंकि उन पर पासपोर्ट हासिल करने के लिए कथित तौर पर जाली दस्तावेज लगाने का मुकदमा चल रहा है।आजम खान, उनकी पत्नी तंज़ीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम खान को उनके खिलाफ दर्ज एक आपराधिक मामले में जेल भेज दिया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि अब्दुल्ला ने दो अलग-अलग जगहों से फर्जी तरीके से अपने दो फर्जी जन्म प्रमाण पत्र हासिल किए थे। रामपुर के गंज थाने में भाजपा नेता आकाश सक्सेना द्वारा तीन जनवरी, 2019 को दर्ज एक प्राथमिकी में, यह आरोप लगाया गया था कि आजम खान और उनकी पत्नी ने अपने बेटे को दो फर्जी जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करने में मदद की - एक लखनऊसे और दूसरा रामपुर से। .अभियोजन पक्ष के अनुसार, अदालत के समक्ष इस मामले में गवाहों की गवाही दर्ज की जा रही है। शनिवार को यह सुनवाई के लिए तय किया गया था, और खान अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट निशांत मान के सामने पेश हुए।सरकार के वकील अरुण प्रकाश सक्सेना ने कहा,"आजम खान फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में विशेष एमपी-एमएलए अदालत के समक्ष पेश हुए, जिसने सुनवाई की अगली तारीख 26 मई तय की है"अब्दुल्ला आजम खान भी विशेष एमपी-एमएलए अदालत के समक्ष पेश हुए, क्योंकि उन्हें पासपोर्ट प्राप्त करने के लिए कथित रूप से जाली दस्तावेजों के लिए मुकदमे का सामना करना पड़ रहा है।

# बिजली, पानी, सफाई को लेकर बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता। जालौन (उरई)

**नगर की** समस्याओं को लेकर बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा तथा बिजली पानी व सफाई व्यवस्था को ठीक कराने की मांग की है। बुन्देलखण्ड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रदुम्न दीक्षित इटहिया के नेतृत्व में एवं नगर में संचालित आशा फाउंडेशन के तत्वाधान में जिलाधिकारी डॉ प्रियंका निरंजन को ज्ञापन दिया जिसके माध्यम से बताया कि नगर में लोगों को गर्मी के मौसम में शीतल पेयजल के लगाये गये वाटर कूलर गर्म पानी दे रहे हैं। इन्हें ठीक कराया जाय। नगर को खुले में शौच मुक्त कराने की सुलभ शौचालयों का निर्माण कराया है। इनमें गंदगी पड़ी है या ताला लटका है जिसके कारण इनका लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा है। इसके साथ ही नगर की नयी बस्तियों में अभी तक बिजली के पोल नहीं लगे हैं। लोग लकड़ी के खम्बे के सहारे लाइट जला रहे हैं। बरसात में इन से करेंट लगने की संभावना बनी रहती है। आवश्यक स्थानों पर बिजली के पोल लगवाये जाय। नगर में स्थापित श्मशानघाटों की सफाई नहीं है तथा पानी की भी समुचित व्यवस्था नहीं है। श्मशानघाटों में बिजली, पानी व सफाई व्यवस्था दुरुस्त करायी जाय। पदाधिकारियों की मांग पर बिजली विभाग, नगर पालिका के अधिकारी को समस्याओं के समाधान के सख्त निर्देश दिए। जिलाध्यक्ष प्रदुम्न इटहिया ने कहा कि यदि समय रहते समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ तो नगर में जन आंदोलन चलाया जाएगा और प्रदेश के न्याय प्रिय मुख्यमंत्री को नगर के जन-जन से हस्ताक्षर युक्त पत्र भी भेजा जाएगा। इस मौके पर केशव द्विवेदी, रमाकांत निरंजन कृपाशंकर, लला पाटकार, कमलेश, वसीम हक, अजमेरी राईन फिरोज, आमिर, विवेक श्रीवास्तव, रामदास, दीपू कुशवाहा आदि लोग उपस्थित रहे।

# नहर में डूबे किशोर का तीस घंटे बाद भी नहीं मिला कोई सुराग

● स्थानीय व औरैया के गोताखोर ढूंढने में अब तक रहे नाकाम

● फायर सर्विस टीम के हाँथ भी नहीं लगा कुछ

संवाददाता। कोंच(जालौन)



**गत रोज** शुक्रवार को दोपहर करीब 12 बजे नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम कटकरी के पास से निकली कन्हरी नहर में नहाते समय पानी के तेज बहाव में डूबे 10 वर्षीय किशोर अंकुर पुत्र शैलेन्द्र का करीब 30 घंटे बाद भी कुछ पता नहीं चल सका है।

अंकुर की तलाश में नदीगांव क्षेत्र के कुशल गोताखोरों समेत पड़ोसी जनपद औरैया के गोताखोरों को नहर में उतारा गया और घटनास्थल से काफी दूर तक गोताखोरों ने अंकुर की खोज की लेकिन गोताखोर अब तक नाकाम साबित रहे। जिला मुख्यालय उरई से फायर सर्विस की टीम के हाँथ भी अब तक खाली ही हैं। मौके पर थाना प्रभारी, ट्रेनी सीओ गौरव सिंह सहित थानाध्यक्ष रेंढ़र अशोक सिंह व कोंच कोतवाली के दरोगा आनंद कुमार फिलहाल गोताखोरों के साथ डटे हुए हैं। उधर, अंकुर की तलाश में उसके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। विदित हो कि भिंड निवासी 10 वर्षीय अंकुर पुत्र शैलेन्द्र गत रोज नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम कटकरी स्थित अपनी रिश्तेदारी में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने हेतु परिजनों संग आया हुआ था। बताया गया है कि अंकुर शुक्रवार की सुबह नहर में नहाने के लिए गांव के ही कुछ किशोरों के साथ गया हुआ था लेकिन उन लोगों ने अंकुर को नहर में नहाने से रोक दिया था इसके बाद सभी किशोर नहाकर वापस गांव लौट गए थे लेकिन अंकुर वहां रुका रहा और फिर वह अकेले ही नहाने के लिए नहर में उतर गया था।अंकुर के कपडे नहर किनारे रखे हुए मिले हैं।

## छात्रों ने रैली निकाल यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**कोंच (जालौन)।** शासन के निर्देश पर चलाये जा रहे सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत शनिवार को स्थानीय एसआरपी इंटर कॉलिज के छात्रों ने बैनर पोस्टर व पेम्पलेट के माध्यम से यातायात नियमों के प्रति आम जनमानस को जागरूक किया।

कॉलिज के शिक्षकों की अगुवाई में एकत्रित हुए छात्रों ने नगर के मुख्य मार्ग सहित चौराहों पर श्रृंखला बनाकर वहां से गुजरने वाले वाहन चालकों सहित पैदल जाने वाले राहगीरों को जागरूक करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल व इयरफोन का प्रयोग न करें। बाइक पर दो सवारियों से अधिक न बैठाएं और हमेशा हेलमेट का उपयोग करें। शराब सहित अन्य किसी भी प्रकार का नशा वाहन चलाते समय न करें और अपनी निर्धारित साइड से होकर ही वाहन चलाएं। चौपहिया वाहन चालक हमेशा सीट बेल्ट लगाकर ही वाहन चलाएं और सड़क किनारे अंकित यातायात नियमों का पालन हर हाल में करें ताकि आपका जीवन सुरक्षित रह सके। ओवरलोडिंग व ओवरटेक से हमेशा बचें।

# दिल्ली कैपिटल्स को करारा झटका

## ● मुंबई इंडियंस ने पांच विकेट से हराया

**भाषा।** मुंबई



बुमराह 3 विकेट

**मुंबई इंडियंस** ने आईपीएल के मैच में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स को पांच विकेट से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।

जसप्रीत बुमराह के तीन विकेट की मदद से मुंबई इंडियंस ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए दिल्ली कैपिटल्स को इंडियन प्रीमियर लीग के अपने आखिरी मैच में सात विकेट पर 159 रन पर रोक दिया। पहले गेंदबाजी के कप्तान रोहित शर्मा के फैसले को सही साबित करते हुए मुंबई के गेंदबाजों ने उम्दा प्रदर्शन किया।

बुमराह ने चार ओवर में 25 रन देकर तीन विकेट चटकाए। दिल्ली का स्कोर 8.4 ओवर में चार विकेट पर 50 रन था लेकिन रोवमैन पॉवेल ने 34 गेंद में 43 और कप्तान ऋषभ पंत ने 33 गेंद में 39 रन बनाकर पारी को संभाला। दोनों ने 44 गेंद में 75 रन की साझेदारी करके टीम को संकट से निकाला। दिल्ली को प्लेआफ में जगह बनाने के लिए यह मैच हर हालत में जीतना है। मुंबई के लिए रमनदीप सिंह ने दो ओवर में 29 रन देकर दो विकेट चटकाए। टायफाइड से उबरकर वापसी करने वाले दिल्ली के सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव फॉर्म में दिख रहे थे। उन्होंने डेनियल सैम्स को चौका और छक्का जड़ा। सैम्स ने हालांकि मुंबई को पहली सफलता दिलाई जब डेविड वॉर्नर शॉर्ट थर्डमैन पर खड़े बुमराह को कैच दे बैठे। बुमराह ने मिशेल मार्श को रोहित शर्मा के हाथों लपकवाया। इसके बाद एक कठिन बाउंसर पर साव का विकेट लिया। मयंक मार्कंडेय ने सरफराज खान को आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद पर लौटाया जिससे नौवे ओवर में दिल्ली का स्कोर चार विकेट पर 50 रन था।

रितिक शोकीन और मयंक ने अच्छे तालमेल के साथ गेंदबाजी की। दिल्ली के दस ओवर में चार विकेट पर 55 रन ही बने थे। पंत ने ऐसे में पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाई और पॉवेल ने 12वें ओवर में शोकीन को दो छक्के और एक चौका लगाकर 20 रन निकाले। अगले ओवर में उन्होंने मयंक को छक्का जड़ा। मुंबई का क्षेत्ररक्षण भी आखिर में ढीला हो गया जब तिलक वर्मा और बुमराह ने आसान चौके जाने दिए। रिले मेरेडिथ ने ऐसे में एक किफायती ओवर डालकर दो ही रन दिए। रोहित ने रमनदीप को फिर गेंद सौंपी जिसने तीन वाइड डाली और एक छक्का तथा एक चौका दे डाला। पॉवेल ने बुमराह को डीप स्क्वेयर लेग पर छक्का जड़ा जबकि अक्षर पटेल ने सैम्स की गेंद को सीमारेखा के पार पहुंचाया।

### स्कोरबोर्ड

**दिल्ली कैपिटल्स पारी :** साव का किशन बो बुमराह 24, वॉर्नर का बुमराह बो सैम्स 5,मार्श का शर्मा बो बुमराह 0, पंत का किशन बो रमनदीप 39, सरफराज का किशन बो मार्कंडेय 10, पॉवेल बो बुमराह 43, पटेल नाबाद 19, ठाकुर का डेविड बो रमनदीप 4, कुलदीप नाबाद।,**अतिरिक्त :** 14 रन, **कुल योग :** 20 ओवर में सात विकेट पर 159 रन, **विकेट पतन :** l -21, 2- 22, 3 -31, 4-50, 5-125, 6-143, 7-151,**गेंदबाजी :** सैम्स 4- 0-30 -l, शोकीन 4-0-34-0, बुमराह 4- 0- 2- 3, मार्कंडेय 4-0 -26-l, मेरेडिथ 2- 0 - 9 -0, रमनदीप 2-0-29-2

## हेटमाएर और उनकी पत्नी पर अनुचित टिप्पणी के कारण विवाद के घेरे में गावस्कर

**मुंबई।** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर आईपीएल के दौरान राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज शिमरोन हेटमाएर और उनकी पत्नी पर अवांछित टिप्पणी करने के कारण विवाद के घेरे में आ गए। गावस्कर ने यह टिप्पणी हेटमाएर को लेकर की जो अपने बच्चे के जन्म के बाद परिवार के साथ समय बिताकर टीम में लौटे। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ शुक्रवार को मैच के दौरान राजस्थान ने 151 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पांच विकेट गंवा दिए थे। गावस्कर ने कमेंट्री बॉक्स में कहा , हेटमाएर की पत्नी ने डिलिवर किया तो क्या अब हेटमाएर रॉयल्स के लिए डिलिवर करेंगे। इस बयान के लिए ट्विटर पर गावस्कर की काफी निंदा हो रही है। हेटमाएर की पत्नी ने 10 मई को बेटे को जन्म दिया।

## सरबनी को सरिता स्वर्ण

**भुवनेश्वर।** ओडिशा की सरबनी नंदा और उत्तर प्रदेश की सरिता रोमित सिंह ने शनिवार को यहां कलिंगा स्टेडियम में इंडियन ग्रां प्री 3 में क्रमश: महिलाओं की 200 मीटर और तारगोला फेंक (हैमर थ्रो) स्पर्धाओं में आसानी से स्वर्ण पदक हासिल किया। खास बात यह है कि इन दोनों एथलीटों की उम्र 31 साल है। सरबनी ने जून 2018 के बाद घरेलू सरजमीं पर अपनी पहली राष्ट्रीय स्तर की दौड़ में 24.04 सेकंड में 200 मीटर की दौड़ जीती।

# जीत के साथ सत्र समाप्त करना चाहेंगे हैदराबाद और पंजाब किंग्स

**भाषा।** मुंबई

सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स दोनों की प्लेऑफ उम्मीदें खत्म हो चुकी हैं जिससे अब दोनों ही टीमें रविवार को एक दूसरे के खिलाफ अंतिम मुकाबले में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र का अंत जीत से करना चाहेंगी। दोनों टीमें तब प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई थीं जब गुरूवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने शीर्ष पर चल रही गुजरात टाइटन्स को हरा दिया था। सनराइजर्स हैदराबाद अपने कप्तान केन विलियमसन के बिना होगी जो अपने दूसरे बच्चे के जन्म के लिए न्यूजीलैंड लौट गए हैं। उनकी अनुपस्थिति में या तो भुवनेश्वर कुमार या फिर निकोलस पूरण के सत्र के अंतिम मैच में कप्तानी की जिम्मेदारी संभालने की उम्मीद है। सनराइसर्ज हैदराबाद ने लगातार पांच मैचों में मिली हार का सिलसिला मुंबई इंडियंस पर तीन रन की करीबी जीत से तोड़ा था जबकि पंजाब किंग्स को दिल्ली कैपिटल्स से 17 रन की हार का सामना करना पड़ा था। बल्कि अगर मयंक अग्रवाल की टीम के सत्र के प्रदर्शन की बात की जाए तो यह काफी अनिरंतर रहा जिसमें टीम लगातार दो मैच नहीं जीत सकी। आरसीबी को 54 रन से हराने के बाद पंजाब को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ करो या मरो के मुकाबले में बल्लेबाजी क्रम के चरमराने से हार मिली। पंजाब की बल्लेबाजी इकाई का प्रदर्शन अनिरंतर रहा और अगर उन्हें बड़ा स्कोर बनाना है या फिर बड़े स्कोर का बचाव करना है तो एकजुट होकर प्रदर्शन करना होगा। अगर उसके स्टार बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो और लियाम लिविंगस्टोन, शिखर धवन नहीं चल पाते हैं तो पंजाब के पास जितेश शर्मा हैं जो बड़े स्कोर तक पहुंचा सकते हैं या फिर मैच खत्म कर सकते हैं। गेंदबाजी विभाग में तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा (22) इस सत्र के सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले तेज गेंदबाजों में शामिल हैं। अर्शदीप सिंह (10) ने भी यार्कर डालने की काबिलियत से प्रभावित किया है, विशेषकर अंतिम ओवरों में। सनराइजर्स लगातार पांच मैच जीतकर शीर्ष दो में पहुंचने की ओर बढ़ती दिख रही थी लेकिन उनके मुख्य गेंदबाज वाशिंगटन सुंदर और टी नटराजन के चोटिल होने से उनका अभियान पटरी से उतर गया और टीम को लगातार पांच मैचों में हार का सामना करना पड़ा। कप्तान विलियमसन भी फॉर्म में वापसी नहीं कर सके।

## भारत के पूर्व कबड्डी खिलाड़ी उदय चौटा का निधन

**मेंगलुरु।** भारत के पूर्व कबड्डी खिलाड़ी उदय चौटा का संक्षिप्त बीमारी के बाद शनिवार तड़के यहां निधन हो गया। उदय ने 2007 कबड्डी विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने कर्नाटक सरकार द्वारा स्थापित प्रतिष्ठित एकलव्य पुरस्कार के अलावा राज्य और जिला स्तर के कई सम्मान हासिल किए थे। उनके परिवार मे पत्नी, एक बेटा और एक बेटी है। करीबी सूत्रों के मुताबिक, उन्हे ब्रेन हैमरेज हुआ था और वे कुछ समय से अस्वस्थ थे।

## विम्बलडन से खिलाड़ियों को नहीं मिलेंगे रैंकिंग अंक

**पेरिस।** महिला और पुरूष पेशेवर टेनिस टूर इस साल विम्बलडन के लिए रैंकिंग अंक प्रदान नही करेगा क्योंकि ऑल इंग्लैंड क्लब ने यूक्रेन पर हमले के कारण रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों को प्रतिबंधित कर दिया है। डब्ल्यूटीए और एटीपी ने इस फैसले की घोषणा शुक्रवार की रात को की। फ्रेंच ओपन के शुरू होने से दो दिन पहले ही यह घोषणा की गई है और विम्बलडन एक महीने बाद 27 जून से शुरू होगा।

## वुड्स ने पीजीए चैम्पियनशिप में कट हासिल किया

**तुलसा (ओकलाहोमा)।** स्टार गोल्फर टाइगर वुड्स ने दर्द के बावजूद यहां सदर्न हिल्स मे पीजीए चैम्पयनशिप के दूसरे दौर में एक अंडर 69 का कार्ड खेलकर कट हासिल किया। वुड्स का कुल स्कोर तीन ओवर पार हो गया है और वह एक शॉट से कट लाइन के अंदर रहने मे सफल रहे। कार दुर्घटना के बाद पैर की सर्जरी के बाद वापसी करने वाले वुड्स ने पिछले महीने मास्टर्स टूर्नामेंट में वापसी की थी। उन्होने इसमे कट हासिल किया लेकिन इसके बाद वह पीजीए चैम्पियनशिप की तैयारियों के लिए किसी अन्य टूर्नामेंट मे नही खेले।

## अपने प्रतिद्वंद्वियों के 90 प्लस थ्रो से परेशान नहीं हूं : नीरज

**नई दिल्ली।** ओलंपिक चैम्पियन भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा का कहना है कि अपने प्रतिद्वंद्वियो के सत्र की शुरूआत मे बेहतरीन प्रदर्शन से वह परेशान नही है लेकिन उन्होने कहा कि वह भी इस साल 90 मीटर का थ्रो फेंकना चाहेंगे। मौजूदा विश्व चैम्पियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स और तोक्यो ओलंपिक रजत पदक विजेता चेक गणराज्य के जाकूब वालेच ने 13 मई को दोहा डायमंड लीग मे क्रमशः 93 . 07 और 90 . 88 मीटर के थ्रो फेंके। चोपड़ा ने तुर्की मे अपने अभ्यास केंद्र से आनलाइन बातचीत मे कहा , मै दूरी का दबाव नही लेता।

## एटीकेएमबी ने बसुंधरा को रौंदा, कोलाको की हैट्रिक

**कोलकाता।** भारतीय टीम के युवा फॉरवर्ड लिस्टन कोलाको की हैट्रिक गोल के दम पर एटीके मोहन बागान (एटीकेएमबी) ने एएफसी (एशियाई फुटबॉल परिसंघ) कप मे बांग्लादेश की टीम बसुंधरा किंग्स को 4-0 से हरा कर अंतर-क्षेत्रीय सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदो को बरकरार रखा है। गोकुलम केरल से बुधवार को ग्रुप डी के पहले मैच मे हार का सामना करने के बाद एटीके मोहन बागान को इस मैच में जीत की जरूरत थी। तेज हवाओ ने साल्ट लेक स्टेडियम के कुछ हिस्सो को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके कारण मैच को 11वे मिनट के खेल के बाद लगभग एक घंटे तक रोकना पड़ा। कोलाको ने नौ मिनट (25वे और 34वे मिनट) के अंदर दो गोलकर के बांग्लादेश प्रीमियर लीग की चैपियन टीम पर दबाव बना दिया।

# चयन की दावेदारी में मलिक व मोहसिन शामिल

## ● द. अफ्रीका श्रृंखला के लिए टीम पर माथा पच्ची, कार्तिक व धवन की वापसी हो सकी है

**भाषा।** मुंबई



**दक्षिण अफ्रीका** के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए जब रविवार को भारतीय टीम का चयन किया जाएगा तो उभरते हुए स्टार जैसे उमरान मलिक और मोहसिन खान को उनके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया जा सकता है जबकि अनुभवी शिखर धवन और दिनेश कार्तिक के टी20 टीम में वापसी की संभावना है। आल राउंडर हार्दिक पंड्या ने भी आईपीएल में अच्छा करके अपनी फॉर्म और फिटनेस दिखाई है जिससे नौ जून से शुरू हो रही पांच मैचों की श्रृंखला के लिए उनका भी टीम में शामिल किया जाना तय है। वह पिछले साल टी20 विश्व कप के बाद से भारत के लिए नहीं खेले हैं। पंड्या आखिरकार नियमित रूप से गेंदबाजी कर रहे हैं जो राष्ट्रीय टीम में उनकी वापसी की कोशिश के लिए अहम था। दो महीने लंबे आईपीएल और टेस्ट टीम के 15 जून को रवानगी के कारण सभी प्रारूपों में खेलने वाले खिलाड़ियों को घरेलू श्रृंखला के लिए आराम दिया जा सकता है जिसमें रोहित शर्मा, विराट कोहली, ऋषभ पंत और जसप्रीत बुमराह शामिल हैं। जून के अंत में आयरलैंड में होने वाले दो टी20 के लिए भी ऐसी ही टीम चुने जाने की उम्मीद है। अगर ऐसा होता है तो कप्तानी की जिम्मेदारी या तो धवन या हार्दिक के कंधों पर आ सकती है। धवन ने पिछले साल श्रीलंका में टीम की अगुआई की थी जबकि पंड्या ने गुजरात टाइटन्स के लिए पदार्पण सत्र में कप्तान के तौर प्रभावित किया है। आईपीएल से भविष्य के स्टार खिलाड़ियों का मिलना जारी है और यह सत्र भी अलग नहीं रहा। उमरान ने हैदराबाद के लिए अपनी रफ्तार से तो मोहसिन खान ने अपनी रफ्तार और सटीक गेंदबाजी से प्रभावित किया। जैसा कि लखनऊ सुपर जायंट्स के उनके कप्तान लोकेश राहुल ने कहा कि बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज की शीर्ष स्तर के क्रिकेट में हमेशा मांग रहेगी तो मोहसिन को रविवार को बड़ा ब्रेक मिल सकता है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाजों में एक और अर्शदीप सिंह भी दौड़ में हैं जिन्होंने फिर से पंजाब किंग्स के लिए अच्छा प्रदर्शन किया। डेथ ओवरों में उनका इकोनोमी रेट सर्वश्रेष्ठ में से एक रहा और उन्होंने इच्छानुसार यार्कर फेंकने की भी क्षमता दिखाई जो टी20 प्रारूप के लिए बेहद अच्छी है। बल्लेबाजी में तिलक ने अपने पहले ही आईपीएल सत्र में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है और दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला के लिए उन पर भी विचार किया जा सकता है क्योंकि उनके मुंबई कप्तान रोहित (जो भारतीय टीम के कप्तान भी हैं) ने इस बाएं हाथ के बल्लेबाज की काफी प्रशंसा की है। दीपक और वेंकटेश को वेस्टइंडीज और श्रीलंका श्रृंखला में मध्यक्रम में आजमाया गया था और देखना होगा कि इनमें से कोई टीम में अपना स्थान बरकरार रखता है या फिर चयनकर्ता आईपीएल फॉर्म को तरजीह देंगे।

# मोदी ने बधिर ओलंपिक दल की मेजबानी करते हुए कहा, आपने गौरवान्वित किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने एक से 15 मई तक ब्राजील के कैक्सियस डो सुल में आयोजित बधिर ओलंपिक में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले भारतीय दल की शनिवार को मेजबानी की। खिलाड़ियों के साथ बातचीत के दौरान मोदी ने कहा कि खिलाड़ियों ने देश का गौरव और मान बढ़ाया है। उन्होंने अपने आधिकारिक निवास पर खिलाडि़यों की मेजबानी के बाद फोटो साझा करते हुए ट्विटर पर लिखा, मैं अपने उन चैंपियनों के साथ बातचीत को कभी नहीं भूलूंगा, जिन्होंने डेफलंपिक में भारत का गौरव और मान बढ़ाया है। एथलीटों ने अपने अनुभव साझा किए और मैं उनमें जुनून और दृढ़ संकल्प देख सकता था। उन सभी को मेरी शुभकामनाएं। उन्होंने कहा, हमारे चैंपियनों के कारण है कि मौजूदा डेफलंपिक भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ रहा है। इस कार्यक्रम में खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी भाग लिया। भारतीय बधिर ओलंपिक टीम 16 पदक के साथ पहली बार तालिका में शीर्ष 10 देशों में शामिल हुई। टीम ने 2017 में सिर्फ पांच पदक हासिल किए थे। ब्राजील में भारतीय दल ने 11 खेल स्पर्धाओं में से पांच में जीत हासिल की।



## हमारी टीम ने 10 से 15 रन कम बनाए: धोनी

**मुंबई।** राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र के अपने आखिरी मैच को पांच विकेट से गंवाने के बाद चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने कहा कि उनके बल्लेबाजों ने 10 से15 रन कम बनाए। राजस्थान ने जीत के लिए मिले 151 रन के लक्ष्य को दो गेंद शेष रहते हासिल कर लिया। चेन्नई के लिए 19 गेंद में अर्धशतक पूरा करने वाले मोईन अली ने 57 गेंद की पारी में 93 रन बनाए।धोनी ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, बीच के ओवरों में जल्दी-जल्दी विकेट गंवाने का खामियाजा टीम को भुगतना पड़ा।

## सीएसके जीतने के लिए अच्छा नहीं कर सकी: फ्लेमिंग

**मुंबई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग को लगता है कि उनकी टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में करीबी मैचों में जीत दर्ज करने के लिए अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी। आईपीएल की सबसे सफल टीमों में से एक चार बार की चैम्पियन सीएसके का अभियान नौंवे स्थान पर समाप्त हुआ ।

# सिंधू थाईलैंड ओपन के सेमीफाइनल में हारी

**भाषा।** बैंकाक



**भारत की** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू शनिवार को यहां सेमीफाइनल में ओलंपिक चैम्पियन और दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी चेन यु फेई से सीधे गेम में पराजित होकर थाईलैंड ओपन से बाहर हो गईं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू तीसरी वरीयता प्राप्त चेन से 43 मिनट में 17-21 16-21 से हार गई जिससे उनका सुपर 500 टूर्नामेंट में शानदार सफर खत्म हो गया। छठी वरीय सिंधू का इस मैच से पहले चेन के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 6-4 था लेकिन वह चीन की इस खिलाड़ी के खिलाफ वैसा दमदार प्रदर्शन नहीं कर सकीं और कई

### ● फेई ने मारी बाजी

अनफोर्स्ड (सहज) गलतियां कर बैठीं। वहीं चेन ने आक्रामक बैडमिंटन खेलकर भारतीय खिलाड़ी पर जीत हासिल की। पिछली बार चेन से 2019 बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में हार मिली थी। सिंधू पहले गेम में 3-3 की बराबरी के बाद ब्रेक तक 7-11 से पिछड़ रही थीं। चेन ने रैलियों से दबदबा बनाना जारी रखा और सिंधू के नेट पर और दूर लगे शॉट का फायदा उठाते हुए 17-12 की बढ़त बना ली। सिंधू ने क्रास कोर्ट रिटर्न से कुछ अंक जुटाए और स्कोर 15-17 कर दिया लेकिन चीन की खिलाड़ी ने सिंधू के शॉट का फायदा उठाकर अंक जुटाया।

## बहरीन पैरा बैडमिंटन : भगत और ढिल्लों ने स्वर्ण पदक जीते, भारत के लिए कई पदक तय

**नई दिल्ली।** पैरालंपिक चैम्पियन प्रमोद भगत ने शनिवार को मनामा मे बहरीन पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता मे दो स्वर्ण पदक जीते और भारतीय बैडमिंटन टीम कई पदक जीतने की ओर अग्रसर है। भगत को पुरूष एकल एसएल3 फाइनल मे इंग्लैंड के चिर प्रतिद्वंद्वी डेनियल बेथेल से वॉकओवर मिला जबकि उन्होंने मनीषा रामदास के साथ मिलकर मिश्रित युगल एसएल3-एसयू5 वर्ग के फाइनल मे थाईलैंड के सिरपोंग टीमारोम और साएनसुपा निपाडा की जोड़ी को 21-4 21-11 से पराजित किया। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी भगत ने एसएल3 सेमीफाइनल मे हमवतन और पैरालंपिक कांस्य पदक विजेता मनोज सरकार पर 21-16 21-14 से जीत दर्ज की थी। तरूण ढिल्लो भी पुरूष एकल एसएल4 फाइनल में स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्होंने कोरिया के शिन क्यूंग हवान को फाइनल मे 21-9 21-9 से शिकस्त दी थी। उन्होंने सेमीफाइनल मे थाईलैंड के सिरपोंग टीमारोम को 21-14 21-15 से हराया था। महिला एकल मे मंदीप कौर (एसएल3) को फाइनल मे हलीमे यिल्डिज से 5-21 17-21 की हार से रजत पदक से संतोष करना पड़ा। उन्होंने शीर्ष वरीय और हमवतन मानसी जोशी को सेमीफाइनल मे 21-18 21-14 से हराकर उलटफेर किया था। अन्य मुकाबलो मे ढिल्लो और नितेश कुमार ने पुरूष युगल एसएल3-एसएच4 के सेमीफाइनल मे जीत दर्ज की और फाइनल मे उनका सामना थाईलैंड के मोगजोन बुनसुन और सिरिपोंग टीमारोम की जोड़ी से होगा।

## अब्राहम के दो गोल, रोमा ने टोरिनो को हराकर यूरोपा लीग में स्थान पक्का किया

**तूरिन।** टैमी अब्राहम के दो गोल की मदद से रोमा ने तोरिनो पर सीरी ए मैच मे 3-0 की जीत से अगले सत्र की यूरोपा लीग मे अपना स्थान पक्का किया। अगले हफ्ते यूरोपा कांफ्रेंस लीग फाइनल से पहले यह उसके लिए तैयारी मुकाबला रहा। अब्राहम ने सीरी ए मे अपनी टीम के अंतिम मैच में पहले हाफ मे 33वे और 42वे मिनट मे गोल दागे। इंग्लैंड के इस खिलाड़ी के सभी प्रतियोगिताओ मे 26 गोल हो गए है और इटली के क्लब के साथ उनका पहला सत्र शानदार रहा।

## फाइनल से पहले रियाल मैड्रिड को बेटिस ने ड्रा पर रोका

**मैड्रिड ।** रियाल मैड्रिड को चैम्पियंस लीग फाइनल से पहले अपने अंतिम मैच मे रियाल बेटिस ने स्पेनिश लीग मुकाबले मे गोल रहित ड्रा पर रोक दिया। रियाल मैड्रिड 28 मई को पेरिस मे लिवरपूल से भिड़ेगी जहां टीम रिकॉर्ड 14वां यूरोपीय खिताब हासिल करने की कोशिश करेगी। रियाल मैड्रिड की यही टीम इस मुकाबले मे उतरेगी। रियाल मैड्रिड ने हफ्तो पहले स्पेनिश लीग जीत ली थी और कोच कार्लो एंसेलोटी तब से टीम को रोटेट कर रहे है। उन्होने अगले हफ्ते फ्रांस जाने से पहले तैयारियो के लिए अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम मैदान पर उतारी।

## प्रज्ञानानंदा ने विश्व चैंपियन कार्लसन को हराया

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानानंदा रमेशबाबू ने चेसेबल मास्टर्स ऑनलाइन रैपिड शतरंज टूर्नामेंट के पांचवे दौर मे विश्व चैम्पियन को मैग्नस कार्लसन को शिकस्त दी। इस 16 साल के भारतीय खिलाड़ी की मौजूदा सत्र मे नॉर्वे के दिग्गज ग्रैंड मास्टर पर सत्र की दूसरी जीत है। उन्होंने तीन महीने पहले भी कार्लसन को हराया था। चेन्नई के खिलाड़ी ने शुक्रवार को कार्लसन की एक बड़ी गलती का फायदा उठाते हुए तीन अहम अंक हासिल किए। इस जीत वह नॉकआउट दौर मे जगह के लिए बनाए रखने के दौड़ मे बने हुए है।वह हालांकि इस जीत से संतुष्ट नही दिखे। उन्होंने कहा, मै इस तरह से जीत दर्ज नही करना चाहता था।

## सुधीर शर्मा बने भारतीय रोइंग टीम के मैनेजर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के सचिव सुधीर शर्मा को विश्व कप रोइंग चैंपियनशिप के लिए चयनित भारतीय रोइंग टीम का मैनेजर बनाया गया हैं। उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन चयन समिति के चेयरमैन आदित्य मिश्रा ;आईपीएसए डीजी पुलिसद्ध ने बताया कि बेलग्रेड ;सर्बियाद्ध में होने वाली विश्व कप रोइंग चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम 23 मई को हैदराबाद सें बेलग्रेड के लिए रवाना होगी। उन्होंने कहा कि सुधीर शर्मा का भारतीय टीम का मैनेजर बनाया जाना उत्तर प्रदेश के लिए गर्व की बात है। सुधीर शर्मा इससे पहले भारतीय डाइविंग टीम के कोच के रुप में ढाकाए कोलंबो व हांगकांग में भाग ले चुके है।

## आनंद ने पोलैंड सुपरबेट रैपिड शतरंज टूर्नामेंट जीता

**वारसॉ।** पूर्व विश्व चैम्पियन विश्वनाथन आनंद ने सुपरबेट रैपिड एंव ब्लिट्ज पोलैंड शतरंज टूर्नामेंट के रैपिड वर्ग मे एक दौर का खेल बाकी रहते शनिवार को जीत दर्ज कर ली। भारतीय के दिग्गज ग्रैंड मास्टर ने छह जीत और दो ड्रॉ मुकाबले से रैपिड वर्ग का खिताब अपने नाम किया। शुरुआती दो दिनो मे पांच जीत और एक ड्रॉ खेलने वाले आनंद ने सातवें दौर मे रोमानिया के डेविड गैवरिलेस्कू को 25 चालो मे हार मानने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने अगले दौर मे अमेरिका के दिग्गज फैबियानो कारुआना खिलाफ 27 चाल के खेल के बाद ड्रॉ पर सहमति जता दी।आनंद ने गुरुवार को शुरुआती दौर मे पोलैंड के राडोस्लाव वोताजेक, अमेरिका के वेसली सो को और यूक्रेन के एंटोन कोरोबोव को मात दी थी। उन्होंने इसके अगले दिन यूक्रेन के किरिल शेवचेंको को शिकस्त देने के बाद अनुभवी लेव एरोनियन पर शानदार जीत हासिल की। उनके लगातार पांच जीत के सिलसिले को स्थानीय खिलाड़ी जन-क्रिज्स्टॉफ डूडा ने छठे दौर के मैच को ड्रॉ करके खत्म किया। रैपिड वर्ग के नौ दौर के बाद खिलाड़ी दो दिन तक ब्लिट्ज वर्ग के मुकाबले खेलेंगे जिसमे हर खिलाड़ी बाकी नौ से दो बार भिड़ेगा।

## भारत ने एफआईएच महिला प्रो लीग के लिए सविता की अगुवाई में टीम की घोषणा की

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत ने जून** में बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले एफआईएच (अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ) प्रो लीग मैचों के यूरोपीय चरण के लिए शनिवार को सविता पूनिया के नेतृत्व में 24 सदर्स्यय महिला हॉकी टीम का चयन किया। भारतीय टीम स्पेन और नीदरलैंड में एक से 17 जुलाई तक खेले जाने वाले एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप से पहले 11 से 22 जून तक प्रो लीग के छह मैच खेलेगी। भारतीय टीम 11 और 12 जून को एंटवर्प में मेजबान बेल्जियम के खिलाफ खेलने के बाद नीदरलैंड के रॉटरडैम में अर्जेंटीना (18 और 19 जून) और अमेरिका (21 और 22 जून) का सामना करेगी।

# भारतीय पुरुष कम्पाउंड टीम ने जीता लगातार स्वर्ण

## ● तीरंदाजी विश्व कप : भारद्वाज को रजत पदक

**भाषा।** ग्वांग्जू (दक्षिण कोरिया)



भारतीय पुरूष कम्पाउंड तीरंदाजी टीम ने शनिवार को फाइनल में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए फ्रांस को दो अंक से पछाड़कर विश्व कप चरण में लगातार स्वर्ण पदक जीता। वहीं मोहन भारद्वाज ने भी विश्व कप व्यक्तिगत रजत पदक जीतने के दौरान मौजूदा विश्व चैम्पियन निको विएनर को हराकर उलटफेर करके सुर्खियां बटोरीं। इससे भारतीय कम्पाउंड तीरंदाजों ने अपने रिकर्व साथियों से कहीं बेहतर प्रदर्शन दिखाया। ओलंपिक में शामिल रिकर्व स्पर्धा में भारतीय तीरंदाजों ने अपना अभियान एक दिन पहले एकमात्र कांस्य पदक (महिला टीम स्पर्धा में) से समाप्त किया था। लेकिन कम्पाउंड स्पर्धा में भारत ने शनिवार को एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीतकर विश्व कप चरण दो में अपना अभियान पांच पदक से समाप्त किया। कम्पाउंड वर्ग में एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य से कुल चार पदक मिले जिससे उन्होंने टॉप्स समर्थित रिकर्व तीरंदाजों की तुलना में दबदबे भरा प्रदर्शन किया। भारत ने दिन की शुरूआत पुरूष कम्पाउंड टीम की शानदार वापसी से की जिसमें उन्होंने फ्रांस को 232-230 से शिकस्त देकर स्वर्ण पदक जीता। यह फाइनल विश्व कप के पहले चरण के फाइनल का दोहराव रहा। अभिषेक वर्मा, अमन सैनी और रजत चौहान की चौथी वरीय तिकड़ी पहले दो दौर में छठी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी से पिछड़ रही थी। लेकिन तीसरे दौर में भारतीय तिकड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्रांस के गोंटियर, बलूच और केंटिन को 232-230 से शिकस्त देकर विश्व कप के दूसरे चरण में स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाला। अप्रैल में अंताल्या में हुए पिछले विश्व कप फाइनल में इसी भारतीय तिकड़ी ने फ्रांस को एक अंक से पराजित किया था। अभिषेक ने कहा, यह हमारा इस सत्र में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक है। हम तुर्की में सर्वश्रेष्ठ थे और हमने फिर इसे साबित किया। हम खुश हैं। चौहान ने कहा, हम फ्रांस की रणनीति जानते और उनकी क्षमता से भी वाकिफ थे।